CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :40°C
न्यूनतम: 24°C

मुरादाबाद, सोमवार 20 अप्रैल 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 244 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2083 1 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



विपक्ष का आचरण लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ: योगी पेज 2



आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फटी, अब उन्हें बाहर बैठना पड़ेगा खेल टाइम्स



इस साल लोगों को झुलसाएगी गर्मी सम्पादकीय



ईरान से युद्ध एपस्टीन विवाद से ध्यान भटकाने की चाल: कमला हैरिस पेज 12

# ट्रम्प की ईरान को आखिरी धमकी

## इस्लामाबाद वार्ता से पहले कहा: समझौते नहीं माने, तो तमाम पावर प्लांट और पुलों को उड़ा देंगे

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे आक्रामक रुख अख्तियार किया है। उन्होंने ईरान को सैन्य तबाही की चेतावनी दी है। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान ने मौजूदा समझौते की शर्तों को स्वीकार नहीं किया, तो अमेरिका उसके तमाम पावर प्लांट और पुलों को जमींदोज कर देगा।

ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में गोलीबारी कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने बताया कि ईरानी हमलों का निशाना फ्रांस और ब्रिटेन के जहाज बने हैं। ट्रम्प के मुताबिक, ईरान का यह कदम उसकी हताशा को दर्शाता है। इस तनाव के बीच ट्रम्प ने कूटनीतिक रास्ते का आखिरी विकल्प भी खुला रखा है। अमेरिकी प्रतिनिधियों का एक दल सोमवार शाम पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद पहुंच रहा है। वहां ईरान के साथ निर्णायक बातचीत होनी है। ट्रम्प ने कहा कि यह ईरान के पास आखिरी मौका है। ईरान की ओर से होर्मुज स्ट्रेट को बंद करने की घोषणा पर तंज कसते हुए ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी नाकेबंदी ने उसे पहले ही बंद कर रखा है। इससे ईरान को रोजाना 50 करोड़ डॉलर का भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर के जहाज अब तेल और माल लोडिंग के लिए अमेरिका के टेक्सास, लुइसियाना और अलास्का के बंदरगाहों का रुख कर रहे हैं, जिससे अमेरिका को कोई नुकसान नहीं है। ट्रम्प ने अपने चिर-परिचित अंदाज में कहा कि पिछले 47 वर्षों से जो काम किसी राष्ट्रपति ने नहीं किया, उसे अब वो अंजाम देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर डील नहीं हुई, तो ईरान के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह तबाह कर दिया जाएगा।



■ ईरान ने होर्मुज में फायरिंग कर मौजूदा युद्धविराम समझौते की धज्जियां उड़ा दीं : ट्रम्प

## होर्मुज स्ट्रेट किसी बेवकूफ के ट्वीट पर नहीं खुलेगा

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच दक्षिण अफ्रीका में स्थित ईरानी दूतावास ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सोशल मीडिया के जरिये तीखा हमला किया है।

एक वायरल समुद्री ऑडियो क्लिप को लेकर दूतावास ने ट्रम्प को निशाना बनाते हुए विवाद खड़ा कर दिया। यह पूरा मामला उस कथित ऑडियो के सामने आने के

■ ईरान ने ऑडियो संदेश जारी कर अमेरिकी राष्ट्रपति को चिढ़ाया

बाद शुरू हुआ, जिसे इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गाड्‌र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना का रेडियो संदेश बताया जा रहा है। इस ऑडियो में इडियट शब्द सुनाई देता है, जिसे लेकर -**शेष पृष्ठ दो पर**

## ट्रम्प हमसे परमाणु अधिकार छीनने वाले कौन: ईरान

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान के परमाणु अधिकारों को रोकने का कोई हक नहीं है। ईरानी न्यूज एजेंसी इसना के मुताबिक, पेजेशकियान ने कहा कि ट्रम्प कहते हैं कि ईरान अपने परमाणु अधिकारों का इस्तेमाल नहीं कर सकता, लेकिन यह नहीं बताते कि किस जुर्म में। वह कौन होते हैं किसी देश को उसके अधिकारों से वंचित करने वाले।

पेजेशकियान का यह बयान ऐसे समय आया है जब युद्धविराम की समयसीमा खत्म होने वाली है। अमेरिका-ईरान के बीच बातचीत में अभी भी गतिरोध बना हुआ है। दोनों के बीच मतभेद ईरान के परमाणु कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के नियंत्रण को लेकर हैं।

■ ईरानी राष्ट्रपति बोले: हम युद्ध नहीं चाहते, सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे, अमेरिका पर हमें भरोसा नहीं

पजशकियन ने दोहराया कि ईरान युद्ध नहीं चाहता है। सिर्फ आत्मरक्षा में कदम उठा रहा है। उन्होंने अमेरिका और इजरायल पर नागरिक ढांचे को निशाना बनाने का आरोप लगाया और इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया। इससे पहले ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाघेर ने कहा था कि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकता हैं। हालात कभी भी बिगड़ सकते है। वहीं ईरान ने एक बार फिर -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोड सेफ्टी निर्देश किए जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों में एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए। बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2 प्रतिशत हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30 प्रतिशत है। ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवम्बर 2025 को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था। इन दुर्घटनाओं का कारण सिस्टम की लापरवाही और बुनियादी ढांचे का फेल्योर था, जिसके कारण ये मौतें हुईं। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार कोई

■ कहा: एक्सप्रेसवे खतरे के गलियारे नहीं बनने चाहिएं
■ इन सड़कों पर भारी वाहन पार्किंग न हो

भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर पार्क नहीं होगी, रुकेगी नहीं, सिवाय किसी तय जगह, ले-बाय, या सड़क किनारे की सुविधा वाली जगह के। निर्देश को लागू करने का काम एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिये किया जाएगा। इसमें राज्य पुलिस को रियल-टाइम अलर्ट भेजना, जीपीएस टाइमस्टैम्प वाले फोटो सबूत और इंटीग्रेटेड ई-चालान बनाना शामिल है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया, राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का पालन करना होगा। संबंधित जिलों के कलेक्टर एक स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) तय करेंगे। इनका पालन 60 दिन के अंदर किया जाना चाहिए। किसी भी नेशनल हाईवे के राइट ऑफ वे के अंदर किसी भी नए ढाबे, खाने की जगह या कमर्शियल इमारत का निर्माण और संचालन तुरंत प्रभाव से रोक दिया जाए।

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 18 की मौत, छह घायल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में रविवार को धमाका हुआ। फायर एंड रेस्क्यू विभाग के मुताबिक, हादसे में अब तक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। हादसे के समय फैक्ट्री में 30 मजदूर काम कर रहे थे। 6 लोगों को गंभीर घायल होने के कारण अस्पताल ले जाया गया, जबकि कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई जा रही है। दमकल, पुलिस और राहत टीमें मौके पर पहुंचकर मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं। फिलहाल विस्फोट की वजह साफ नहीं है। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने एक्स पर लिखा कि इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। मैं मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### वर्धा और राजनांदगांव में तापमान 45 डिग्री

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी-पश्चिमी राज्यों और मध्य भारत में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो गया है। शनिवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव और महाराष्ट्र के वर्धा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। शनिवार को देश के 10 सबसे गर्म शहरों में यूपी का बांदा 44.6, तेलंगाना का आदिलाबाद 44.3, महाराष्ट्र के नागपुर-अमरावती 44.2 और मध्य प्रदेश का रतलाम 44 डिग्री सेल्सियस भी शामिल रहा। राजस्थान, यूपी, मध्य प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के कई शहरों में तापमान 43 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रहा। यानी मई से पहले ही तापमान में जबरदस्त बढ़ोतरी हो गई है। मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़, ओडिशा और झारखंड में रात को भी लू चलने का अलर्ट जारी किया है। दरअसल इन राज्यों में लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा है। झारखंड के रांची में चिड़ियाघर के जानवरों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाए गए हैं। ओडिशा के 9 जिलों के स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### भारत-रूस में रक्षा समझौता, एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तैनात करेंगे

**मास्को/नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच रेसिप्रोकल एक्सचेंज ऑफ लॉजिस्टिक सपोर्ट (आरईएलओएस) रक्षा समझौता अब लागू हो गया है। इसके तहत दोनों देश एक-दूसरे की जमीन पर 3000 सैनिक तक तैनात कर सकेंगे। साथ ही 5 युद्धपोत और 10 सैन्य विमानों की तैनाती की भी अनुमति दी गई है। दोनों देशों की सेनाएं एक-दूसरे के मिलिट्री बेस, एयरबेस और बंदरगाहों का इस्तेमाल कर सकेंगी, जिससे लंबे समय तक सैन्य तैनाती और ऑपरेशन आसान होंगे। डील में लॉजिस्टिक सपोर्ट भी शामिल है। इसके तहत ईंधन, पानी, मरम्मत, तकनीकी संसाधन और अन्य जरूरी सप्लाई उपलब्ध कराई जाएंगी। वहीं, विमानों के लिए एयर ट्रैफिक कंट्रोल और फ्लाइट से जुड़ी सेवाएं भी मिलेंगी। यह समझौता फरवरी 2025 में साइन हुआ था और दिसम्बर 2025 में रूस ने इसे मंजूरी दी।

## संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा उजागर: मोदी

**कोलकाता।** पीएम मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है। बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं है।

बीते 2-3 दिनों में देश की संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा भी साफ-साफ नजर आया है। देश की बहन और बेटियों को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने पर चर्चा हुई, लेकिन टीएमसी ने इस कानून को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में टीएमसी का महिला-विरोधी रुख खुलकर सामने आया है। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में

■ तृणमूल सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है, बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं: प्रधानमंत्री

महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संसद में चर्चा हुई। हालांकि, टीएमसी ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन नहीं किया। टीएमसी का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य विधानसभा में उनसे सवाल करेंगी। महिला विधायकों की संख्या जितनी अधिक होगी, टीएमसी द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई हिंसा के कृत्यों के उजागर होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी।

## चारधाम यात्रा का आगाज, गंगोत्री व यमुनोत्री के कपाट खुले

### प्रधानमंत्री मोदी के नाम से दोनों धामों में की गई पहली पूजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**उत्तरकाशी।** गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट रविवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इसके साथ ही उत्तराखंड की चारधाम यात्रा 2026 का भी शुभारंभ हो गया है। दोनों धामों में प्रधानमंत्री के नाम से पहली पूजा की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार रविवार को मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची। गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ 12 बजकर 15 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गए। मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची। धार्मिक विधि-विधान के साथ 12 बजकर 35 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए। गंगोत्री धाम के कपाटोद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने मां गंगा के मंदिर -**शेष पृष्ठ दो पर**



■ गंगोत्री धाम में कपाटोद्घाटन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने की विशेष पूजा-अर्चना
■ सुरक्षित और सुव्यवस्थित चारधाम यात्रा के लिए राज्य में किए गए हैं व्यापक प्रबंध: सीएम

### कांग्रेस ने भाजपा मुख्यालय के समीप किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण संशोधन विधेयक के मुद्दे को लेकर कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय के समीप जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए और केंद्र सरकार पर महिलाओं के मुद्दे पर गंभीर नहीं होने का आरोप लगाया। प्रदर्शन में जयराम रमेश, दीपेंद्र सिंह हुड्डा, देवेंद्र यादव, अलका लांबा समेत कई सांसद और नेता मौजूद रहे। कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बीजेपी ने जिस तरह महिलाओं को गुमराह करने की कोशिश की है, उससे उनकी महिला विरोधी मानसिकता साफ झलकती है। उनका असली उद्देश्य महिला आरक्षण के नाम पर परिसीमन लागू करना था। कांग्रेस पार्टी तब तक चैन से नहीं बैठेगी जब तक देश में महिला आरक्षण लागू नहीं हो जाता।

## पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

पहलगाम, वार्ता

**पहलगाम आतंकी** हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आसपास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें। पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक क्यूआर कोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं। दरअसल, पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन वैली में 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी। इनमें 25 टूरिस्ट और एक पोनी राइडर शामिल था। हमले के कारण जम्मू-कश्मीर में टूरिस्ट ने आना बंद कर दिया था। लगभग 50 टूरिस्ट स्पॉट बंद कर दिए गए थे। बाद में सिक्योरिटी ऑडिट के बाद कुछ स्पॉट दोबारा खोले गए। पहलगाम में वेरिफिकेशन के बाद ही टूरिस्ट और वेंडरों को एंट्री दी जा रही है। हर टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। जगह-जगह जवान तैनात हैं, ताकि हर एक मूवमेंट पर नजर रखी जा सके। सीआरपीएफ के जवान लगातार टूरिस्ट स्पॉट्स और



■ टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए

आसपास के इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे हैं। पहलगाम में मौसम खराब होने के बावजूद टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। जम्मू-कश्मीर के बाहर से आकर यहां काम करने वाले वेंडरों का भी पुलिस ने पूरा वेरिफिकेशन किया है, ताकि सुरक्षा में कोई कमी न रहे। इसी वजह से उन्हें अलग-अलग क्यूआर कोड दिए गए हैं। इन क्आर कोड में व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, पूरा पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, रजिस्ट्रेशन नंबर, काम का क्षेत्र दर्ज होता है। साथ ही यह जानकारी भी होती है कि उसका पुलिस वेरिफिकेशन हुआ है या नहीं। पहलगाम में काम करने वाले सभी लोग जैसे पोनी राइड चलाने वाले, फोटोग्राफर, वेंडर और अन्य को जांच के बाद ही क्यूआर कोड दिए गए हैं।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्ष

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके। इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था।

हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते। नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसकी बड़ी वजह हाल ही में लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन बिल है।

■ दोबारा नोटिस देंगे, मार्च में एक बार खारिज हो चुका, अब 200 सांसदों का समर्थन जुटाएंगे

### चुनाव आयोग सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी सामग्री पर सख्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 2026 में विधानसभा चुनावों और उपचुनावों के दौरान सोशल मीडिया पर गैर-कानूनी, भ्रामक और एआई जनित सामग्री का उपयोग करने और चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए सख्त नियम लागू किए। आयोग ने कहा कि सभी संबंधित पक्षों को मौजूदा कानूनी प्रावधानों, जैसे कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 और के अनुसार सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म का जिम्मेदारी से और नैतिक रूप से इस्तेमाल सुनिश्चित करना चाहिए।

## एक नजर

### परशुराम का प्रकटोत्सव मनाया



**चांदपुर।** भगवान विष्णु के अवतार परशुराम का प्रकटोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। यज्ञ अनुष्ठान को भगवान को स्मरण किया गया। पंडित गुरु नेतराम के मंदिर में भगवान विष्णु के अवतार चिरंजीवी परशुराम का वैशाख शुक्ल तृतीया को प्रकटोत्सव बड़े आनंद के साथ मनाया गया। इस अवसर पर यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया गया। शिक्षाविद गुप्तेश्वर पांडे ने यज्ञ में आहुतियां दिलाई। पंडित योगेश शर्मा ने भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर समाज का उत्थान करने का आह्वान किया। पंडित संदीप कौशिक ने अपने समाज के उत्थान के लिए एकजुट होने की बात पर बल दिया। पंडित राजेंद्र त्यागी ने कहा कि भगवान परशुराम ने हमेशा न्याय का साथ एवं अन्याय का जमकर विरोध किया। यज्ञ के यजमान मुकेश मोहन शर्मा एवं लवली शर्मा से पत्नीक रहे। कार्यक्रम में निर्मल पांडे, संदीप कौशिक, अशोक शर्मा ठेकेदार, विश्वेश शर्मा, योगेश शर्मा, गोलू पांडे, शैलेंद्र शर्मा, जगत शर्मा, प्रमोद शर्मा, नमन कौशिक, कृष्ण कुमार, ज्ञान वर्मा, बाबूराम शर्मा, पीयूष शर्मा, सुधीर कौशिक, अजय कुमार कौशिक, सुनील शर्मा, टेकचंद शर्मा, जगदीश गिरी, जितेंद्र शर्मा, राजेंद्र त्यागी, मूल शंकर मिश्रा, सुधीर कौशिक, श्यामबाबू गुप्ता, दीपक गर्ग, दीपक कौशिक, राजेश शर्मा, प्रभात मिश्रा, देवांश सारस्वत, सुरेंद्र शर्मा, नितिन वशिष्ठ आदि ने भाग लिया।

### भगवान ऋषभ देव का जन्मोत्सव मनाया



**नहटौर।** पंचकल्याणक माहोत्सव के दूसरे दिन जैन समाज द्वारा भगवान ऋषभदेव का जनमोत्स्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू होकर सराय जोखा सिंह, धर्मशाला, होलियान, चौधरियान, मुख्य बाजार से होती हुई जैन विधा मंदिर इंटर कालेज पहुचीं। शोभायात्रा में सौधर्म इंद्र, इंद्राणी हाथियों व बग्गियों में सवार थे। जिन्हें देखने के लिए लोग उत्सुक नजर आए। बाहर से आए बैंड की धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते चल थे। शोभायात्रा में सबसे चल रहा गौरीला के साथ लोगों ने जमकर सेल्फी ली। शोभायात्रा के जैन कालेज पहुचने पर स्थित पांडुक शिला पर श्री जी का जलाभिषेक किया गया। सभासद पंकज जैन, रजत जैन, अनंत जैन, शुभ जैन, राजीव जैन, लोकेश जैन, सुकेश जैन, अशोक जैन, अनुराग जैन, डा. अंकुर जैन, अर्चित जैन, यश जैन, राजेश जैन, वंश जैन, अनिता जैन, अलका जैन, निशा जैन, संध्या जैन, शालू जैन, रिया जैन, शुभम जैन, सिद्धार्थ जैन, पूनम जैन, नेहा जैन, मोहित जैन, संदीप जैन, अनिल जैन, सुनील जैन, पुनीत जैन, निकुंज जैन, नितिन जैन, सौरभ जैन, विवेक जैन, सुमन जैन, शैलेंद्र जैन, आशु जैन, सपन जैन, शुभम जैन, नूतन जैन, रेखा जैन, शालिनी जैन, राखी जैन, संध्या जैन, प्रियांशी जैन, शिखा जैन, सुलेखा जैन, अलका जैन, हेमा जैन आदि मौजूद रहे।

### परशुराम जन्मोत्सव पर हवन-यज्ञ



**किरतपुर।** श्री विश्वकर्मा शिव मंदिर में भगवान श्री विष्णु के छठें अवतार परशुराम जी का जन्मोत्सव तृतीय वर्ष बड़े हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही। सुबह 10 बजे पंडित सूर्यदीप शर्मा के नेतृत्व में विधि-विधान से हवन-पूजन संपन्न हुआ। हवन के उपरांत विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान सुभाष चंद्र शर्मा रहे। पंडित सूर्यदीप शर्मा ने कहा कि त्रेतायुग में अक्षय तृतीया के पावन दिन जन्म लेने के कारण भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय मानी जाती है। उन्होंने बताया कि परशुराम जी को भगवान विष्णु का आवेशावतार भी कहा जाता है। भगवान परशुराम जी की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सतीश चंद्र शर्मा, शिवकुमार शर्मा, प्रमोद शर्मा एड., विपिन विश्वकर्मा, वीनीत शर्मा, सुभाष चंद्र शर्मा, अनुराग श्रीवास्तव, पवन चंद्र शर्मा, राजीव गुप्ता, पूरन चौहान, बृजेश शर्मा, जुगत किशोर शर्मा, पुनीत शर्मा, बाबूराम सहित अन्य गणमान्य लोग एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# एक और गुलदार पिंजरे में कैद

## 15 मार्च को बालिका अदिति पर किया था हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मुकर्रमपुर में आज सुबह वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में गुलदार कैद हो गया। यह गुलदार गांव में स्थित एक पटाखा फैक्ट्री के पास पकड़ा गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार 15 मार्च को ग्राम मुकर्रमपुर को अतुल कुमार की बेटी अदिति पर हमला कर उसे मार डाला था। इस घटना के बाद से ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। गुलदार के पिंजरे में कैद होने की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने गुलदार को सुरक्षित रूप से धामपुर रेंज कार्यालय पहुंचाया। डिप्टी वन रेंजर हरदेव सिंह ने इसकी पुष्टि की है। इसी स्थान से कुछ ही दूरी पर 13 दिन पहले भी एक गुलदार पकड़ा गया था। इसके अलावा, इसी क्षेत्र में एक गुलदार का शावक भी मृत अवस्था में मिला था।

एक ही स्थान पर लगातार तीन गुलदारों की मौजूदगी से ग्रामीण चिंतित हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी है और क्षेत्र में गुलदारों की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए आगे की कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया है।

गांव मुकर्रमपुर में 15 मार्च को मुकर्रमपुर के अतुल कुमार की बेटी अदिति को गुलदार ने हमला कर मार डाला था।

## स्मार्ट मीटर बना जी का जंजाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** नगर में लगाए गए स्मार्ट मीटर अब लोगों के लिए राहत नहीं, बल्कि बड़ी मुसीबत बनते जा रहे हैं। लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने आम उपभोक्ताओं की कमर तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि कई परिवार अब बिजली कनेक्शन कटवाने तक के लिए मजबूर हो रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिल पहले के मुकाबले कई गुना बढ़ गए हैं। जहां पहले सामान्य बिल आता था, वहीं अब उपभोक्ताओं को हजारों रुपये का झटका लग रहा है। कई उपभोक्ताओं ने यह भी शिकायत की है कि मीटर रीडिंग में पारदर्शिता नहीं है और बिल समझ से परे हैं।

नगर के सैकड़ों लोगों ने ताया हमने कभी इतना बिजली इस्तेमाल नहीं किए है, फिर भी बिल दोगुना-तीन गुना आ रहा है। शिकायत करने पर कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शिकायत दर्ज कराने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा। उल्टा, बकाया दिखाकर कनेक्शन काटने की चेतावनी दी जा रही है, जिससे लोगों में डर और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। इसी बीच, बढ़ते बिजली बिलों से परेशान होकर अब लोग सोलर ऊर्जा की ओर रुख कर रहे हैं। नगर में सोलर पैनल लगाने की मांग तेजी से बढ़ रही है। लोग इसे महंगे बिजली बिल से छुटकारा पाने का एकमात्र विकल्प मान रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि स्मार्ट मीटर की जांच कराई जाए और उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो लोगों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

## चिकित्सक से अभद्रता के बाद नोडल अधिकारी का ट्रांसफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** महिला चिकित्सक के क्लीनिक पर रात में जांच करने के नाम पर महिला चिकित्सक से अभद्र व्यवहार प्रकरण सुर्खियों मे आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने नोडल अधिकारी केपी सिंह का भले ही ट्रांसफर कर दूसरे नोडल अधिकारी को नियुक्त कर दिया है, लेकिन विभागीय कोई कार्यवाही ना होना स्वास्थ्य विभाग पर कई सवाल खड़े कर रहा है।

गौरतलब है कि 15 अप्रैल को स्थानीय मौहल्ला फतेहनगर निवासी डा. सना खान के अस्पताल में लगभग रात 10:30 बजे तीन व्यक्ति जिन्होंने क्लीनिक खुलवा कर चैकिंग करने के नाम पर उनसे अभद्र व्यवहार कर अपशब्दों का प्रयोग किया था।

### विभागीय कार्यवाही न होने पर सवाल

महिला डॉक्टर ने सीएमओ से पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी घटनाओं से सुरक्षा प्रदान करने की मांग की थी।

स्वास्थ्य विभाग ने नोडल अधिकारी केपी सिंह का नगीना के लिए ट्रांसफर कर दिया गया। जबकि उनकी जगह दूसरे नोडल अधिकारी प्रमोद देशवाल को नियुक्त कर दिया गया है।

उधर नोडल अधिकारी केपी सिंह पर कोई विभागीय कार्यवाही ना होने को लेकर महिला चिकित्सक मे आक्रोश है।

## महावीर सभा की बैठक, नवगठित कार्यकारिणी को शपथ दिलाई

**बिजनौर।** महावीर सभा की बैठक नई बस्ती स्थित बलवंत सिंह जैन भवन के सभागार में अध्यक्ष डा. सूर्यमणि रघुवंशी की अध्यक्षता एवं मंत्री गणेश ठाकुर एड. के संचालन में आयोजित की गई। बैठक में पूर्व वर्षों की भांति संस्था द्वारा चलाए जा रहे स्कूलों के रख-रखाव, संस्था के भवनों में रहने वाले किराएदारों की सूची तैयार करने एवं भवनों की सुव्यवस्था बनाए रखने आदि विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण भी कराया गया। जिसमें महावीर सभा के संस्थापक नीरज चौधरी, प्रधान डा. सूर्यमणि रघुवंशी, उप प्रधान डा.सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' मंत्री गणेश ठाकुर एड., उपमंत्री राकेश सिंह, कोषाध्यक्ष छत्रपाल सिंह, ऑडिटर धर्मवीर सिंह एड. एवं सदस्य डा.महाराज सिंह, लाखन सिंह, भूदेव सिंह, सुशील कुमार शर्मा एवं सतीश चंद त्यागी शामिल रहे। इस मौके पर भवन से संबंधित सभी किराएदारों के साथ अति शीघ्र बैठक करने का भी निर्णय लिया गया।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विचार गोष्ठी

## यूजीसी के विरोध में आवाज बुलंद करने पर जोर




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिजनौर।** अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित परशुराम जन्मोत्सव पर वक्ताओं ने विप्र समाज को मजबूत करने एवं यूजीसी के विरोध में आवाज बुलंद करने पर जोर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार बिजनौर आर्य समाज के सभागार में डा. सुबोध चंद्र शर्मा की अध्यक्षता एवं स्टेट बैंक के सेवा. निवृत मैनेजर पंडित अजय शर्मा व ब्राह्मण महासभा के जिला अध्यक्ष डा.सत्येंद्र शर्मा 'अंगिरस' के संयुक्त संचालन में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा एड. ने कहा कि जनपद में सर्वसमाज के इष्ट देव एवं पूर्वजों के नाम पर बनाए जा रहे चौक व द्वार यथा स्थान पर बने रहने चाहिए। श्री शर्मा ने अन्य किसी उपयुक्त स्थान पर पंडित मदन मोहन मालवीय एवं मंगल पांडे के नाम पर भी द्वार बनाए जाने की जनप्रतिनिधियों से मांग रखी। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा बनाए गए यूजीसी कानून का सवर्ण समाज के लोगों को साथ लेकर हमारा विरोध जारी रहेगा, जब तक इस कानून को समाप्त नहीं किया जाता। उन्होंने सदर विधायक द्वारा नगर में बनाए गए भगवान परशुराम द्वार एवं नगर पालिका द्वारा परशुराम चौक बनाए जाने का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कृष्णवीर शर्मा फौजी ने कार्यक्रम के आयोजन की प्रशंसा करते हुए 10 मई को चांदपुर में आयोजित विशाल ब्राह्मण सम्मेलन में सभी से सपरिवार सहभागिता की अपील की। अन्य वक्ताओं में जिला महामंत्री यतेंद्र कुमार शर्मा, पवन कुमार शर्मा एड, राजीव कुमार शर्मा, सुनील भारद्वाज, नीरज तिवारी एड., डा. मंजू चौधरी, मनोज उपाध्याय एड., नीरज शर्मा आदि ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न नगरों में प्रत्येक समाज के महापुरुषों के नाम पर चौराहों का नाम रखना एवं द्वार बनाना सराहनीय कार्य है। इससे हमारी भावी पीढ़ी को भी महापुरुषों के विषय में जानकारी मिलना निश्चित है।

कार्यक्रम के आरंभ में मंचास. ीन अतिथियों द्वारा भगवान परशुराम एवं मां सरस्वती के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित कर फूल माला अर्पित की गई। डा. अनुपम शर्मा ने सरस्वती वंदना कर भगवान परशुराम की स्तुति की। पूर्व ट्रेजरी ऑफिसर पंडित सत्य प्रकाश शर्मा को विप्र समाज के प्रति समर्पित रहने पर प्रशस्ति पत्र एवं मैडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रधानाचार्य रेवा दत्त शर्मा, मोहित गौड़, अवनीश गौड़, विनोद शर्मा, वैभव, विनोद शर्मा, राजेंद्र शर्मा, डा. रोशन लाल शर्मा, अंकुर गौतम, सुनील भारद्वाज, राजेंद्र गौतम, डा. गजेंद्र शर्मा, सुषमा शर्मा, नेहा शर्मा, दिनेश चंद्र शर्मा, सुशील शर्मा, सुचारू भारद्वाज एड., पंकज शर्मा, डीके कौशिक, महेश चंद शर्मा, आशीष गौड़, नरेश शर्मा, अमरपाल शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्य सत्येंद्र शर्मा, प्रधानाचार्य डा. मोहित शर्मा, राजीव दानी, दीपेंद्र त्यागी, आलोक भारद्वाज, टीसी शर्मा, संदीप शर्मा आदि का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों विप्र बंधुओं ने कार्यक्रम के समापन पर भगवान परशुराम जी की आरती एवं ब्राह्मण समाज की एकता के उद्घोष के साथ सहभोज का आनंद लिया।

## एक नजर

### शवों के घर पहुंचते ही मचा कोहराम





**नहटौर।** झारखंड के गिरिडीह जनपद में हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले नहटौर निवासी ट्रक चालक मौहम्मद राशिद और परिचालक साहिल के शव आज उनके पैतृक निवास पहुंचे। शवों के घर पहुंचते ही परिजनों में गम का माहौल छा गया। मौहल्ला मंगू चरखी निवासी मौहम्मद राशिद और कोटद्वार निवासी परिचालक साहिल एक ट्रक लेकर कोलकाता जा रहे थे। गुरुवार की सुबह झारखंड के गिरिडीह जनपद में तीन ट्रकों की टक्कर हो गई थी। इस हादसे में राशिद और साहिल दोनों की मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के तीन दिन बाद आज दोपहर करीब एक बजे दोनों के शव एंबुलेंस के जरिए उनके घरों पर लाए गए। बताया जा रहा है कि दोनों के शवों को एक ही गाड़ी में लाया गया था। मौहम्मद राशिद का शव नहटौर के मंगू चरखी पहुंचते ही वहां भारी भीड़ जमा हो गई। उनके परिजनों का दुख स्पष्ट दिखाई दिया। वहीं, परिचालक साहिल के शव को उसके पैतृक निवास कोटद्वार भेज दिया गया। एंबुलेंस के चारों ओर लोगों की भारी भीड़ जमा थी, जो इस घटना से प्रभावित थे। स्थानीय निवासियों ने इस घटना पर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

### मेधावी विद्यार्थी सम्मानित



**अफजलगढ़।** ग्राम मानियावाला स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया तहफीजुल कुराआन हुसैनिया इस्लामिक एकेडमी में वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपनी कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदरसे के मोहतमिम हजरत कारी अली हुसैन ने की। संचालन मौलाना मौहम्मद आजम ने किया। इस मौके पर मेहमान ए खुसूसी समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद ने तालीम की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि बड़े फक्र की बात है कि हमारे क्षेत्र में मदरसा इस्लामिया अरबिया तहफीजुल कुराआन हुसैनिया इस्लामिक एकेडमी में अरबी के साथ-साथ इंग्लिश, हिंदी, उर्दू भाषाओं के कक्षा भी चलाई जाती हैं। जिससे बच्चे दीन और दुनिया की तालीम हासिल कर अपने जीवन व राष्ट्र निर्माण में सहयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका चेयरपर्सन पति जावेद विकार, नहटौर से जिला पंचायत सदस्य मौहम्मद रिजवान, समाजसेवी हाजी अब्दुल कादिर, एसएम असलम, डा. अल्ताफ हुसैन साबरी, हकीम हाजी मौहम्मद अय्यूब, हाजी रईसुद्दीन, मौलाना जियाउल हसन, सिराजुद्दीन मलिक, शेख मौहम्मद यूसुफ, शोऐब मंसूरी, मुफ्ती रिजवान, मौलाना दानिश, कारी शरीफ, मौलाना शोऐब, नवाब सलमानी, नईम अहमद अंसारी, हाफिज मौहम्मद आलम, हाफिज अमीर नवाज आदि ने शिरकत कर बच्चों की हौसला अफजाई फरमाई। इस मौके पर ताइक्वांडो बाल खिलाड़ी एसएम जैद को मदरसा की जानिब से शिल्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

### अभद्र टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**धामपुर।** पुलिस ने करणी समाज के प्रति अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 18 अप्रैल को वादी द्वारा थाना धामपुर में तहरीर दी गई थी कि ग्राम जितनपुर निवासी राजन पुत्र हरपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर करणी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक और अभद्र टिप्पणी की है। इस शिकायत के आधार पर थाना धामपुर में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार्रवाई करते हुए आज आरोपी राजन को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार शामिल रहे। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई जारी है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**ट्रम्प हमसे...**

अपनी सैन्य क्षमता को लेकर बड़ा दावा किया है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने कहा कि उनके बलों ने करीब 180 ड्रोन को निष्क्रिय किया और अमे. रिकी एफ-35 स्टेल्थ फाइटर जेट को भी निशाना बनाया। उन्होंने इसे कोई एक बार की घटना नहीं बताते हुए कहा कि यह ईरान की तकनीकी और रणनीतिक क्षमता का उदाहरण है।

ईरान की समाचार एजेंसी के अनुसार गालिबाफ ने यह बयान वाशिंगटन के साथ चल रही अप्रत्यक्ष वार्ता की वर्तमान स्थिति पर अधिकारियों को जानकारी देते हुए दिया। गालिबाफ ने कहा कि एफ-35 जैसे आधुनिक फाइटर जेट को निशाना बनाना दिखाता है कि ईरान रक्षा तकनीक के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उनके मुताबिक, यह कार्रवाई कई स्तरों पर योजनाबद्ध थी। हालांकि, ऐसे दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पहले भी अमे. रिका इन दावों को खारिज करता रहा है। कुछ रिपोर्ट्स में यह जरूर सामने आया था कि एक अमेरिकी एफ-35 को मिशन के दौरान नुकसान पहुंचा और उसे इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। ईरान ने दावा किया कि उसने अमेरिका और उसके सहयोगियों से जुड़े लगभग 180 ड्रोन को भी मार गिराया। इससे पहले भी ईरान कई बार बड़ी संख्या में ड्रोन इंटरसेप्ट करने की बात कह चुका है। यह बयान ऐसे समय आया है जब क्षेत्र में ड्रोन और एयर ऑपरेशन युद्ध का अहम हिस्सा बन चुके हैं। गालिबाफ ने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत में कुछ मुद्दों पर सहमति बनी है, लेकिन कई बड़े मतभेद अभी भी बाकी हैं। उन्होंने दावा किया कि पश्चिमी देशों का दबाव काम नहीं आया, जिसके बाद अब बात. चीत का रास्ता अपनाया जा रहा है। ईरानी स्पीकर ने हालिया युद्धविराम को लेकर कहा कि यह ईरान की रणनीतिक जीत का परिणाम है, जबकि अमेरिका ने इसे अलग नजरिए से स्वीकार किया। उन्होंने यह भी कहा कि अमे. रिका अपने उद्देश्यों जैसे शासन परिवर्तन या ईरान की सैन्य क्षमता को खत्म करनामें सफल नहीं हो पाया।

**होर्मुज स्ट्रेट...**

सोशल मीडिया पर अलग-अलग दावे किए गए। कुछ लोगों ने इसे ईरान के विदेश मंत्री के लिए बताया, लेकिन ईरानी दूतावास ने इन दावों को खारिज कर दिया। प्रिटोरिया स्थित ईरानी मिशन ने ट्रम्प को इडियट करार दिया है। दूतावास ने दावा किया कि वायरल मैसेज में इस्तेमाल किया गया शब्द ट्रम्प के लिए था, न कि ईरान के किसी अधिकारी के लिए। वायरल ऑडियो में आईआरजीसी नौसेना की ओर से जहाजों को चेतावनी दी गई है कि होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह ईरान के नियंत्रण में है। समुद्री चैनल 16 पर जारी संदेश में कहा गया कि इस महत्वपूर्ण मार्ग को खोलने का फैसला केवल ईरान के शीर्ष नेतृत्व के आदेश से होगा, किसी बाहरी दबाव से नहीं। इसके साथ ही यह भी कहा गया कि जो जहाज इस मार्ग से गुजरना चाहते हैं, उन्हें ईरानी नौसेना से अनुमति लेनी होगी।

आईआरजीसी ने साफ शब्दों में कहा है कि यदि कोई जहाज बिना अनुमति स्ट्रेट पार करने की कोशिश करता है, तो उसे निशाना बनाया जा सकता है। खासतौर पर उन जहाजों को लेकर चेतावनी दी गई है, जिनका संबंध ईरान के विरोधी देशों से है। ईरान ने आरोप लगाया है कि अमेरिका ने युद्धविराम की शर्तों का पालन नहीं किया और ईरानी जहाजों व बंदरगाहों पर लगी पाबंदियां नहीं हटाई। इसी के जवाब में होर्मुज स्ट्रेट को पूरी तरह बंद करने का फैसला लिया गया है।

**चार धाम यात्रा...**

में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की और देव डोली से आशीष भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पावन अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो चुका है। उत्तराखंड के चारधाम देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख केन्द्र हैं, और इन दिव्य धामों के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त करने की इच्छा हर श्रद्धालु के हृदय में रहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुगम चारधाम यात्रा के लिए राज्य सरकार द्वारा व्यापक और सुदृढ़ व्यवस्थाएं की गई हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रयास किए गए हैं। साथ ही, यात्रा मार्गों पर सुचारू यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि देवभूमि उत्तराखंड में आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को दिव्य धामों का आशीर्वाद प्राप्त होने के साथ-साथ यात्रा का एक सुखद, सुरक्षित और अविस्मरणीय अनुभव मिले।

# लंबित मामलों को निपटाने के लिए प्रौद्योगिकी को सावधानी से अपनाने का सुझाव

**नई दिल्ली, वार्ता**

**राजधानी में आयोजित सम्मेलन में विशेषज्ञों ने रखे विचार**

न्यायिक क्षेत्र पर राजधानी में आयोजित एक सम्मेलन में विशेषज्ञों ने भारत में लंबित मामलों के भारी बोझ से निपटने, विधि शिक्षा में सुधार करने और न्याय को अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने के लिए मध्यस्थता, तकनीक और सावधानी के साथ कृत्रिम मेधा (एआई) को प्रभावी साधन बताया।

सिल्फ (सोसाइटी ऑफ इंडियन लॉ फर्म्स) ने एसएलपी (सोसाइटी ऑफ लीगल प्रोफेशनल्स) के सहयोग से 'लीगल कॉन्क्लेव एंड अवॉर्ड्स 2026' का आयोजन ष्सभी के लिए किफायती और सुलभ-न्याय पर केंद्रित था। न्याय प्रणाली को मजबूत करने के लिए रचनात्मक आलोचना और स्वस्थ बहस की आवश्यकता के महत्व पर मुख्य अतिथि और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मनमोहन ने कहा कि जब प्रणाली की कमियों की ओर ध्यान दिलाया जाता है, तो उसका उद्देश्य सुधार करना होता है, न कि निंदा करना। उन्होंने उभरते मुद्दों पर स्वस्थ बहस को बढ़ावा देने को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने तकनीक को दोधारी तलवार बताते हुए कहा कि इसका उपयोग इसे वरदान या अभिशाप बना सकता है, इसलिए इसे केवल एक सहायक के रूप में देखा जाना चाहिए। लंबित मामलों की समस्या को रेखांकित करते हुए न्यायमूर्ति मनमोहन ने सुझाव दिया कि कानूनी समुदाय को इस पर विचार करना चाहिए कि क्या मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) प्रणाली, जिसे कभी समाधान माना गया था, अब स्वयं समस्या बन गई है। उन्होंने विशेष रूप से वैवाहिक मामलों में मध्यस्थता की उल्लेखनीय सफलता का उल्लेख करते हुए इसकी अपार संभावनाओं पर जोर दिया।

# समलैंगिकों के पोलो एप का शौक पड़ा भारी, लूट

## पुलिस ने चार आरोपियों को पकड़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समलैंगिकों के पोलो एप को इस्तेमाल करने का शौक बुजुर्ग को भारी पड़ गया। बेबी आईडी के माध्यम से पोलो एप का मजा ले रहे बुजुर्ग को लूट लिया गया। पुलिस ने काजीपाड़ा के चार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि दो फरार हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला चाहशीरी बी 21 निवासी विशाल भटनागर पुत्र विरेन्द्र भटनागर ने 18 अप्रैल को शहर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी थी कि 17 अप्रैल को मोनिस और उसके तीन साथियों ने उसके पिता के साथ मारपीट कर डरा-धमका कर एक सोने की अंगूठी और एक चांदी की चैन छीन ली। साथ ही डरा-धमका कर फोन पे का पासवर्ड पूछ कर उनके पिता के मोबाइल से 65 हजार रुपए अलग-अलग खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए गए। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 299/2026 धारा 309 (6) बीएनएस में पंजीकृत किया था। इस मामले में पुलिस ने मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी मोनिस पुत्र अनवार अहमद, समीर पुत्र रईस, आकिल पुत्र अमीर अहमद एवं अनस पुत्र सईद को गिरफ्तार कर लिया। इनसे अंगूठी, चैन व 42,380 रुपए नकद भी बरामद कर लिए गए। जबकि मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी फरदीन पुत्र लियाकत एवं फरहान पुत्र असलम फिलहाल पुलिस की पकड़ में नहीं आए है। पुलिस ने अभियोग में धारा 317 (2) बीएनएस की वृद्धि की है।

पूछताछ के दौरान समीर ने बताया कि विरेन्द्र भटनागर समलैंगिकों के मजे लेने वाले पोलो ऐप से जुड़ा हुआ था। बुजुर्ग विरेन्द्र भटनागर की पहचान 'पोलो ऐप' पर 'बेबी' नाम की आईडी के माध्यम से हुई थी। इस आईडी को मौहल्ला काजीपाड़ा निवासी समीर चला रहा था। कुछ दिनों तक समीर और विरेन्द्र भटनागर के बीच खास बातचीत हुई, जो धीरे-धीरे आगे बढ़ी। मिलने का दिन, तारीख और समय तय किया गया। लेकिन समीर व उसके साथियों ने बुजुर्ग विरेन्द्र भटनागर की कमजोरी को अपने आर्थिक लाभ के लिए योजना बनाई। तय योजना के अनुसार समीर ने अपने साथी मोनिश को राम के चौराहे पर भेजा। विरेंद्र भटनागर पोलो ऐप के मुताबिक मजा लेने के लिए अपनी इच्छा से मोनिश की बाइक पर बैठ गए। इसके बाद उन्हें एक सुनसान बाग में ले जाया गया, जहां पहले से ही मौहल्ला काजीपाड़ा के रहने वाले समीर, आकिल, अनस, फरहान और फरदीन मौजूद थे। इन्होंने विरेंद्र भटनागर की सोच से उल्टा काम करते हुए उनके साथ मारपीट की। उन्हें डरा-धमकाकर चैन और अंगूठी छीन ली। उन्होंने फोन का पासवर्ड प्राप्त कर 65,000 रुपये विभिन्न खातों में ट्रांसफर करा लिए और बाद में उन पैसों को आपस में बांट लिया। शुरूआत में इज्जत की खातिर विरेन्द्र भटनागर इस मामले को किसी को बताना नहीं चाह रहे थे, लेकिन मजबूरी में उन्हें बताना पड़ा।

### तेजी के साथ बढ़ती जा रही समलैंगिकों की संख्या

**बिजनौर।** जनपद में महानगरों की बुराईयां तेजी के साथ फैल रही हैं। युवतियों व किशोरियों के साथ सेक्स करने में पकड़े जाने का डर ज्यादा रहता है। युवतियां राज खुलने पर एक तरफा इल्जाम युवकों पर ही लगा देती है। इससे बचने के लिए युवकों ने अब अपने साथियों के साथ ही अनैतिक इच्छाओं की पूर्ति करना शुरू कर दिया है। पोलो ऐप का सोशल मीडिया पर प्रचार हो रहा है। जिसके माध्यम से युवक व बुजुर्ग भी आपस में जुड़ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि पोलो ऐप का इस्तेमाल पूंजीपति घरानों के बुजुर्ग भी कर रहे हैं। अगर पोलो ऐप पर प्रतिबंध नहीं लगाया गया, तो समाज में बुराई काफी ज्यादा बढ़ जाएंगी।

# प्रीति राजपूत ने बढ़ाया गौरव

## मिसेज इंडिया का खिताब जीता




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** गुजरात में आयोजित मिसेज इंडिया प्रतियोगिता में खिताब जीत कर प्रीति राजपूत ने यह साबित कर दिया है कि भरत की जन्मभूमि और रुक्मिणी के मायके मंडावर क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है।

प्राप्त समाचार के अनुसार अहमदाबाद में मिसेज इंडिया प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें विभिन्न राज्यों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने फिटनेस राउंड, टैलेंट राउंड, वॉक और प्रश्न-उत्तर जैसे कई चरणों में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। ग्राम देवीदासवाला की प्रीति राजपूत पुत्री रामेंद्र सिंह राजपूत ने अपनी मेहनत और लगन से सभी चरणों में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह खिताब अपने नाम किया। वर्तमान में प्रीति राजपूत देहरादून में रहती हैं। उनके पति विशाल शर्मा दुकान चलाते है। जबकि प्रीति राजपूत कोचिंग सेंटर चलाती हैं। प्रीति राजपूत इंग्लिश में एमए कर चुकी हैं तथा पीएचडी भी कर रही हैं। प्रीति राजपूत का आठ वर्ष का एक बेटा वेदांत हैं। उनकी माता ऊषा देवी ने बताया कि उनकी चार बेटियों में प्रीति सबसे छोटी है। प्रीति की इस शानदार उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

# परशुराम जयंती पर शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** भगवान परशुराम वेलफेयर ट्रस्ट आदर्श नगर द्वारा शिव मंदिर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मांगों से होती हुई पुन: शिव मंदिर पर पहुंची।

यात्रा में भगवान परशुराम के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाती हुई कई झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। हवन का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में कार्यक्रम संयोजक सौरभ भारद्वाज, बलराज त्यागी, नितेश त्यागी, वरुण आत्रे, अतुल शर्मा, पूर्व प्रधान प्रभा शर्मा, अमन त्यागी, पूर्व प्रधानाचार्य महेशबल शर्मा, पंकज शर्मा, दीपक शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, नितिन त्यागी, दीपक शर्मा, सुनील शर्मा, नवीन शर्मा, अंशिका, रश्मि आदि शामिल रहीं।

## एक नजर

### सपा का सद्भावना सम्मेलन आज




**बिजनौर।** सपा का पीडीए सद्भावना सम्मेलन जिला कार्यालय में कल (आज) सुबह आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से मुरादाबाद की सपा सांसद रूचि वीरा मौजूद रहेंगी।

### मंडावली में किशोर को पकड़ा

**बिजनौर।** थाना मंडावली में वादिनी ने तहरीर दी थी कि 27 मार्च को एक किशोर अपने दो साथियों के सहयोग से उनकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शुरूआत में धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में पीड़िता के धारा 180 व 183 बीएनएस में बयान दर्ज कराए गए। जिसके अंतर्गत अभियोग में बलात्कार की धारा 64 (1), 75, 351 (2) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट की वृद्धि की गई थी। विवेचना के दौरान यह तथ्य भी प्रकाश में आया कि वादिनी द्वारा बताई गई घटना की तिथि को पीड़िता अपनी सहेली के घर स्वयं ही गई थी तथा वहीं उसने समय बिताया था। वह सहेली के घर से ही बरामद भी हुई थी। पुलिस के मुताबिक प्रकरण में पीड़िता को बहला-फुसला कर ले जाने के सबूत नहीं मिले हैं। जिसके आधार पर अभियोग में धारा 75, 137 (2) व 351 (2) बीएनएस को हटा दिया गया है। पुलिस धारा 64 (1) बीएनएस व धारा 3/4 पॉक्सो एक्ट में विवेचना कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने एक किशोर को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है।

### मंडावर में लड्डन खां का इंतकाल



**बिजनौर।** वरिष्ठ सपा नेता खुशनूद खां के ससुर मंडावर निवासी असद अली खां उर्फ लड्डन खां का आज इंतकाल हो गया। वह कैंसर की बीमारी से पीड़ित थे। उनका ऋषिकेश स्थित एम्स में उपचार चल रहा था। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही सभी गमजदा हो गए। मुरादाबाद की सांसद रूचि वीरा सहित अन्य राजनीतिज्ञों व समाजसेवियों ने उनके इंतकाल पर रंजोगम का इजहार किया है।

### छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित



**नजीबाबाद।** सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में मालती अग्रवाल स्मृति छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया । इस छात्रवृत्ति में छात्राओं की कक्षा छह से 12 तक ट्यूशन फीस नि:शुल्क रहेगी। आज परीक्षा में 25 छात्राओं ने भाग लिया। विजयी पांच छात्राओं को छात्रवृत्ति दी जाएगी। परीक्षा में शामिल सभी छात्राओं को प्रतिभाग के प्रमाण पत्र एमडी विनोद मित्तल ने दिया। उन्होंने बताया कि छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विद्यालय की पूर्व प्रबंधक स्व. मालती अग्रवाल के नाम पर हर वर्ष यह छात्रवृत्ति दी जाएगी। इस छात्रवृत्ति का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में लड़कियों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना तथा मेधावी छात्राओं की शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य आलोक अग्रवाल, एकेडेमिक डायरेक्टर आयुष मित्तल, प्रमोद मित्तल, अनु सिंघल, हुमैरा जबी, माधवी वर्मा, निधि गुप्ता आदि उपस्थित रहीं।

### लैंसडाउन का नाम बदलने की मांग

**कालागढ़।** अंग्रेजों के द्वारा रखे गए लैंसडाउन का नाम बदलने की मांग शुरू हो गई है। जिस पर सरकार ने सुझाव मांगा था। कांग्रेस प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने लैंसडाउन का नाम बदल कर वीर जसवंतगढ़ छावनी रखे जाने की मांग की है। बीती 10 अप्रैल की बोर्ड बैठक में पारित किए गए प्रस्ताव में 30 दिन के भीतर नाम परिवर्तन के बारे में आपत्तियां व सुझाव आमंत्रित किए गए हैं। आपत्ति व सुझाव मुख्य अधिशासी अधिकारी सीईओ के नाम से कैंट बोर्ड कार्यालय में लिखित और ईमेल से प्रस्तुत किए जा सकते हैं। छावनी परिषद लैंसडाउन के सीईओ हर्षित राज सिंह ने बताया कि राइफल मैन जसवंत सिंह रावत के सम्मान में यह नाम बदलने की मांग उठ रही है।

### नगीना में 'आगाज-ए-बुखारी शरीफ'

**नगीना।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध इस्लामी शिक्षण संस्थान जामिया अरबिया रशीदिया में 41वें 'आगाज-ए-बुखारी शरीफ' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शेखुल हदीस मौलाना डा. मौहम्मद सुलेमान कासमी ने सहीह बुखारी शरीफ की पहली हदीस पढ़ाकर किया। इस मौके पर मौलाना सुलेमान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता के लिए तकवा (परहेजगारी), इखलास (निष्ठा) और सही दिशा में निरंतर मेहनत अनिवार्य है। उन्होंने इमाम बुखारी के जीवन का उदाहरण देते हुए बताया कि गुनाहों से बचाव और अल्लाह पर अटूट विश्वास ही ज्ञान को लाभकारी बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन को सुन्नत के अनुसार ढालने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में जामिया के महतमिम मौलाना डॉ. खलीक अहमद कासमी व अन्य गणमान्य उलेमा की मौजूदगी में मुल्क व कौम की प्रगति के लिए सामूहिक दुआ की गई।

# घर में घुसकर युवती पर चाकू से हमला



## सुपारी लेकर हत्या करने की बात स्वीकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मीमला मुस्तफाबाद से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक युवक ने घर में घुसकर युवती पर चाकू से हमला कर दिया। मामले में अब एक नया मोड़ आया है, आरोपी ने हत्या के लिए सुपारी लेने की बात स्वीकार की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज दोपहर को ग्राम मीमला मुस्तफाबाद में युवती नाहिद उर्फ गोलो अपने घर में चारपाई पर बैठी थी। तभी थाना हीमपुर दीपा क्षेत्र के ग्राम नंगला निवासी युवक घर में घुसा और उसके पेट में चाकू से वार कर दिया। युवती की चीख सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। घायल युवती को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने एक हैरान करने वाला खुलासा किया। उसने बताया कि वह खुद की मर्जी से नहीं, बल्कि एक अन्य युवक से 50 हजार रुपए की सुपारी लेकर युवती की हत्या करने आया था।इस खुलासे के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामला अब व्यक्तिगत रंजिश से बढ़कर एक बड़ी साजिश की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है और पूछताछ कर उस व्यक्ति की पहचान करने में जुटी है, जिसने हत्या के लिए पैसे दिए थे।

# समाजसेवी जैद ने बढ़ाया उत्साह

## नगीना ने गढ़ी को हराया




**डॉ. अय्यूब अंसारी**

**कासमपुर गढ़ी।** वरिष्ठ समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद ने कहा कि खेलों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। उन्होंने खिलाड़ियों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल भावना सबसे महत्वपूर्ण होती है।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय किसान यूनियन तोमर के द्वारा आयोजित किसान यूनियन कप क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन रोमांचक क्रिकेट मुकाबला देखने को मिला। यह मैच कासमपुर गढ़ी और नगीना की टीमों के बीच खेला गया। मैच बेहद रोमांचक रहा। कासमपुर गढ़ी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। लेकिन नगीना के बल्लेबाजों ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए मैच को अपने नाम कर लिया। इस दौरान मैदान दर्शकों की तालियों से गूंज उठा।

प्रतियोगिता का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी शेख मौहम्मद जैद ने किया। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उन्होंने खेल भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन और टीम वर्क की भावना भी पैदा करते है। उन्होंने क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने और खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने की बात कही।

भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के युवा प्रदेश उपाध्यक्ष (पश्चिम उत्तर प्रदेश) मौहम्मद रिजवान ने शेख मौहम्मद जैद की निस्वार्थ समाजसेवा और खेल प्रेम को देखते हुए उन्हें प्रतीक चिन्ह दे कर सम्मानित किया।

### अफजलगढ़ में संदीप गिरफ्तार

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने थाना बढ़ापुर अंतर्गत ग्राम भोगपुर खदरी निवासी संदीप सिंह उर्फ गोपी पुत्र कुलवंत सिंह को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

# स्मार्ट मीटर लगाए जाने से भाजपा को नुकसान

## आम उपभोक्ताओं में भाजपा सरकार की छवि बेहद खराब, लगातार बढ़ता जा रहा जनाक्रोश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भाजपा सरकार के द्वारा शुरू की गई स्मार्ट मीटर की योजना अब उसके गले की फांस बन गई है। स्मार्ट मीटर लगाए जाने का चौतरफा विरोध हो रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि भाजपा का वोट बैंक और महिलाएं ही इसका सबसे ज्यादा विरोध कर रही हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई स्मार्ट मीटर योजना का शुरूआत में तो विद्युत उपभोक्ताओं ने कोई विरोध नहीं किया था। लेकिन जैसे ही स्मार्ट मीटर के बिल ज्यादा आने लगे, तो उपभोक्ताओं में इसका विरोध शुरू हो गया। उपभोक्ता अपने बिलों को लेकर विद्युत अधिकारियों के पास पहुंचना शुरू हो गए। उपभोक्ता विद्युत कार्यालयों के चक्कर लगाने लगे, लेकिन बिलों में सुधार नहीं किया गया। जिससे उपभोक्ता अपना माथा पीटने लगे। लेकिन सबसे ज्यादा परेशानी उस समय हुई, जब पोस्ट पैड मीटरों को अचानक ही प्री पैड मीटरों में बदल दिया गया। उपभोक्ताओं की बत्ती गुल होने लगी। जगह-जगह विद्युत कार्यालयों में विरोध प्रदर्शन होने लगे। कई जगह उपभोक्ताओं ने स्मार्ट प्री पैड मीटरों को उखाड़ दिया। विद्युत विभाग के द्वारा जहां भी स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे थे, वहां पर उपभोक्ताओं ने सामने आ कर जोरदार ढंग से विरोध दर्ज कराया। नगीना में तो विद्युत विभाग के अधिकारियों ने विरोध कर रहे उपभोक्ताओं व उनके समर्थन में आए समाजसेवियों को पुलिस बुलाने की धमकी दी। लेकिन उपभोक्ता डरे नहीं और उन्होंने स्मार्ट मीटर लगवाने से साफ इंकार कर दिया। पूरे प्रदेश सहित जनपद में स्मार्ट मीटर का इतना ज्यादा विरोध बढ़ गया है कि इसका बुरा असर भाजपा सरकार की छवि पर पड़ रहा है। उपभोक्ता सरकार को पूंजीपतियों को हमदर्द बता कर विरोध कर रहे है। आम उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत विभाग के द्वारा सरकार के कहने पर उनका शोषण किया जा रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि सब से पहले दबे कुचले समाज व गरीबों के घरों पर स्मार्ट मीटर लगाए गए। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व पूंजीपतियों सहित सरकारी कार्यालयों में स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए। पुलिस अधिकारियों व वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के घरों पर स्मार्ट मीटर नहीं लगाए गए। विद्युत विभाग के स्टाफ ने कही पर चोरी से और कही पर उपभोक्ताओं को गुमराह कर स्मार्ट मीटर लगा दिए। उपभोक्ताओं का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर स्मार्ट मीटर नहीं लगने देंगे। उपभोक्ताओं का कहना है कि जिन के घरों व प्रतिष्ठानों में पूर्व में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए है, उन्हें भी बदला जाए और पूर्व की तरह व्यवस्था लागू की जाए। उपभोक्ताओं का कहना है कि सरकार विद्युत विभाग का निजीकरण कर विभिन्न कम्पनियों को फायदा पहुंचाना चाहती है। भाजपा सरकार अंग्रेजों की नीति पर चल रही है।




उपभोक्ताओं का कहना है कि अगर भाजपा सरकार ने स्मार्ट मीटर योजना को पूरी तरह से बंद नहीं किया और पूर्व में बदले गए मीटरों को नहीं हटाया, तो उसे आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका नुकसान उठाना पड़ेगा। जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं का कहना है कि वह अपना शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे।

ग्राम के विकास के लिए समर्पित

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी

ग्राम पंचायत रेहड़



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# देहरादून में संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत

## 'सुसाइड नोट' और 'दहेज' के बीच उलझी गुत्थी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सेलाकुई इलाके से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने सबको झकझोर कर रख दिया है। थाना नगीना देहात के ग्राम भोगली की रहने वाली 27 वर्षीय कामिनी, जो 9 साल पहले बड़े अरमानों के साथ कमालपुर भोगा के दीपक कुमार के साथ सात फेरों के बंधन में बंधी थी, उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।

शनिवार की सुबह परिवार के लिए काल बनकर आई। पति दीपक रोजाना की तरह फार्मा कंपनी में ड्यूटी पर गया था, घर में दो मासूम बच्चे और देवर शुभम मौजूद थे। तभी अचानक खबर आई कि कामिनी ने किचन में फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। मौके पर पहुंची उत्तराखंड पुलिस को कामिनी के पास से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसके आधार पर पुलिस इसे प्रथम दृष्टया आत्महत्या मान रही है। लेकिन कहानी में मोड़ तब आया, जब मृतका के पिता राज. कुमार सिंह और अन्य परिजन रोते-बिलखते देहरादून पहुंचे। परिजनों ने सीधे तौर पर इसे 'दहेज हत्या' करार दिया है।

पीड़ित परिवार में भारी आक्रोश है। उनका आरोप है कि उत्तराखंड पुलिस ने उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उधर, पुलिस का अपना ही राग है, उनका कहना है कि उन्हें अब तक कोई लिखित तहरीर ही नहीं मिली। सवाल यह उठता है कि क्या इंसाफ कागजी कार्रवाई के फेर में दब जाएगा?

आज सुबह बैराज गंगा घाट पर जब कामिनी का अंतिम संस्कार किया गया, तो वहां दोनों पक्षों के लोग मौजूद थे। माहौल में गम तो था ही, लेकिन भीतर ही भीतर सुलगता आक्रोश भी साफ दिख रहा था। मामला गर्म होते देख नगीना देहात पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। भोगली और कमालपुर भोगा, दोनों गांवों में तनाव को देखते हुए पुलिस पैनी नजर रखे हुए है ताकि कोई बड़ी झड़प न हो जाए। आखिर सात साल की इशिका और पांच साल के शिवाय के सिर से मां का साया क्यों उठा? क्या यह वाकई आत्महत्या थी या दहेज की वेदी पर एक और बेटी की बलि चढ़ गई? जांच जारी है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# जय परशुराम के उद्घोष से गूंजा शहर

## ब्राह्मण समाज ने दिखाई ताकत, फूल-मालाओं से हुआ भव्य स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** आज फिजाओं में सिर्फ एक ही नाम था, भगवान परशुराम! शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम की जयंती पर नगर की सड़कों पर जो नजारा दिखा, उसने भक्ति और उत्साह का नया इतिहास रच दिया। ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे नगर को केसरिया रंग में सराबोर कर दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह 10 बजे मौहल्ला हिंदू कटेरा स्थित खोखर नाथ महादेव मंदिर में मंत्रोच्चार के बीच हवन की आहुतियां दी गई। पूजा-अर्चना के बाद जैसे ही भगवान परशुराम की मनमोहक झांकी रवाना हुई, बैंड-बाजों की धुन पर युवा और बुजुर्ग झूम उठे। शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर व ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण वीर फौजी की गरिमामयी उपस्थिति में किया। पहाड़ी दरवाजा से शुरू होकर यह काफिला जब थाना गेट, जामा मस्जिद, बारादरी, बड़ा मंदिर मुक्तेश्वर नाथ और लोहारी सराय पहुंचा, तो हर तरफ से फूलों की बारिश हो रही थी। मंडी मौलगंज के बाजारों में तो तिल रखने की भी जगह नहीं बची थी। हर कोई अपने आराध्य की एक झलक पाने को बेताब दिखा। शाम 6 बजे जब शोभायात्रा हिंदू इंटर कॉलेज परिसर पहुंची। जहां विशाल सभा का आयोजन हुआ। मंच से वक्ताओं ने सीधे दिल पर दस्तक दी। जयकिशन शर्मा एड. की अध्यक्षता और सचिन शर्मा के धमाकेदार संचालन में वक्ताओं ने कहा, भगवान परशुराम के आदर्शों को केवल पूजना नहीं है, बल्कि उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज को नई दिशा देनी है। इस ऐतिहासिक आयोजन में ब्राह्मण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण वीर फौजी, विभोर कौशिक, अजीत सोती, संदीप शर्मा और आरएसएस नगर कार्यवाह अनमोल कंसल जैसे दिग्गजों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई। साथ ही गोपाल शर्मा, दर्शन त्रिपाठी, अनूप कौशिक, नगीना। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस और साथ-साथ चल रही थी। शोभा यात्रा खोखर नाथ महादेव मंदिर से आरम्भ हो कर हिंदू इंटर कालेज पहुंची जहां एक विचार गोष्टी आयोजन किया गया। आज सुबह करीब आठ बजे भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर खोखर नाथ महादेव मंदिर में शोभायात्रा से पूर्व पं. धर्मानंद त्रिपाठी ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कराया। जिसमें संगठन के अध्यक्ष डा. संदीप शर्मा, पं. अजित सोती, पं. प्रदीप शर्मा, राजीव सोती आदि जजमान के रूप में शामिल रहे। उसके पश्चात अपराह्न करीब तीन बजे से शोभायात्रा बैंड-बाजों व ढोल के साथ बड़े ही धूमधाम से भगवान परशुराम की कई मनमोहक झांकियों के साथ शोभायात्रा शुरू हुई, जो बाजार हिंदू कटेरा, बाजार बारादरी, सर्राफा बाजार, बाजार बड़ा मंदिर, बाजार मझलेटा, मंडी मौलगंज, नगर पालिका बाजार, गांधी मूर्ति तिराहे होते हुए हिंदू इंटर कालेज के परिसर में पहुंची। जहां विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। बाजार बारादरी डा. राजकुमार की दुकान के पास लोहिया समाज की ओर से शोभायात्रा का मिष्ठान व परशुराम का चित्र आदि देकर जोरदार स्वागत किया गया। शोभा यात्रा का शुभारंभ पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर जी व प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण सेवा समिति कृष्ण वीर फौजी ने विभोर कौशिक (जिला अध्यक्ष ब्राह्मण जागृति मंच), जय किशन शर्मा (संरक्षक ब्राह्मण सभा), संदीप शर्मा (अध्यक्ष), पंडित सचिन शर्मा (पूर्व अध्यक्ष), अनमोल कंसल (आरएसएस नगर कारवां), गोपाल शर्मा (सभासद), दर्शन त्रिपाठी, दीपक सोती, अजीत सोती, समीर शर्मा, अनूप कौशिक, सौरभ शर्मा, शिवांग शर्मा, नवदीप शर्मा, विवेक शर्मा, ललित शर्मा, राजकुमार शर्मा, उमेश शर्मा, अंकित जोशी, देवेंद्र शर्मा, अनुपम कौशिक, रिंकू शर्मा, सतीश शर्मा, परितोष कौशिक, प्रेम गौतम, शिवम शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, नितिन मिश्रा, पंडित अमित शर्मा, राजू भारद्वाज, आमोद शुक्ला, शिवम सोती, रुद्राक्ष वशिष्ठ एवं सौरभ कौशिक एड. सहित भारी संख्या में गणमान्य लोग इस जोश का हिस्सा बने।

## एक नजर

### रक्तदान शिविर को लेकर रैली



**बिजनौर।** सद्गुरु बाबा गुरवचन सिंह महाराज की याद में झालू रोड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में 24 अप्रैल को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में आज रक्तदान जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता बाइक रैली का नेतृत्व महात्मा सुरेंद्र पाल सिंह व शिक्षक आदित्य सोनू ने किया। सेवादल संचालक विनोद कुमार एड. का भी विशेष योगदान

### अक्षय तृतीया पर भंडारों का आयोजन



**स्योहारा।** अक्षय तृतीया के अवसर पर नगर में विभिन्न स्थानों पर यज्ञ पूजा-अर्चना एवं भंडारों का आयोजन किया गया। स्टेशन रोड स्थित धर्म नंदा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा पूजा-अर्चना के साथ ब्लड बैंक का शुभारंभ किया गया। हरिद्वार से आए पंडित गणेशनंद जी द्वारा विधि-विधान से यज्ञ सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर डा.मनोज वर्मा सहित नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डा. मनोज वर्मा ने कहा कि अक्षय तृतीया सेवा, दान और धार्मिक कार्यों का पर्व है। समाज को ऐसे आयोजनों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। वहीं मौहल्ला जैन स्थित रितिका मेकओवर अकादमी का भी शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ किया गया। जिसमें क्षेत्र के लोगों ने भाग लिया नगर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के चलते पूरे दिन श्रद्धा एवं उत्साह का वातावरण बना रहा।

### भगवान परशुराम जयंती मनाई



**नगीना।** रामलीला बाग स्थित विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान से संबद्ध सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को भगवान परशुराम की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विद्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें वक्ताओं ने उनके जीवन आदर्शों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान परशुराम शस्त्र और शास्त्र के अनूठे संगम थे। उन्होंने समाज को धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अंकुर कुमार चौहान ने भगवान परशुराम के जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने भैया-बहनों का आह्वान किया कि वे उनके साहस और तपस्वी जीवन से सीख लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। वहीं, कार्यक्रम सहायिका मृदुला शर्मा ने रोचक कहानियों के माध्यम से बच्चों का मार्गदर्शन किया और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। इस मौके पर विद्यालय का समस्त शिक्षक स्टाफ और विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में भगवान परशुराम की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### अक्षय तृतीया पर्व पर प्रक्षाल व शांति धारा

**नजीबाबाद।** दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में अक्षय तृतीया पर्व पर प्रक्षाल व शांति धारा राहुल जैन, राजीव जैन व पीयूष जैन ने 48 दीपक, भक्तांबर पाठ, चालीसा पाठ व सामूहिक आरती की। जैन धर्म में अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) का अत्यंत ऐतिहासिक व आध्यात्मिक महत्व है। यह पर्व प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) की लंबी तपस्या के बाद उनके प्रथम आहार (पारणा) की स्मृति में मनाया जाता है, जो तप और संयम का प्रतीक है। प्रथम पारणा (आहार दान): भगवान आदिनाथ ने एक वर्ष की कठोर निर्जल तपस्या के बाद हस्तिनापुर के राजा श्रेयांस कुमार के हाथों गन्ने के रस (इक्षु रस) से अपना पारणा किया था। अक्षय पुण्य का दिन: इस दिन किए गए त्याग, तपस्या और दान का फल 'अक्षय' (कभी न खत्म होने वाला) होता है। जैन श्रद्धालु इस दिन उपवास रखते हैं और गन्ने के रस से पारणा करते हैं, जो उस ऐतिहासिक घटना की याद दिलाता है। यह दिन नया कार्य, व्यवसाय या दान-पुण्य शुरू करने के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। तीर्थंकर की पूजा: मंदिरों में भगवान ऋषभदेव की विशेष अभिषेक व शांतिधारा की जाती है। आशा जैन, वंदना जैन, सरला जैन, रश्मि जैन, रैना जैन, स्नेहलता जैन, नेहा जैन, स्वाति जैन, निशु जैन, भाविक जैन, कुशमदनी जैन, अलका जैन सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीआईजी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज



## इंसाफ के लिए भटक रहा था परिवार

**शेख मौहम्मद युसूफ**

**अफजलगढ़।** डीआईजी के आदेश पर आखिरकार पीड़ित परिवार को इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचन्द निवासी मौहम्मद जाकिर पुत्र अमीर हुसैन का परिवार अपनी निजी संपत्ति हासिल करने के लिए दर-दर भटक रहा था। आखिरकार डीआईजी मुरादाबाद के कार्यालय में लगाई गई गुहार के बाद इंसाफ मिलने की उम्मीद जगी है। डीआईजी के आदेश पर स्थानीय पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जाकिर हुसैन ने बताया कि उसके पिता की आराजी ग्राम सीरवासुचंद के पुक्खेवाला मार्ग पर खसरा संख्या आठ में स्थित है। जिस पर नौ सितम्बर 2025 को तीसरी बार राजस्व विभाग व पुलिस बल की मौजूदगी में दीवारों का निर्माण कराया गया था। लेकिन ग्राम सीरवासुचंद निवासी सरफराज, शहजाद, शाने आलम पुत्रगण रईस, नसीम पुत्र अब्दुल रशीद, भूरे पुत्र अब्दुल रज्जाक, सुरेद्र पुत्र भरतु सिंह, राजेंद्र पुत्र महिपाल सिंह, दलबीर पुत्र रामपाल, महावीर पुत्र शिवचरन, मोहसिना पत्नी शाहिद, रुखसाना पत्नी नसीम, राबिया पत्नी अब्दुल रशीद, शाहिदा पत्नी अकरम, शकीला पत्नी रईस, अखलीमा पत्नी अली हसन, अकरम पुत्र अब्दुल सलाम, शराफत पुत्र अशरफ ने एक राय होकर 10 सितंबर 2025 की रात्रि लगभग 11 बजे दीवारों को तीसरी बार ध्वस्त कर दिया। जिसमें पीड़ित परिवार को लगभग दो लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि सरफराज शातिर भूमाफिया व हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। जिस पर थाना अफजलगढ़, नगीना व धर्मपुर (उत्तराखण्ड) थाने में दर्जन भर मुकदमें दर्ज है। उसने बताया कि नामजद सभी महिलाएं व पुरुष इसके साथी है, जो इसके गलत कार्यों में इसका भरपूर सहयोग देते है। सरफराज आदि ने उसकी निजी भूमि में जबरदस्ती रास्ता बनाकर व तानाबाना के नाम से दर्ज व सरकारी रास्ते की भूमि को भी कब्जाना चाहते है। जबकि भूमि की पैमाईश राजस्व विभाग व पुलिस बल की मौजूदगी में चार-पांच बार हो चुकी है। उसका कहना है कि हमारा रकबा लगभग तीन बिघा मौजूदा हालत में कम है। उसके बाद भी यह आरोपी उनकी निजी भूमि में कोई कार्य नहीं करने दे रहे है। साथ ही न्यायालय व उच्च अधिकारियों के आदेशों की अवहेलना कर रहे है। अफजलगढ़ थाने में इनके खिलाफ मुकदमा अपराध संख्यां 216/2025 व 288/2025 पंजीकृत हैं। मोहसिना व रुखसाना उनके परिवार को रेप आदि के झूठे मुकदमें में फसाने व उसके परिवार की जान से मारने व देख लेने की खुलेआम धमकी दे रही है। उसने बताया कि पुलिस ने शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के मद्देनजर उक्त भूमि के पास एक सीसीटीवी कैमरा अपनी मौजूदगी में लगवाया था, जिसको इन लोगों ने तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 74/2026 धारा 324 (4) व 351 (3) बीएनएस में पंजीकृत किया है।

# पड़ोसी दुकानदार की शातिर चोरी उजागर

## डुप्लीकेट चाबी बनवाकर गल्ले में लगाता रहा सेंध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** मौहल्ला मंगल बाजार में एक सनसनीखेज और शातिर चोरी का मामला सामने आया है। पड़ोसी दुकानदार ही डुप्लीकेट चाभी बनाकर पड़ौसी दुकानदार के गल्ले से चोरी करता था।

दुकानदार समसीद के पड़ोसी दुकानदार भूरा नाई ने दुकानदार के खाना खाने घर जाने का फायदा उठाकर डुप्लीकेट चाबी लगाकर बंद शटर वाली दुकान में घुसकर गल्ले से चोरी की। पूरी घटना दुकान के सीसीटीवी फुटेज में साफ कैद हो गई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी भूरा नाई को हिरासत में ले लिया है। पीड़ित दुकानदार समसीद ने बताया कि आरोपी भूरा नाई कई दिनों से लगातार इसी तरह की चोरी करता चला आ रहा था। उसने गल्ले की डुप्लीकेट चाबी पहले से ही बनवा रखी थी और जब भी दुकानदार खाना खाने के लिए घर जाता, तभी यह शातिर चोर डुप्लीकेट चाबी लगाकर आराम से दुकान में घुस जाता और गल्ले से नकदी चुरा लेता। शुरू से ही गल्ले में बार-बार होने वाली कमी से पीड़ित को आरोपी पर शक था, लेकिन इस बार सीसीटीवी फुटेज में चोरी की पूरी वारदात रिकॉर्ड हो गई। पुलिस में आरोपी को हिरासत में लिया प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कई दिनों से चोरी करने की बात स्वीकार की है।

पुलिस का कहना है कि पड़ोसी होने के नाते आरोपी दुकान की आदतों और खाना खाने के समय से पूरी तरह वाकिफ था, जिसका उसने गलत फायदा उठाया।

## एक नजर

### झालू में परशुराम जन्मोत्सव मनाया



**झालू।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर स्थानीय महामृत्युंजय मंदिर में श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संध्या समय मंदिर में आयोजित भजन-कीर्तन में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और भगवान के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। भजन-कीर्तन के दौरान श्रद्धालु पूरी तरह भक्ति में लीन नजर आए। मधुर भजनों और कीर्तन ने माहौल को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। इसके पश्चात विधि-विधान से भगवान परशुराम की आरती की गई। जिसमें उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। बड़ी संख्या में मौजूद भक्तों ने भक्तिभाव के साथ आयोजन को सफल बनाया। इस मौके पर नीरा अग्रवाल, कविता अग्रवाल, सरिता, सविता, अदिति, ध्रुव अग्रवाल, लक्ष्मी, राजू अग्रवाल एवं अमित (मोंटी) अग्रवाल सहित अनेक श्रद्धालु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### भाकियू कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपा

**नजीबाबाद।** विशाल भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीस विशाल एड. व जिलाध्यक्ष वसीम अहमद के नेतृत्व में बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता रामकुमार परमार को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि भागूवाला क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर भिक्कू में जगत सिंह के आवास के निकट एयरटेल मोबाइल कम्पनी का टावर की विद्युत आपूर्ति हेतु बनाई गई लाइन व खम्बे पोल का जमीन में गड्ढे का काफी भाग जंग खाकर गल गया है, बेगराज की खेती की जमीन पर गाड़ा गया खम्बा भी गिर गया है, दो लोहे के खम्बे पोल गिरने की अवस्था में है। उन्होंने विभाग से क्षतिग्रस्त पोलों को बदलवाने की मांग की है। एसडीएम को दिए गए दूसरे ज्ञापन में एचपी गैस एजेंसी नजीबाबाद व शकुंतला गैस एजेंसी मंडावली द्वारा बरती जा रही अनियमितताओं के कारण हो रही असुविधाओं से अवगत कराते हुए गैस बुकिंग में आ रही बाधा दूर कराने, गैस के लिए लम्बी लाइनें खत्म कराने, गैस की कालाबाजारी पर रोक लगाने, एजेंसियों के स्टॉक एवं वितरण रजिस्टरों की नियमित जांच कराने, पात्र व्यक्तियों को उज्जवल योजना का लाभ दिलाने, उपभोक्ताओं को गैस समय से उपलब्ध कराने आदि की मांग की गई।

# रंगढ़पुरा में युवक पर फायरिंग, 8 छर्रे लगने से हालत गंभीर

**किरतपुर।** ग्राम रंगढ़पुरा निवासी मुजफ्फर पुत्र मतलूब पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है।

बताया जा रहा है कि मुजफ्फर (50 वर्ष) किरतपुर से अपने घर लौट रहा था, तभी रास्ते में हमलावरों ने उस पर गोली चला दी। हमले में मुजफ्फर को करीब 8 छर्रे लगे, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को किरतपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीओ नजीबाबाद अंजनी कुमार ने बताया घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। हर पहलू से जांच की जा रही है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि घटना के पीछे कोई न साजिश भी हो सकती है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात हमलावरों की तलाश जारी है।

# आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर ब्लैकमेल करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**अफजलगढ़।** किशोरी की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर ब्लैकमेल करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम दुलीचंदपुर निवासी एक महिला ने बताया कि वह एक गृहणी हैं और उनका परिवार मेहनत-मजदूरी कर अपना भरण-पोषण करता है। उनकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को ग्राम सुआवाला निवासी एक युवक अनस सैफी पुत्र शकील अहमद सैफी लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा है। युवक ने किशोरी की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर कई फर्जी आईडी बनाकर अपलोड कर दी हैं। जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुंची है। पीड़िता के अनुसार आरोपी अलग-अलग आईडी बनाकर फोटो शेयर कर रहा है और मोबाइल फोन के जरिए लगातार कॉल व मैसेज कर गाली-गलौच कर रहा है। इतना ही नहीं, आरोपी द्वारा गंभीर धमकियां भी दी जा रही हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उनकी बेटी को जबरन अपने साथ रखने और पूरे परिवार को जान से मारने तक की धमकी दी है। घटना के बाद से परिवार दहशत में है और मानसिक रूप से बेहद परेशान है। आसपास के ग्रामीणों में भी इस मामले को लेकर आक्रोश है। पीड़िता ने पुलिस से आरोपी की सभी फर्जी आईडी की जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके। उधर थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है और सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच कर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच के आधार पर जल्द ही आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सर सैयद मेमोरियल स्कूल में छात्र सम्मानित

## रुखसार को मिली साइकिल




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** स्थानीय सर सैयद मेमोरियल जूनियर हाई स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य एवं प्रेरणादायक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता समा. जसेवी एवं विद्यालय प्रबंधक मौहम्मद शाहिद ने की, जबकि कुशल संचालन तालिब नोमानी द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य आकर्षण का केंद्र सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा रुखसार फारूक रहीं। रुखसार ने 92.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। जिसके लिए उन्हें विद्यालय प्रबंधन की ओर से साइकिल और ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया गया। अन्य मेधावियों में अयान सिराजुद्दीन 88 प्रतिशत को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में सिदरा खालिद 89.80 प्रतिशत, अरहम फारूक 85.7 प्रतिशत, नबानाज 85.7 प्रतिशत, अजमा अरशद 84.05 प्रतिशत, अलफैज नौशाद 83.07 प्रतिशत तथा अजमी शाकिर 81.8 प्रतिशत को भी ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर नवाजा गया।

प्रबंधक मौहम्मद शाहिद ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि मेहनत और लगन से ही सफलता के शिखर तक पहुंचा जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से भी बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में खालिद नौमानी ने आए हुए सभी अतिथियों, अभिभावकों और स्टाफ का आभार व्यक्त किया।

इस मौके पर प्रबंधक समिति के पदाधिकारी, सदस्य, समस्त विद्यालय स्टाफ एवं भारी संख्यां में अभिभावक उपस्थित रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम सीमा से बदलकर सीमा देवी पुत्री महेश चंद्र रख लिया है। भविष्य में मुझे सीमा देवी पुत्री महेश चंद्र के नाम से जाना व पहचान जाए।

**सीमा देवी पत्नी विजय वीर निवासी-महमूदपुर, सहसपुर, थाना स्योहारा, जनपद-बिजनौर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड नंबर** 246745

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम SHADAB HUSAIN से बदल कर SHADAB HUSSAIN पुत्र श्री LIYAQAT HUSAIN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

SHADAB HUSSAIN पुत्र श्री LIYAQAT HUSAIN निवासी मोहल्ला पहाड़ी दरवाजा, थाना धामपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश

## एक नजर

### बैंकट हॉल से बाइक चोरी

**अफजलगढ़।** मौहम्मद शाहरोज निवासी मौहल्ला नेजो सराय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह ग्राम मेघपुर स्थित एक बैंकेट हाल में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। उसने बैंकेट हाल के मेन गेट पर अपनी खड़ी कर दी। जब वह लगभग तीन बजे मैरिज हॉल से खाना खाकर वापिस आया, तो उपरोक्त बाइक मैरिज हॉल के मुख्य द्वार से गायब मिली। पीड़ित ने बाइक को इधर-उधर ढूंढने का काफी प्रयास किया परंतु बाइक नहीं मिली जिस पर पीड़ित शाहरोज ने पुलिस को बाइक गुमशुदगी की तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई।

### अक्षय तृतीया पर गन्ने के रस का वितरण



**धामपुर।** जैन धर्म में अक्षय तृतीया (वैशाख शुक्ल तृतीया) अत्यंत पावन पर्व है, जो प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ (ऋषभदेव) के छह माह के निर्जल कठोर तप के बाद हस्तिनापुर के राजा श्रेयांश द्वारा गन्ने के रस (इक्षु रस) से आहार दान देकर तप समाप्त करने की स्मृति में मनाया जाता है। यह त्याग, संयम और तपस्या का प्रतीक है। आज अक्षय तृतीया महा पर्व के आयोजन पर जैन समाज धामपुर द्वारा राहगीरों को गन्ने के रस का वितरण कराया गया। वितरण कार्यक्रम में अनिल जैन, पंकज जैन, अरुण जैन ऋषभ जैन अमन जैन नमन जैन हर्षवर्धन जैन, अन्नत जैन आदि शामिल रहे।

### सड़कों पर वृक्षारोपण कराने की मांग

**कोतवाली देहात।** ग्राम धौकलपुर निवासी अंतर्राष्ट्रीय जाट संसद के प्रदेश सचिव डा. विकुल मलिक ने भारत सरकार के केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं उत्तर प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के राज्य मंत्री डा.अरुण कुमार सक्सेना को पत्र भेज कर जनपद बिजनौर से निकल रहे सभी हाईवे के दोनों ओर वृक्षारोपण कराने की मांग की है। प्रेषित पत्र में कहा कि हाईवे निर्माण कर रहीं कार्यदाई संस्थाओं द्वारा हाईवे निर्माण एवं चौड़ीकरण के लिए जनपद बिजनौर की सभी सड़कों पर से छायादार वृक्षों को संबंधित विभाग से कटवा दिया गया है। जिसके कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ रहा है। सड़कों पर छायादार वृक्षों के न होने से एक तरफ जहां प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं दो पहिया वाहन चालकों को एवं अन्य यात्रियों को यात्रा करते समय झुलसने वाली भारी गर्मी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर जनपद बिजनौर की वृक्षों रहित हो चुकी सड़कों पर वृक्षारोपण कराने की मांग की।

### भाकियू भानु जिलाध्यक्ष पर हमला



**मंडावली।** थाना क्षेत्र में भारतीय किसान यूनियन भानु के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह देशवाल पर रात करीब नौ बजे हमला हुआ। इस हमले में उनके हाथ में चोट आई है। घटना उस समय हुई जब देशवाल अपने ग्राम गामड़ी से मंडावली आ रहे थे। भूपेंद्र देशवाल ने बताया कि जब उनकी गाड़ी ओवरब्रिज के पास पहुंची, तो ग्राम पुंडरी, थाना नांगल निवासी रामपाल राठी ने उन्हें रुकने का इशारा किया। गाड़ी रोकने पर रामपाल राठी ने उनके साथ गाली-गलौज की। देशवाल के गाड़ी से नीचे उतरते ही रामपाल राठी ने उन पर डंडे से वार कर दिया, जिससे उनके हाथ में चोट लग गई। घटना के बाद, जिलाध्यक्ष अपनी यूनियन के सदस्यों के साथ तुरंत मंडावली थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी निरीक्षक को घटना के संबंध में लिखित तहरीर दी। वहीं, दूसरी ओर रामपाल राठी का कहना है कि उनकी गाड़ी खराब हो गई थी और भूपेंद्र देशवाल ने ही उनके साथ गाली-गलौज की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर जिलाध्यक्ष का मेडिकल परीक्षण कराया गया है और मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है।

### परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई



**हल्दौर।** नगर में परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। रविवार को नगर के मोहल्ला टाटमोहरा पर कंप्यूटर सेंटर के संचालक संजीव मिश्रा पर के प्रतिष्ठान पर भगवान परशुराम जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज के श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। मुख्य वक्ता चंचल वशिष्ठ ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। सीबीएसई बोर्ड की कक्षा दसवीं में 91.4 अंक प्राप्त करने वाले यश शर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ब्राह्मण सभा अध्यक्ष श्रीश शर्मा, संजय वशिष्ठ, विशाल महंत, नरेश कुमार शर्मा, संतोष भारद्वाज मौजूद रहे। अध्यक्षता मास्टर जितेंद्र शर्मा व संचालन अतुल गांधी ने किया। वहीं नगर के मौहल्ला फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी गौरव भारद्वाज के आवास पर ब्राह्मण जागृति फाउंडेशन इकाई द्वारा भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शशांक कौशिक, पंडित संतोष भारद्वाज, नवीन चंद शर्मा, विपिन शर्मा, पंडित विकास गौड़, कपिल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### करंट लगने से लाइनमैन झुलसा

**हल्दौर।** गांव सिसौना बिजलीघर पर नसीरपुर नैन सिंह निवासी सुभाष कुमार संविदाकर्मी लाइनमैन के पद पर तैनात है। ग्रामीणों के अनुसार लाइनमैन सुभाष कुमार अम्हेड़ा के खंभे पर मरम्मत कार्य के लिए बिजलीघर पर फोन पर शटडाउन लिया और वह खंभे पर चढ़ गया। आरोप है कि शटडाउन नहीं दिया गया। लाइनमैन को बिजली का तेज झटका लगा। वह बुरी तरह झुलस गया और नीचे आ गिरा। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना बिजलीघर देकर आपूर्ति बंद कराई और परिजनों को भी जानकारी दी। कुछ ही देर में परिजन मौके पर पहुंच गए और घायल को आनन-फानन में उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। निगम के जेई राजकुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह पता लगाया जा रहा है कि कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन हुआ था या नहीं तथा लाइन में अचानक करंट आने का कारण क्या रहा।

# होटल, अस्पताल और उद्योगों में निरीक्षण

## अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह पर जागरूकता अभियान शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के तहत होटल, अस्पताल और उद्योगों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। महानिदेशक उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा मुख्यालय लखनऊ के आदेश और मुख्य अग्निशमन अधिकारी जनपद बिजनौर डॉ. राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर यह पहल की गई।

नजीबाबाद अग्निशमन केंद्र के प्रभारी के.एस. जादौन के नेतृत्व में यह अभियान 20 अप्रैल तक चलेगा। इस वर्ष 'अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह' की थीम 'सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरुक समाज-आग की रोकथाम के लिए एक साथ' रखी गई है।

अभियान के दौरान जनपदीय मुख्यालय और तहसील स्तर पर बहुखंडीय भवनों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तथा सभागारों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसमें अग्नि निवारण, जीवन रक्षा और अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच के साथ-साथ मॉक ड्रिल भी आयोजित की जा रही है।

नजीबाबाद तहसील में संगम पैलेस कोतवाली रोड, सेठी बोर्ड इंडस्ट्रीज नगीना बुन्दकी रोड, सेंट मेरिस हॉस्पिटल कोटद्वार रोड, क्रॉप केयर आर्गेनिक लिमिटेड रायपुर रोड और सेठी मोटर्स (कोतवाली रोड) जैसे स्थानों पर विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान अग्निशमन टीम ने उपस्थित स्टाफ और आम लोगों को अग्निशमन उपकरण चलाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने संदेश दिया कि 'आग से होने वाली घटनाएं अक्सर लापरवाही के कारण होती हैं।' उन्होंने लोगों को छोटी सी सावधानी बरतकर बड़े हादसों को रोकने के महत्व के बारे में भी बताया।

इस दौरान आग से बचाव संबंधी पैम्फलेट भी आम जनता में वितरित किए गए। विभाग का मुख्य उद्देश्य बहुमंजिला भवनों, अस्पतालों, होटलों और औद्योगिक इकाइयों में अग्नि सुरक्षा मानकों की जांच करना और वहां के कर्मचारियों को आपात स्थिति से निपटने के लिए प्रशिक्षित करना है।

### आभा फाउंडेशन का नेत्र शिविर सफल



**चांदपुर।** आभा फाउंडेशन द्वारा फादरसन पब्लिक स्कूल छठें नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में लोग अपनी आंखों की जांच कराने पहुंचे। शिविर में लगभग 1380 लोगों जांच कराई। जांच के दौरान 176 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। जबकि 705 लोगों को चश्मे की आवश्यकता पाई गई। इसके अलावा करीब 500 लोगों को मौके पर ही दवाइयों का वितरण किया गया। चश्मों के लिए चिन्हित किए गए 705 लाभार्थियों को 20 अप्रैल को फादरसन पब्लिक स्कूल में चश्में वितरित किया जाएंगे। वहीं मोतियाबिंद के मरीजों के लिए 30-30 लोगों के समूह बनाकर अलग-अलग तिथियों में आरसी हॉस्पिटल बिजनौर भेजा जाएगा। जहां उनका ऑपरेशन कराया जाएगा। ऑपरेशन का पूरा खर्च जैसे आने-जाने की व्यवस्था, अस्पताल में ठहरने और भोजन की सुविधा, फाउंडेशन द्वारा ही वहन किया जाएगा। लाभार्थियों को केवल अपनी निर्धारित तिथि पर सुबह 9 बजे स्कूल पहुंचना होगा। संस्था की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि उनका उद्देश्य अपने विधानसभा क्षेत्र से मोतियाबिंद जैसी समस्या को पूरी तरह समाप्त करना है।

## दुबई एयरपोर्ट पर युवक की अचानक मौत

### घर लौटने से पहले टूटा परिवार का सहारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ग्राम बगदाद अंसार निवासी युवक की दुबई एयरपोर्ट पर अचानक मौत हो जाने से परिवार में कोहराम मच गया। ये खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार जीशान (26 वर्ष) पुत्र शमीम पिछले करीब तीन वर्षों से दुबई में रहकर मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। वह छुट्टी लेकर अपने घर धामपुर लौटने के लिए बेहद उत्साहित था और परिजनों से लगातार संपर्क में था।

बीती रात जब वह दुबई एयरपोर्ट पर भारत लौटने के लिए पहुंचा, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार उसे तत्काल चिकित्सा सहायता देने का प्रयास किया गया, लेकिन हृदय गति रुक जाने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना जैसे ही परिजनों को मिली, घर में चीख-पुकार मच गई। परिवार के लोग बेसुध हो गए और पूरे गांव में सन्नाटा पसर गया। जीशान तीन भाइयों और एक बहन में दूसरे नंबर पर था तथा परिवार का मुख्य कमाने वाला सदस्य था।

ग्रामीणों के अनुसार जीशान मेहनती और सरल स्वभाव का युवक था, जो अपने परिवार के बेहतर भविष्य के लिए विदेश में रहकर कठिन परिश्रम कर रहा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** भगवान विष्णु के छठे अवतार, चिरंजीवी भगवान परशुराम के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर ब्राह्मण सभा द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा मौहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से नगर परिक्रमा के रूप में प्रारंभ हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ सर्व ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल शर्मा एड., पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, सर्व ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पाराशर, बिजनौर से आए संपादक डा. पंकज भारद्वाज, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता रोहित गौतम, प्रदेश उपाध्यक्ष शरद चंद्र, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष शुचि शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष नीमा शर्मा सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया गया। इस दौरान रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में छोड़कर उत्सव की शुरुआत को और भी भव्य बनाया गया।

श्री ब्राह्मण सभा धामपुर के नगर अध्यक्ष इंजी.अनिल शर्मा, महासचिव नवचेतन शर्मा, कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र शर्मा बबलू सहित अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का पगड़ी व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया।

शोभायात्रा में आकर्षक धार्मिक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इसमें विघ्नहर्ता गणपति महाराज, भगवान शिव, मां लक्ष्मी के साथ-साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित चंद्रशेखर आजाद, मंगल पांडे, राम प्रसाद बिस्मिल, पंडित मदन मोहन मालवीय एवं बाल गंगाधर तिलक की झांकियां प्रमुख आकर्षण रहीं।

जागरण पार्टी के कलाकारों विकास प्रजापति, छोटू कश्यप, चेतन सैनी आदि ने भजन प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बैंड की मधुर धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। शोभायात्रा के अंतिम चरण में सुसज्जित रथ पर भगवान परशुराम की प्रतिमा विराजमान रही, जिसके साथ संस्था के पदाधिकारी चलते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते रहे। इससे पूर्व मंदिर परिसर में भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधि-विधान से स्नान, वस्त्र एवं अलंकरण किया गया।

यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर पालकी की आरती उतारी गई और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना की। पूरे नगर में 'जय परशुराम' के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# एचपीवी टीकाकरण अनिवार्य कराएं: डीएम

## गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से बचाव को बालिकाओं का टीकाकरण जरूरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय, सीबीएसई/आईसीएसई विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

डीएम जसजीत कौर ने जनपद के समस्त सीबीएसई, आईसीएसई अन्य बोर्ड से संचालित विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को Human Papillomavirus (एचपीवी) संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान संचालित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि एचपीवी यह एक सामान्य वायरस है, जो आगे चलकर विशेष रूप से बालिकाओं में गंभीर बीमारियों जैसे Cervical Cancer (गर्भाशय ग्रीवा कैंसर) का कारण बन सकता है। समय पर टीकाकरण से इस खतरे को काफी हद तक रोका जा सकता है। 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। एचपीवी टीकाकरण सुरक्षित एवं प्रभावी है और यह भविष्य में होने वाली गंभीर बीमा. रियों से बच्चों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि सबंधित विद्यालय अपने क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र/सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से समन्वय स्थापित कर टीकाकरण शिविर आयोजित करें। टीकाकरण के दौरान प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहें।

टीकाकरण के बाद बच्चों को कुछ समय तक निगरानी में रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रों एवं अभिभावकों को एचपीवी और इसके टीके के महत्व के बारे में जागरूक करें। अभिभावकों को द्वारा अपने बच्चों को अभी तक पाठ्यक्रम उपलब्ध ना कराने की शिकायत के दृष्टिगत उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों के लिए जल्द से जल्द पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए अभिभावकों के साथ बैठक का आयोजन करें। सभी संबंधित अभिभावकों को लिखित, मौखिक रूप से भी अवगत कराएं कि वे अपने बच्चों को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कोर्स उपलब्ध कराएं जिससे कि उनकी पढ़ाई प्रभावित न होने पाए।

उन्होंने निर्देश दिए कि प्राथमिक कक्षाओं एवं उच्च कक्षाओं के लिए अलग-अलग एवं उपयुक्त समय-सारिणी निर्धारित की जाए। जिससे कि बाजारों में लगने वाले जाम की समस्या पर अंकुश लग सके। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालयों में शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए साथ ही पानी की टंकियों/फिल्टर की नियमित सफाई कराई जाए। बालक एवं बालिकाओं के लिए पृथक एवं स्वच्छ शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए और शौचालयों की नियमित सफाई एवं जल की उपलब्धता बनी रहे। छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से चाइल्ड-फ्रेंडली वॉशरूम भी विकसित किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विद्यालय में समुचित एवं समृद्ध पुस्तकालय (लाइब्रेरी) की व्यवस्था की जाए। छात्रों में पठन-पाठन की रुचि बढ़ाने के लिए नियमित लाइब्रेरी पीरियड संचालित किया जाए।

इस मौके पर एडीएम प्रशासन अंशिका दीक्षित, सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह, डा. केपी सिंह जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, एडीआईओ डा.नरेंद्र कौर, अमित कुमार डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर, फारूक अजीज डीपीएम, जिला विद्यालय निरीक्षक जयकरण यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद थे।

## एक नजर

### क्लीनिक से चोरी का आरोपी दबोचा

**नगीना।** क्लीनिक में चोरी की सनसनीखेज वारदात की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर नाबालिग को हिरासत में लेकर चोरी की गुत्थी सुलझा ली है। घटना कायस्थ सराय निवासी डा. अंकित सैनी के क्लीनिक की है। शुक्रवार सुबह डा. अंकित अपने क्लीनिक पर मौजूद थे। इसी दौरान वह पास में ही एक मरीज का परीक्षण करने के लिए केबिन से बाहर गए थे। लगभग 15 से 20 मिनट बाद जब वह वापस लौटे, तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। मेज के गल्ले का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे लगभग 25 हजार रुपए गायब थे। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में एक संदिग्ध नाबालिग लड़के की संलिप्ता पाई गई। सीसीटीवी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नाबालिग (बाल अपचारी) को चिन्हित कर हिरासत में ले लिया। पूछताछ और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद, पुलिस ने आरोपी को बाल सुधार गृह भेज दिया है।

### 38 केंद्रों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



**बिजनौर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह द्वारा आज जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नगीना तहसील के हिंदू इंटर कॉलेज, मुस्तफा म्यूनिसिपल इंटर कॉलेज एवं नगर पालिका नगीना परिसर अयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। श्रीमती वान्या सिंह ने बताया कि आगामी जनगणना कार्यों को शुद्धता और समयबद्धता के साथ संपन्न कराने के लिए शासन के मंशानुसार आज जिले की समस्त तहसीलों एवं नगर निकायों में प्रति बेच 50-50 प्रगणकों (Enumerators) एवं पर्यवेक्षकों (Supervisors) कुल 38 प्रशिक्षण शिवरों में गणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि जनगणना एक राष्ट्रव्यापी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसकी सफलता सटीक डेटा पर निर्भर करती है। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रगणकों और पर्यवेक्षकों को जनगणना की बारीकियों, तकनीकी पहलुओं और मोबाइल ऐप के माध्यम से डेटा फीडिंग की प्रक्रिया में दक्ष बनाना है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी तीन दिनों तक निरंतर जारी रहेगा। इस बार डिजिटल माध्यमों पर विशेष जोर दिया जा रहा है, ताकि डेटा संकलन में त्रुटि की गुंजाइश न रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी जेपी यादव, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, मास्टर ट्रेनर्स और बड़ी संख्या में प्रगणक एवं पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक

**कोतवाली देहात।** नगीना विधान सभा के चारों मंडलों के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक विकास खंड के डबाकरा हॉल में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में उनका स्मरण किया गया। विचार गोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता डॉ. दीप सौरभ सिंह पार्थ ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षित बनो संगठित रहो संघर्ष करो का नारा देने वाले अंबेडकर को कांग्रेस कभी पचा नहीं पाई। संविधान सभा की ड्राफ्टिंग कमेटी का चेयरमैन भी एक विदेशी व्यक्ति आइबर जेनिंग्स को बनाने का निर्णय नेहरू जी ने लिया था। किन्तु बाद में गांधी जी के हस्तक्षेप से बाबा साहब ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन बन सके। बाबा साहब संविधान सभा में न आ सके। इसके लिए कांग्रेस ने 1946 में मुंबई से उन्हें हराने का काम किया। ऐसे कितने उदाहरण है, जो कांग्रेस का बाबा साहब के प्रति घोर विरोध प्रदर्शित करते हैं। गोष्ठी में पूर्व सांसद शीशराम रवि, पूर्व विधायक सतीश गौतम, रजनी कालरा, कुंवर कृष्ण बलदेव सिंह, अजीत अग्रवाल आदि ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष जितेंद्र मलिक, गौरव पाराशर, चौधरी भूरे सिंह, रोहित रवि, रवि प्रजापति, शिवपाल सिंह, दिनेश त्यागी, आदेश चौहान, संजय सिंह, विनीत चौधरी, रॉबिन चौधरी, नरपाल सैनी, सतीश त्यागी, शिवा प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित शिव स्वरूप सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमान भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। 'भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली' यह भजन सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में संस्था द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट करके सजाया सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में शिव स्वरूप सिंह, अर्चना, प्रांजल सिंह चौहान, रघुवीर सिंह, ओम प्रकाश सिंह, डा. शिवराम सिंह, चंद्रकांता, सत्यवती देवी आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल श्रीश्री 108 महामंडलेश्वर आचार्य डा.दिनेश चंद्र भारद्वाज, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, सर्वेश गोस्वामी आदि शामिल रहे। अंत में बालाजी की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

### पेड़ पर दो गुलदार देख होश उड़े

**चंदक।** खेत में पेड़ पर एक साथ दो गुलदारों को बैठा देख ग्रामीणों के होश उड़ गए। समीपवर्ती ग्राम किशनपुर व बहादुरपुर के बीच किसान विनीत के खेत में एक पेड़ पर ग्रामीणों ने एक साथ दो गुलदार बैठे देखे। खबर मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। भीड़ को देख गुलदार पेड़ से कूद कर जंगल तरफ भाग गए। एक साथ दो गुलदार दिखाई देने से ग्रामीण व किसान दहशत में है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पिंजरा लगाकर गुलदारों को पकड़ने की मांग की है।

### भाजपा सरकार की योजनाएं बताई

**कोतवाली देहात।** भाजपा की एक बैठक ग्राम गारबपुर में बिट्टू चौधरी के आवास पर हुई। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकार में हर वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। किसान, मजदूर, व्यापारी सभी के लिए सरकार द्वारा जनहित में योजनाएं चलाई जा रही है। भाजपा शासन में महिलाएं सुरक्षित हैं। आज किसी भी रास्ते से लोग बेखौफ निकल सकते हैं। बैठक में नरेश प्रधान, राजीव सिंह, सुक्खे सिंह, मानसिंह, देवेंद्र सिंह, रिंकू चौधरी, गौरव, विजेंद्र सिंह, विजय आचार्य, रवि प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# ब्रेकर से उछलकर बाइक समेत खेत में गिरे दो युवक हालत गम्भीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** रविवार को एक सड़क हादसा हो गया। शादी के कार्ड बांटने जा रहे दो युवक तेज रफ्तार के चलते सड़क पर बने ब्रेकर से उछलकर बाइक सहित खेत में जा गिरे। हादसे में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

**0 काफी ऊंचा ब्रेकर बना हादसे का कारण**

जानकारी के अनुसार, दोनों युवक स्प्लेंडर बाइक असमोली से सिरसी की ओर जा रहे थे।रामनगर चौराहे पर पहुंचे, वहां बने ऊंचे ब्रेकर पर बाइक उछल गई और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा घुसी। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों को बाहर निकाला और डायल 108 एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी असमोली में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि दूसरे को भी चोटें आई हैं। घटना की सूचना परिजनों के साथ-साथ पुलिस को भी दे दी गई है। स्थानीय लोगों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि रामनगर चौराहे पर बना ब्रेकर अत्यधिक ऊंचा है और वहां किसी प्रकार का चेतावनी संकेतक या पेंटिंग नहीं की गई है। इसी कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार, अब तक आधा दर्जन से अधिक लोग इस ब्रेकर की वजह से घायल हो चुके

## अज्ञात कार रौदकर फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आदमपुर गवां मार्ग स्थित कमलपुर सराय के निकट अज्ञात वाहन बाइक सवार को रौंदकर फरार हो गया। घायल बाइक सवारों को आसपास मौजूद लोागो ने ने ई रिक्शा में लेकर निजि अस्पताल पहुंचाया। मामूली रूप से घायल उपचार कराकर घरों को रवाना हो गये।



सम्भल- 120 घंटे तक गंगा में डूबे रहे मुंशी का शव बरामद होने पर पीएम की कार्रवाई करती पुलिस।

# 120 घंटे बाद मिला गंगा में डूबे मुंशी का शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** गंगा नदी में डूबे खनन ठेकेदार के मुंशी का शव 120 घंटे बाद बरामद कर लिया गया। शव घटनास्थल से करीब 2 किलोमीटर दूर मिला। मृतक मुंशी फर्रुखाबाद निवासी 24 वर्षीय प्रबल चौहान उर्फ प्रवीण कुमार था।

**0घटना स्थल से दो किमी दूर हुआ बरामद, फर्रुखाबाद निवासी था मृतक**

यह घटना तहसील गुन्नौर के थाना जुनावई क्षेत्र के गांव असदपुर स्थित अस्थाई गंगा घाट पर हुई थी। रविवार सुबह करीब 10 बजे स्थानीय गोताखोरों ने शव को बरामद किया। वह मंगलवार सुबह गंगा में डूबा था। गंगा के पानी में छह दिन तक रहने के कारण शरीर फूल गया था। जानकारी के अनुसार शासन से खनन की मंजूरी मिलने के बाद गंगा में एक किलोमीटर लंबा अस्थाई पुल बनाया गया था। खनन का काम अभी शुरू नहीं हुआ था लेकिन इसकी तैयारियों के दौरान गंगा में एक गहरा गडढा बन गया था। मंगलवार सुबह करीब 10 बजे मुंशी प्रबल सिंह स्नान करने के लिए गंगा में उतरे और इसी गहरे गडढे में डूब गए काफी देर तक बाहर न आने पर अन्य मजदूरों ने शोर मचाकर उनकी तलाश शुरू की थी। पुलिस ने बताया कि मुंशी का शव गंगा

# नए नियमों के बाद भी प्रीपेड मीटर लगाना अवैध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था अनिवार्य नहीं रही है, इसके बावजूद कई स्थानों पर उपभोक्ताओं पर जबरन प्रीपेड प्रणाली थोपी जा रही है, जो पूरी तरह से अवैध एवं नियमों के विरुद्ध है।



उक्त बाते आरटीआई एक्टिविस्ट सय्यद गुलजार हाशमी ने केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के नवीन नियमों का हवाला देते हुए की। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा जारी मीटरों की स्थापना एवं संचालन विनियम, 2006 संशोधित 2026) के अनुसार 01 अप्रैल 2026 से प्रीपेड मोड को वैकल्पिक कर दिया गया है। अब प्रत्येक उपभोक्ता को यह अधिकार है कि वह प्रीपेड या पोस्टपेड प्रणाली में से अपनी सुविधा के अनुसार चयन करे। किसी भी उपभोक्ता के मीटर को बिना उसकी सहमति के पोस्टपेड से प्रीपेड में परिवर्तित करना स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन है। सैयद गुलजार अहमद हाशमी ने कहा कि स्मार्ट मीटर में केवल प्रीपेड सुविधा का होना आवश्यक है, लेकिन उसका उपयोग करना उपभोक्ता पर निर्भर करता है। इसके बावजूद यदि विभाग द्वारा उपभोक्ताओं पर जबरन प्रीपेड प्रणाली लागू की जाती है, तो यह उपभोक्ता अधिकारों का हनन है और इसके खिलाफ आवाज उठाना जरूरी है। उन्होंने आगे कहा कि स्मार्ट मीटर का उद्देश्य पारदर्शी एवं सटीक बिलिंग सुनिश्चित करना है, लेकिन वर्तमान में कई उपभोक्ताओं को वास्तविक खपत से कई गुना अधिक बिल प्राप्त हो रहे हैं, जो गंभीर जांच का विषय है। ऐसी स्थिति में उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने और अतिरिक्त वसूली गई राशि की वापसी पाने का पूरा अधिकार है। हाशमी ने यह भी स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के उपभोक्ता सेवा मानकों के तहत प्रत्येक उपभोक्ता को सही बिलिंग, समयबद्ध शिकायत निस्तारण तथा गलत वसूली की स्थिति में धानवापसी का कानूनी अधिकार प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं की शिकायतों को नजरअंदाज किया जा रहा है, जिससे आम जनता में असंतोष बढ़ रहा है। यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं बल्कि एक व्यापक जनहित का मुद्दा बन चुका है, जिस पर तत्काल प्रभाव से ध यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहें, किसी भी प्रकार की जबरन प्रीपेड व्यवस्था को स्वीकार न करें तथा यदि असामान्य बिलिंग हो रही है तो तुरंत लिखित शिकायत दर्ज कराएं। अंत में उन्होंने कहा कि उपभोक्ता जागरूकता ही इस प्रकार की अनियमितताओं को रोकने का सबसे प्रभावी माध्यम है और सभी नागरिकों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए।

## मनमोहक झांकियों संग निकली बाबा साहेब की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर जयंती पर भव्य झांकियों संग शोभायात्रा निकाली गई।

उप नगरी सराय तरीन में आयोजित शोभायात्रा की जानकारी देते हुए राकेश ने बताया कि जुलूस हर साल की तरह पूरे क्षेत्र की भागीदारी के साथ निकाला जा रहा है। जुलूस में सजी-धजी झांकियों ने मन मोह लिया। झांकियों में बाबा साहेब के जीवन और संघर्ष को दर्शाया गया। शोभायात्रा में एकता और उत्साह की झलक साफ देखने को मिली। झांकियों को देखने के लिए रास्तों पर बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े। जुलूस अपने परम्परागम मार्गों से होता हुआ जुलूस सराय तरीन शाहजीपुरा, हयातनगर, पुलिस चौकी, पुरानी चुंगी होते हुए फिर वापस सराय त्रैन के मुख्य बाजार होता हुआ निर्धारित स्थान पर सम्पन्न हो गया।

**अभिभावकों को ज़िम्मेदार ठहराने के कानून पर नहीं कोई अमल, किसी को रौंदकर हो जाते हैं फरार, चंद देर में हो जाता है हादसे का शिकार**

# नाबालिग स्टंट कर छीन रहे जिन्दगियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** सड़क पर चलने वाले लोगों की ज़िन्दगियां नाबालिगों के हाथो में हो गई है। धनाढ़्य घरों के नाबालिग बाइक से स्टंट दिखाकर किसी ने किसी को रौंदकर फरार हो जाते है। पुलिस एवं परिवहन विभाग की और से बाइक दौड़ते फिर रहे नाबालिगों और उनके अभिभावकों के खिलाफ कोई कार्रवाइ नही कर रहे हैं।

सड़क पर अक्सर नाबालिग तेज़ गति में बाइक चलाते दिखायी दे जाते है। धनवान परिवारों के नाबालिग बच्चों के हाथो में बाइक की गति इतनी अधिक होती है कि हवा की तरह आते हैं और झोंखों की तरह गुम हो जाते हैं। अत्याधिक तेज़ गति के साथ बाइक चलाकर गुज़रने वाले धनाढ़्य परिवारों के यह नाबालिगों से सड़क पर चलने वाले लोग खुद ही सुरक्षित रहने के लिए रास्ता छोड़ देते हैं अन्यथा उन्हे गम्भीर रूप से घायल होने का दंड भुगतना पड़ता है। केन्द्र सरकार की और से नाबालिग के बाइक चलाने पर अभिभावक को ज़िम्मेदार ठहराने का कानून बना दिया गया है,लेकिन इसके तहत कोई कार्रवाई नही की गइ। जिससे नाबालिगों के हाथो से स्टेयरिंग नही लिया जा रहा हैं सड़कों पर स्टंट दिखाते बाइक चला रहे नाबालिग हाथों से कोई न कोई राहगीर शिकार होकर ज़िन्दगी और मौत से जूझ रहा है,परन्तु पुलिस और परिवहन विभाग तेज़ी में बाइक चलाकर ज़िन्दगियों से खेल रहे नाबालिग और उनके अभिभावकों पर कोई अंकुश नही लगा रहे हैं।

## परिवहन विभाग नहीं कर रहा कोई कार्रवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** स्टंट कर लोगों की ज़िन्दगियों के लिए खतरा बन रहे नाबालिगों पर परिवहन विभाग का भी कोई शिकंजा नहीं है। परिवहन विभाग की उदासीनता ओर उपेक्षा से ही नाबालिग स्टंट कर कोई ने कोई र्दुघटना को अंजाम देकर फरार हो रहे हैं। जबकि चौराहों पर हेल्मेट लगाए बाइक सवारों को रोककर कोई न कोई कमी निकालकर चालान कर जुर्माने से अधिरोपित कर दिया जाता है लेकिन नाबालिगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता।

आधुनिकता में कुम्हारी कला बनी गुज़रे ज़माने की

# आम आदमी के सांसों से दूर हुई मिट्टी के घड़े में पानी की खुशबू

**मुज़फ़्फ़र हुसैन**

**सम्भल।** कभी पानी का मटका (घड़ा) निम्न एवं मध्यम वर्गीय ही नही धनवानों के घरों की शान बढ़ाता था, मगर आज यह गुज़रे ज़माने की बात हो गई। अब मटका धनवान ही नही,बल्कि गरीबों से भी दूरी बनाए है, या यूं कहें कि उन्हें मामूली मिट्टी का मटका नसीब नही हो रहा। गरीबों का फ्रिज कहा जाने वाला मटका बीते कल की बात हो गई है।

सम्भल क्षेत्र में माटी के बर्तन बनाने वालों की भरमार थी। कई मौहल्ले ऐंसे हैं जहां मिटटी के बर्तन और अन्य नक्काशीदार खूबसूरत सामान बनाकर बाज़ार में बेचते थे,मगर समय का चक्र ऐसा पलटा कि आज इन्हे देखने के लिए आंखे तरस रही हैं। ऐसा नही है कि बर्तन बनाने वाले (कुम्हार) अब यहां नहीं रहते। वे यहां रहते तो है मगर अब उन्होने धंधा और आधुनिता के इसका प्रचलन काफी कम होने से इसे त्यागकर दूसरा काम करना शुरू कर दिया है। अब यहां इक्का दुक्का कुम्हार ही माटी के बर्तन बनाते है वह भी मांग के अनुरूप। इस काम से जुड़े अली हुसैन का कहना है कि मंहगाई बढ़ने के कारण लागत अधिक और मुनाफा कम है, इसलिए इस काम से मन ऊबा नही,बल्कि छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। इसका दूसरा कारण यह भी है कि पहले मिट्टी भी आसपास मिल जाया करती थी, लेकिन आबादी बढ़ने के साथ मिट्टी का टोटा हो गया और अब दूर दराज क्षेत्र से मिट्टी मंगानी पड़ती है। माटी के मटके (घड़ा) कम होने की बाबत बताया कि अब इनकी मांग न के बराबर है, क्योंकि इनकी जगह बिजली से संचालित आधुनिक फ्रिज ने ले ली है। इस कारण इनकी मांग न के बराबर हो गई है। इस मामले में एक कवि की यह पंक्तियां माटी कहे कुम्हार से तू क्यों जोते मोए, एक दिन ऐसा आएगा मैं जोतूंगी तोय, सटीक बैठती है। मिट्टी के अभाव में कुम्हारी कला ने यह काम लगभग बंद कर दिया है। जिससे माटी के बर्तन कम ही दिखाई देते है। इसके अभाव में उन गरीबों पर गहरा आघात पहुंचा है जो माटी के मटके को फ्रिज समझकर घर में पानी भरकर रखा करते थे, ताकि इसका पानी पीकर भयंकर गर्मी में भी ठण्डक का एहसास लें और गले को तर कर लें,मगर अब कुम्हारी कला गुज़रे ज़माने की बात हो गई है।

## एक नज़र इधर भी

### तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल बाइक सवार की मौत

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-59 में बृहस्पतिवार रात तेज रफ्तार कार की टक्कर से घायल हुए बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। शनिवार को परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ सेक्टर-58 थाने में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, मूलरूप से बहलोलपुर निवासी राजकुमार ने बताया कि उनका भाई राहुल कुमार गाजियाबाद के विजयनगर में रहता था और नोएडा स्थित एक फैक्ट्री में कार्यरत था। बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े दस बजे राहुल ड्यूटी खत्म कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह नोएडा वन चौराहे से डी पार्क की ओर मुड़ा, तभी हरियाणा नंबर की तेज रफ्तार कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस की मदद से घायल को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को इलाज के दौरान राहुल की मौत हो गई। एडीसीपी मनीषा सिंह ने बताया कि शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### पार्किंग में खड़े तीन ट्रकों में लगी आग

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के बादलपुर थाना क्षेत्र में पार्किंग में खड़े तीन ट्रकों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई, लेकिन आग लगने से कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि बादलपुर गांव के पास बनी पार्किंग में कई ट्रक खड़े थे। इसी दौरान पास में लगे कूड़े के ढेर में आग सुलग रही थी। तेज हवा के चलते आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया और लपटें ट्रकों तक पहुंच गईं। देखते ही देखते तीनों ट्रक आग की चपेट में आ गए। तीन दमकल गाड़ियों ने बुझाई आग जिला दमकल अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि दोपहर करीब 2:45 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर नियंत्रण पा लिया। तीनों ट्रक जलकर राख हालांकि दमकल टीम ने समय रहते आग बुझा दी, लेकिन तब तक तीनों ट्रक पूरी तरह जलकर राख हो चुके थे। आग लगने के कारणों की अभी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है। पुलिस और दमकल विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं।

### गलत नंबर किया लिंक, बोले सही कराने 90 दिन बाद आएं

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** एजेंसियों पर सिलिंडर की मारामारी कम नहीं हो रही है। एजेंसी संचालकों की लापरवाही के कारण अब लोगों को समस्या हो रही है। जल्दबाजी में एजेंसी संचालकों ने गलत फोन नंबर लिंक और केवाईसी कर दी। जिस वजह से लोगों को गैस बुकिंग में भी दिक्कतें आ रही हैं। कुछ हद तक स्थिति सामान्य हुई जरूर है लेकिन काफी एजेंसियों पर अब भी हालात सामान्य नहीं हो सके हैं। सेक्टर-23 स्थित गैस एजेंसी पर रविवार को भी लोगों की भीड़ लगी रही। एजेंसी संचालकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लोगों ने हंगामा भी किया। गलत फोन नंबर लिंक होने से एजेंसी संचालक ने एक महिला को सिलिंडर देने से इन्कार कर दिया। महिला ने इसकी शिकायत पुलिस से की। जिसके बाद पुलिसकर्मी भी पहुंचे। एजेंसी संचालक ने अपनी गलती मानते हुए सिलिंडर दिए जाने का आश्वासन भी दिया। ऐसे ही सेक्टर-62 के रहने वाले राशिद ने बताया कि उनके अकाउंट में किसी और का आधार कार्ड लिंक कर दिया है। जिस वजह से बुकिंग होने में परेशानी भी हो रही है। सेक्टर 62 स्थित गैस एजेंसी पर भी ऐसे ही लोगों को सिलिंडर के लिए दिक्कतें हो रही हैं।

### दो कारों की टक्कर से तीन घायल

**नोएडा।** अस्पताल जा रहे परिवार की कार रविवार को सामने से आ रही दूसरी कार से टकरा गई। हादसे में एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के अनुसार कस्बा के मोहल्ला अंबेडकर निवासी सोनू अपनी मां को दवा दिलाने ग्रेटर नोएडा के अस्पताल जा रहा था। यमुना एक्सप्रेसवे के समानांतर 60 मीटर रोड पर रौनिजा गांव के पास उनकी कार सामने से आ रही एक तेज रफ्तार कार से टकरा गई। हादसे में सोनू, उसकी मां मितलेश और कार चालक नीरज घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से एक युवक को नोएडा अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने कहा कि लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर लाखों का सामान चोरी

**नोएडा।** सेक्टर-53 क्षेत्र के कंचनजंगा अपार्टमेंट में एक सप्ताह पूर्व बदमाश फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसे और लाखों का सामान चोरी करके भाग गए। घटना दिनदहाड़े हुई। पीड़ित ने सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित शैलेंद्र सिराड़ी ने पुलिस को बताया कि वह परिवार संग फ्लैट में रहते हैं। वह परिवार समेत 11 अप्रैल की शाम 5:30 बजे शहर से बाहर गए थे। घर पर ताला लगा था। वह अगले दिन 12 अप्रैल की रात करीब आठ बजे घर लौटे तो मुख्य द्वार का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी में रखे जेवरात और नगदी गायब थी।

पीड़ित के मुताबिक बदमाश घर से सोने का एक पेंडेंट, दो अंगूठी, झुमके, टाप्स, चेन और 15 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। घर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर हुई आभूषणों की खरीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** अक्षय तृतीया पर बाजारों में भारी उत्साह देखा गया। सोने-चांदी से लेकर ऑटोमोबाइल तक के शोरूम ग्राहकों से गुलजार रहे। विशेषकर आभूषणों की भारी बुकिंग और दोपहिया वाहनों की डिलीवरी हुई। शुभ मुहूर्त में खरीदारी के लिए लोगों में जबरदस्त उमंग रही।





नगर के सर्राफ दिनेश कौशल ने बताया कि अक्षय तृतीया पर हल्के वजन के एंटीक आभूषणों की मांग सबसे ज्यादा रही। सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद लोगों की श्रृद्धा कम नहीं हुई है और शोरूम पर सुबह से ही ग्राहकों का आना-जाना लगा रहा। सर्राफ राजा गुप्ता ने कहा कि शादियों का सीजन पास होने के कारण एडवांस बुकिंग काफी पहले ही हो चुकी थी। आज केवल डिलीवरी लेने वालों और शगुन के तौर पर चांदी के बर्तन खरीदने वालों का तांता लगा हुआ है। दो पहिया वाहन बिक्रेता राम ने बताया कि दोपहिया वाहनों के बाजार में आज का दिन सबसे बड़ा रहा। उन्होंने बताया युवाओं में बाइक व इलेक्ट्रिक स्कूटरों के प्रति काफी आकर्षण रहा।

## अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**असमोली।** थाना क्षेत्र के गांव बिलालपत निवासी दिव्यांग हामिद पुत्र हमीद ने थाना पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को वह अपने ई-रिक्शा को लेकर मिल चौराहा असमोली में सड़क किनारे खड़ा था। तभी असमोली मिल की तरफ से तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने उसके खड़े ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ई-रिक्शा पलट गया और दिव्यांग चालक हमीद दब कर घायल हो गया शोर शराबा सुनकर राहगीर एवं आस पड़ोस के दुकानदार घटना स्थल पर पहुंचे और घायल को ई-रिक्शा से निकाला। इसी बीच आरोपी चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन लेकर फरार हो गया। पीड़ित ई रिक्शा चालक की ओर से अज्ञात वाहन चालक पर तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की। हादसा सीसीटीवी कैमरे में कैद है।

# चंदौसी से सपा के जीतने पर ब्राह्मणों को पूरा सम्मान मिलेगा, विमलेश कुमारी

**0श्रीशिव पुराण कथा में भक्तों को कराया कथा के महत्व का श्रवण**

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ब्राह्मण शक्ति संघ द्वारा आयोजित भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर चन्दौसी विधानसभा की उपविजेता विमलेश कुमार ने भगवान विष्णु के छठे अवतार, शस्त्र और शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान उन्होने कहा कि ब्राह्मणों को सबसे ज्यादा सम्मान यदि किसी राजनीतिक पार्टी ने दिया है तो वह समाजवादी पार्टी ने दिया है। जिसके संस्थापक नेताजी मुलायम सिंह यादव ब्राह्मणों के सबसे बड़े हमदर्द थे। मुलायम जी ने प्रबुद्ध प्रकोष्ठ सम्मेलनों का आयोजन किया, जहां उन्होंने ब्राह्मण समाज की तारीफ में कसीदे पढ़े और कहा कि अन्याय के खिलाफ परशुराम की तरह खड़े होकर समाज को मजबूत बनाना



चाहिए, सपा सरकारों में ब्राह्मणों को विधानसभा - लोकसभा में प्रमुख टिकट दिए गए, 2022 में 5 ब्राह्मण विधायक और लोकसभा में सनातन पांडेय जैसे नेता जीते। 2024 में बागपत जैसे क्षेत्रों में ब्राह्मण कार्ड खेला गया। अखिलेश सरकार ने ब्राह्मण बाहुल्य इलाकों मेंस्कूल-कालेज बनवाए, रोजगार योजनाएं चलाईं और परशुराम जयंती को राज्योत्सव का रूप देते हुए परशुराम जयंती के अवकाश का शासनादेश जारी किया। आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने वादा किया कि 2027 में सपा सरकार बनने पर भगवान परशुराम जयंती पर अवकाश घोषित होगा। यह मुलायम जी के सपनों को साकार करने का कदम होगा।

# तरह-तरह से हो रही जल की बर्बादी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जल है तो कल है। जल ही जीवन है इसे सार्थ बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से लेकर सरकारी एजेसियॉं जल बचाओ जीवन बचाओ के नारे देकर तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर जागरूक कर रही हें,लेकिन जगह-जगह लगे समरसिबल ओर पानी की टंकियों से पानी व्यर्थ बहता जगह-जगह दिखायी दे रहा है। कहा ही नहीं जाता बल्कि कटु सत्य है कि जल बिना जीवन नहीं है। इसीलिए जल अमूल्य है। इसकी कद्र उन लोगों से पूछिए जिनके क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। जिन्हे नहाना तो छोड़िए पीने को भी शुद्व पानी मिलता ही नही है। लेकिन शहर हो या देहात जहां सुबह जल की बर्बादी किसी न किसी तरह से रूक नहीं रही है। इतना ही नहीं जल की बर्बादी को समरसिबल सौने पै सुहागा वाली कहावत को चरित्रार्थ कर रहे है। घर हो या अन्य स्थान समरसिबल को काफी-काफी समय तक यूं ही चलाकर छोड़ दिया जाता है। इतना ही नहीं जगह-जगह लगे वाटर कूलरों की टोंटियॉं तो कुछ दिन दिखायी देती है,जबकि उसके बाद उनमें से पानी यूं ही बहता रहता है। जलस्तर नीचे पहुंच चुका है, पानी का टीडीएस बड़ चुका है। साफ पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है। कहा जाता ही कि साढ़े तीन सौ फिट नीचे का पानी पीने योग्य है। जो पानी हम पी रहे हैं उसमे अशुद्धियां है। इसीलिए लोग अपने घरों में आरओ लगवा रहे हैं ताकि पानी साफ मिल सके। कुछ स्थानों पर तो टंकियों में टोंटी तो छोड़िए पुराने नलों एम टंकी फिट कर दी गई हैं जिसमे पानी बंद करने का स्रोत ही नहीं है। टंकी आने से जाने तक पानी की बर्बादी लगातार होती रहती है। यह मात्र एक समस्या नहीं है अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा खतरा है। जब पानी का स्तर अधिक नीचे पहुंच जाएगा तब पीने के पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ऐसा न हो की आने वाली नस्लों को पीने के पानी को लंबी लंबी लाइनों में लगना पड़े और पानी के लिए झगड़े न हों।

**0जल विभाग है बेखबर, आमजन भी नहीं जागरूक**

# अक्षय तृतीया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** माँ गंगा जन कल्याण समिति बबराला के पुरोहित सत्यम मिश्रा ने कहा कि हिंदू धर्म में छठे अवतार भगवान परशुराम सदियों से धार्म और न्याय के प्रतीक बने हुए हैं। उनका जन्म वैशाख शुक्ल तृतीया अर्थात अक्षय तृतीया को हुआ था। उनके पिता महर्षि जमदग्नि और मां रेणुका धर्मपरायण थे। परशुराम जी का जन्म ब्राह्मण कुल में हुआ, लेकिन उनका स्वभाव और कर्म एक यो)ा के समान था। इसलिए उन्हें ब्रह्म-क्षत्रिय कहा जाता है। उनका नाम 'परशुराम' दो शब्दों 'परशु' फरसा और 'राम' से बना है। कहा जाता है कि परशु उन्हें भगवान शिव ने प्रदान किया था। वे शस्त्र और शास्त्र दोनों में निपुण थे। उनके व्यक्तित्व में ज्ञान और साहस का अद्भुत मिश्रण था। परशुराम जी का मुख्य उद्देश्य पृथ्वी से अधार्मी और अत्याचारी क्षत्रियों का नाश करना था। उनके समय में कई राजा अहंकारी और अन्यायी बन गए थे। वे अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके आम जनता को कष्ट पहुंचाते थे। हिंदू पौराणिक ग्रंथो के अनुसार, परशुराम जी ने अत्याचारी राजाओं का संहार किया और धर्म की स्थापना की। उनके इस कार्य से समाज में न्याय और शांति के हुई। परशुराम जी केवल योद्धा ही नहीं, बल्कि एक महान शिक्षक भी थे। उन्होंने महाभारत काल के कई प्रमुख योद्धाओं को युद्व और अस्त्र-शास्त्र की शिक्षा दी। उनके प्रमुख शिष्य भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण थे। इनकी शिक्षा से यह शिष्य युद्व कला में निपुण बने और इतिहास में अमर हो गए। अक्षय तृतीया को परशुराम जी का जन्मोत्सव मनाया जाता है जिसे इसे अत्यंत शुभ माना जाता है। इस दिन पूजा, दान और अच्छे कार्य करने का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किए पुण्य कार्यों का फल समाप्त नहीं होता। परशुराम जी को चिरंजीवी यानी अमर माना जाता है। कहा जाता है कि वे आज भी पृथ्वी पर रहते हैं। और आवश्यकता पड़ने पर धर्म की रक्षा के लिए प्रकट होते हैं। वे सात चिरंजीवियों में से एक हैं। उनकी अमरता और धर्म रक्षा की विशेषता उन्हें अन्य अवतारों से अलग बनाती है। भगवान परशुराम के कार्य और जीवन समाज और मानवता के लिए प्रेरक हैं। उन्होंने अधर्मी और अत्याचारी लोगोंका नाश करके धर्म की स्थापना की। उनका जीवन यह सिखाता है की शक्ति, ज्ञान और कौशल का प्रयोग हमेशा धर्म और समाज की भलाई के लिए होना चाहिए।इस दौरान समिति सदस्य मौजूद रहे।

# करूला इलाके में युवक के साथ जमकर मारपीट वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के कटघर थाना क्षेत्र में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना करूला इलाके की गली नंबर 1 की है, जहां कुछ दबंग युवकों ने मिलकर एक युवक को बीच सड़क पर घेर लिया और जमकर पिटाई की।वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हमलावर युवक को लात-घूंसों और डंडों से मार रहे हैं, जबकि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बने खड़े हैं। पीड़ित युवक खुद को बचाने की कोशिश करता रहा, लेकिन हमलावर लगातार उस पर हमला करते रहे। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।सूत्रों के अनुसार, मारपीट की वजह आपसी विवाद बताई जा रही है, हालांकि अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। कटघर थाना पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच शुरू कर दी है और वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।



पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी कानून हाथ में लेने की इजाजत नहीं दी जाएगी। फिलहाल घायल युवक की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## गुमशुदा बच्चे को 2 घंटे में खोजकर परिवार को सौंपा, गलशहीद पुलिस का सराहनीय कार्य

**मुरादाबाद।** थाना गलशहीद पुलिस ने तत्परता और सूझबूझ का परिचय देते हुए लापता हुए एक बच्चे को महज दो घंटे के भीतर खोजकर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इस सराहनीय कार्य के लिए परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।जानकारी के अनुसार, 18 अप्रैल की रात करीब 9 बजे ईदगाह चौराहे पर एक बच्चा लावारिस हालत में घूमता हुआ मिला। पूछताछ करने पर बच्चे ने अपना नाम वंश पुत्र हरिओम बताया, लेकिन वह अपना पता और मोबाइल नंबर बताने में असमर्थ रहा। मामले की जानकारी मिलते ही थाना गलशहीद के प्रभारी ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर बच्चे के परिजनों की तलाश शुरू कराई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन और पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में टीम ने सक्रियता दिखाते हुए सीसीटीवी कैमरों और अन्य स्रोतों की मदद से बच्चे की पहचान कराई। अथक प्रयासों के बाद करीब दो घंटे के भीतर बच्चे के परिजनों का पता लगा लिया गया। बाद में बच्चे को उसके पिता हरिओम सैनी निवासी लालबाग, काली माता मंदिर क्षेत्र, थाना मुगलपुरा को आवश्यक हिदायत के साथ सुरक्षित सौंप दिया गया। बच्चे के सकुशल मिलने पर परिवार ने राहत की सांस ली और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।



इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मुरादाबाद पुलिस आमजन की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।

## एक नजर

### महानगर में धूमधाम से मनाया गया परशुराम जन्मोत्सव भगवान परशुराम चौक पर किया गया हवन पूजन




**मुरादाबाद।** अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शहर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। बुद्धि विहार स्थित भगवान परशुराम चौक पर अखिल भारतीय ब्राह्मण जागृति विचार मंच के नेतृत्व में भव्य हवन-पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें महानगर के विभिन्न क्षेत्रों से ब्राह्मण समाज के विद्वान पंडितों और लोगों ने भाग लेकर आहुतियां दीं।कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि जब-जब धरती पर अत्याचार बढ़ा है, तब-तब भगवान परशुराम ने अवतार लेकर अधर्म का नाश किया है। वे न्याय के प्रतीक और शास्त्र-शस्त्र के ज्ञाता माने जाते हैं। हवन-पूजन के बाद शहर में युवाओं द्वारा भव्य बाइक रैली निकाली गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।इसके साथ ही मंडी चौक स्थित शरबती देवी धर्मशाला से शोभायात्रा निकालने की तैयारी भी की गई, जिसमें शहर के कोने-कोने से ब्राह्मण समाज के लोग एकजुट होकर शामिल हुए और अपनी एकता का प्रदर्शन किया। काशीराम नगर में भी विशेष रूप से 201 स्थानों पर हवन कुंड बनाकर प्रत्येक परिवार ने अपने घरों पर भगवान परशुराम का पूजन किया और जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा।रात्रि में लोगों ने अपने घरों पर घी के दीपक जलाकर उत्सव को और भी भव्य रूप दिया। कार्यक्रम में डॉ. प्रमोद शर्मा, देवेंद्र शर्मा, कौशल किशोर द्विवेदी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। हजारों युवाओं की सहभागिता से यह आयोजन सफल और यादगार बन गया।

### हाउस टैक्स बकाया पर सील दुकानों को लेकर जामा मस्जिद क्षेत्र में दुकानदारों ने दिया धरना

**मुरादाबाद।** जामा मस्जिद क्षेत्र स्थित हमसफर शादी हॉल की दुकानों पर नगर निगम द्वारा की गई सीलिंग कार्रवाई के विरोध में रविवार को दुकानदारों ने धरना प्रदर्शन किया। करीब एक माह पहले हाउस टैक्स बकाया होने के चलते दर्जनों दुकानों को सील कर दिया गया था, जिसके बाद से व्यापारियों की आजीविका पूरी तरह प्रभावित हो गई है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले एक महीने से दुकानें बंद होने के कारण उनके सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इसी समस्या से परेशान होकर सभी प्रभावित व्यापारी एकजुट हुए और हड़ताल पर बैठकर विरोध जताया।



प्रदर्शन के दौरान उन्होंने कमेटी के पदाधिकारियों से मांग की कि बकाया हाउस टैक्स जल्द जमा कर दुकानों की सील खुलवाई जाए, ताकि वह अपना कारोबार दोबारा शुरू कर सकें।व्यापारियों ने बताया कि लाखों रुपये के टैक्स बकाया के चलते नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए दुकानों को सील किया है, जिससे उनके परिवारों की आर्थिक स्थिति डगमगा गई है। धरने के दौरान दुकानदारों ने नारेबाजी करते हुए प्रशासन के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की।धरना प्रदर्शन की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया।

इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद मौज्जम अली भी मौके पर पहुंचे और दुकानदारों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। पार्षद ने आश्वासन दिया कि इस समस्या का जल्द समाधान निकालने के लिए प्रयास किए जाएंगे।पुलिस के अनुरोध और पार्षद के आश्वासन के बाद दुकानदारों ने धरना समाप्त कर दिया। फिलहाल इस मामले को लेकर थाने में वार्ता जारी है। दुकानदारों को उम्मीद है कि जल्द ही कोई सकारात्मक समाधान निकलकर सामने आएगा, जिससे उनकी दुकानें फिर से खुल सकेंगी और उनका कारोबार पटरी पर लौट सकेगा।

### गणेशपुर में किसान के घर दीवार में नकब लगाकर चोरी, 1.24 लाख नकदी व जेवरात ले उड़े चोर

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव गणेशपुर में शनिवार रात चोरों ने किसान के घर को निशाना बनाया। चोर खुर्शीद पुत्र खैराती के घर की पिछली दीवार में नकब लगाकर एक लाख 24 हजार रुपये की नकदी, गुल्लक में रखे रुपये और सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित किसान खुर्शीद ने बताया कि उनके मकान की पिछली दीवार जंगल की ओर है। रात में परिजन घर में सो रहे थे।

इसी दौरान चोरों ने जंगल वाली दीवार में नकब लगाकर घर में प्रवेश किया। चोर कमरे में रखी नकदी, गुल्लक और अलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवरात समेट कर फरार हो गए। सुबह जागने पर परिजनों को चोरी की जानकारी हुई। घर का सामान बिखरा पड़ा था और दीवार में बड़ा छेद मिला।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने गांव में रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

# ओवरटेक के दौरान ट्रैक्टर में पीछे से घुसा टैंकर, तीन गंभीर घायल

### कुंदरकी बिलारी बाईपास पर हादसे से मचा हड़कंप, चालक मौके से फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** बिलारी बाईपास पर जलालपुर मोड़ के पास शनिवार को एक तेज रफ्तार टैंकर और ट्रैक्टर-ट्राली के बीच जोरदार टक्कर हो गई। दोनों वाहन बिलारी की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर चालक ओवरटेक कर रहा था, तभी पीछे से आ रहे टैंकर (नंबर यूपी 81जी.टी. 2959) ने ट्रैक्टर के आगे इंजन हिस्से में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ट्रैक्टर पर सवार भूरे राजपूत पुत्र कल्लू, रामचंद्र जाटव पुत्र केवल राम और राजेश दिवाकर पुत्र गया राम निवासी पुरैनिया खुर्द थाना मिलक, जनपद रामपुर गंभीर रूप से घायल हो गए।




सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कुंदरकी भेजा। घटना के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बन गई, जिसे पुलिस ने तत्परता से खुलवा दिया। पुलिस ने टैंकर को कब्जे में ले लिया है, जबकि उसका चालक मौके से फरार हो गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कुंदरकी ने बताया कि फिलहाल कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है और तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट का सराहनीय कार्य, ब्लड डोनेशन कैंप का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला अस्पताल के सहयोग से मिडटाउन क्लब में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल का उद्देश्य अस्पताल में रक्त की कमी को पूरा करना और थैलेसीमिया से पीड़ित जरूरतमंद मरीजों की मदद करना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी सलिल सक्सेना तथा एडवोकेट कपिल गुप्ता (महासचिव, द बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप सक्सेना एडवोकेट द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत के साथ हुई।अपने संबोधन में एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने ट्रस्ट के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा मानव सेवा का कार्य है। वरिष्ठ समाजसेवी सलिल सक्सेना ने रक्तदाताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि जो लोग रक्तदान करते हैं, वे मानवता के सच्चे सेवक हैं और समाज के लिए उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर दीपक सक्सेना,



शिवम सक्सेना, दिलीप कृष्ण भटनागर, अरविंद सक्सेना, नीलम भटनागर, अजित भटनागर, राजीव सक्सेना, मधु सक्सेना, दीपाली सक्सेना, संध्या सेठ, प्रेरणा भटनागर, प्रेम प्रकाश भटनागर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में मुरादाबाद मंडल के विद्यालयों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों उप प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के बीच गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में रविवार को विद्यार्थियों को अद्यतन, गुणवत्ता पूर्ण एवं उत्कृष्ट शिक्षण उपलब्ध कराने तथा व्यवधान रहित पठन-पाठन के उद्देश्य से विद्यालयों के प्रबन्धकों, प्रधानाचार्यों, उप प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों के बीच "गुणवत्तापूर्ण शिक्षण" विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पार्पण कर वंदना के साथ किया गया। साथ ही आईएफटीएम संस्थान के संस्थापक स्व0 श्री ओंकार सरन कोठीवाल के चित्र पर भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री राजीव कोठीवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार हेतु सभी शिक्षण संस्थानों में उच्च पदों पर कार्यरत शिक्षाविदों, प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के बीच विमर्श होते रहना चाहिए, ताकि अध्ययन एवं अध्यापन में आने वाले व्यवधानों को आसानी से दूर किया जा सके। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि हमारे विश्वविद्यालय को शैक्षिक संस्था की गुणवत्ता के मानकों के आधार पर राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद, नैक, द्वारा ग्रेड 'ए' प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा विश्वविद्यालय को फार्मेसी केटेगरी में नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क, एनआईआरएफ द्वारा 93वीं रैंक भी प्राप्त हो चुकी है। जो कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तथ्यों व उद्देश्यों पर विस्तार के साथ प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में छात्र-छात्राओं में विषय विशेष के उत्कृष्ट शिक्षण के साथ-साथ नैतिक मूल्यों तथा राष्ट्रीय भावना के विकास हेतु सामग्री भी निहित है। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने विद्यार्थियों की शिक्षण सम्बन्धी अथवा अन्य किसी भी प्रकार की समस्याओं का शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति से शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक बदलाव नजर आ रहे हैं तथा विद्यार्थियों को विषय के चुनाव के और अधिक विकल्पों के साथ रोजगार प्राप्त करने अथवा उद्यमी बनने में सहायता मिल रही है। उन्होंने कहा कि हम सभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च शिक्षण संस्थाओं के साथ एमओयू हस्ताक्षरित कर रहे हैं। इससे शिक्षण और शोध कार्यों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।



कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में अच्छी शिक्षा और अच्छा करियर सभी स्टूडेंट्स और उनके माता-पिता का सपना होता है। हम सभी को एकजुट होकर विद्यार्थियों को अच्छी से अच्छी शैक्षिक सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में निरन्तर प्रयत्नशील रहना चाहिए। कार्यक्रम के संयोजक व अतिरिक्त निदेशक-प्रवेश एवं प्रतिकुलपति-एकेडेमिक्स एण्ड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने विश्वविद्यालय में संचालित सभी पाठ्यक्रमों, विश्वविद्यालय की नई उपलब्धियों, इन्क्यूबेशन सेंटर, स्किल डेवलपमेंट आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के लिए व्यवधानरहित व उत्कृष्ट शिक्षण की दिशा में अपने सुझाव देने हेतु सभी आगन्तुकों को आमंत्रित भी किया, जिनमें से कुछ ने इस सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट भी किए। इस दौरान आगन्तुकों की शंकाओं का निदान भी किया गया व एक स्वस्थ द्विपक्षीय संवाद स्थापित हुआ। विश्वविद्यालय के निदेशक- प्रवेश व प्रतिकुलपति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान प्रतिकुलपति- रिसर्च एण्ड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी. के. सिंह, आई टी सेल के निदेशक डॉ. दीपांकर भारद्वाज समेत समस्त स्कूलों के निदेशकगण, अधिकारीगण एवं विभागाध्यक्षों समेत मुरादाबाद मंडल के 400 विद्यालयों के 3000 से अधिक प्रबन्धक, प्रधानाचार्य, उप प्रधानाचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी आगन्तुकों को विश्वविद्यालय की ओर से प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में आयोजित प्रीतिभोज के दौरान भी सभी आगन्तुकों तथा विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों के मध्य विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु विचारों का आदान-प्रदान हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. वैभव त्रिवेदी ने किया।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री कपिल गिल, डॉ. उत्कर्ष त्यागी, डॉ. देश दीपक, श्री अंकुर जैन, श्री हरप्रीत चावला, श्री राज बहादुर, श्री पुलकित शर्मा, श्री शशांक कुमार, श्री आशीष नगीला, कैम्पस मैनेजर श्री मुजाहिर, ट्रांसपोर्ट इंचार्ज श्री सत्येंद्र सिंह सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

# लगन लेकर जा रहे ट्रैक्टर को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, दो गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** शादी की खुशियां



लेकर निकले परिवार के लिए शनिवार रात का सफर मातम में बदल गया। जलालपुर मोड़ पर हुए भीषण सड़क हादसे में लगन लेकर जा रहे ट्रैक्टर को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में रामचंद्र की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी भूरे और राजेश गंभीर रूप से घायल हैं और जिंदगी-मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं।ओवरटेक के दौरान हुआ हादसा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा बीती रात ओवरटेक के दौरान हुआ। तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर बुरी तरह चकनाचूर हो गया।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात थम गया।राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से तीनों घायलों को ट्रैक्टर से बाहर निकाला और तत्काल अस्पताल भिजवाया। अस्पताल में इलाज के दौरान रामचंद्र ने दम तोड़ दिया। रामचंद्र की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जिस घर में शहनाई बजनी थी, वहां अब सिसकियां गूंज रही हैं।दो की हालत नाजुक, चालक फरार

भूरे और राजेश की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। दोनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और परिजन उनके जल्द स्वस्थ होने की दुआ कर रहे हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक मौके से फरार हो गया।

पुलिस उसकी तलाश में जुटी है।स्थानीय लोगों ने बताया कि जलालपुर मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार और गलत ओवरटेक के कारण हादसे होते रहते हैं। लोगों ने मोड़ पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। एक पल की रफ्तार ने परिवार की खुशियां, सपने और घर का सहारा छीन लिया।

**कार्यालय नगर पंचायत महमूदपुर माफी, जनपद मुरादाबाद।**

**पत्रांक सं0**- 12/न०पं० मह0मा0/2026-27 **दिनांक:**- 18.04.2026

**ई- निविदा सूचना:-**

सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत महमूदपुर माफी, मुरादाबाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में 'आकांक्षी नगर योजना' की प्राप्त धनराशि से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 19.04. 2026 को ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है कार्यो की विस्तृत सूचना एवं ई-निविदा की शर्ते बेबसाईट **hhps://etender.up.nic.in** व किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है। ई-निविदाएँ दिनांक:-19. 04.2026 की दोपहर 12.00 बजे से दिनांक:-18.05.2026 की शाम 05.00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। प्राप्त ई-निविदाएँ दिनांक:-19.05.2026 को कार्यालय अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुरादाबाद में अपरान्ह 02.00 बजे ई-निविदाताओं की उपस्थिति में खोली जाऐंगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद मुरादाबाद**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत महमूदपुर माफी**
**जनपद मुरादाबाद**

## सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत, पति-बेटा गंभीर घायल

**चन्दौसी।** मिलक मौलागढ़ क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार प्रेमशंकर सैनी (54) निवासी मिलक मौलागढ़



अपनी पत्नी लक्ष्मी और बेटे यश के साथ सुबह करीब 8:30 बज बाइक से खेत पर खीरा तोड़ने जा रहे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार थे। जैसे ही उनकी बाइक मौलागढ़ की पुलिया के पास पहुंची, सामने से आ रही दूसरी बाइक से आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर लगते ही लक्ष्मी बाइक से छिटककर सड़क पर गिर पड़ी, जबकि प्रेमशंकर दूसरी ओर गिर गए। इसी दौरान पीछे से आ रही सीमेंट से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लक्ष्मी के ऊपर चढ़ गई। चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन ट्रैक्टर समय पर नहीं रुक सका और महिला के सिर पर पहिया चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने लक्ष्मी को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल प्रेमशंकर और उनके बेटे यश को प्राथमिक उपचार के बाद मुरादाबाद रेफर किया गया। घटना की सूचना पर इंस्पेक्टर अनुज तोमर व एसएसआई मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को चालक सहित हिरासत में ले लिया है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई गई परशुराम जयंती

**चन्दौसी।** एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में परशुराम जयंती का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण पूरी तरह धार्मिक और उत्साहपूर्ण बना रहा। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, परंपराओं और महान व्यक्तित्वों के



बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद बच्चों को भगवान परशुराम के जीवन, आदर्शों और उनके योगदान के बारे में सरल और रोचक ढंग से बताया गया, जिससे वे सहज रूप से समझ सकें। विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बताया कि परशुराम जयंती हिंदू धर्म का महत्वपूर्ण पर्व है, जो भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि परशुरामजी का अवतार अधर्म और अत्याचार के अंत के लिए हुआ था। शिक्षिका प्रिया ने बताया कि उनका मूल नाम 'राम' था और भगवान शिव से 'परशु' प्राप्त होने के बाद वे परशुराम कहलाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रिया, रूपाली, काजल, इशिता, मनप्रीत, शालू, निशा, संतोष, नीरज, सरिता, सोनल, दीक्षा, रक्षा व शिल्पा सहित सभी स्टाफ का योगदान रहा।

## कैथल में अंबेडकर जयंती पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम कैथल में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया, शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड बाजे, डीजे के साथ अंबेडकर अनुयाई पूरे जोश के साथ बाबा साहब तथा भगवान तथागत बुद्ध की नारे लगाते हुए चल रहे थे। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व प्रदेश कोऑर्डिनेटर सतीश प्रेमी ने शोभायात्रा का फीता काटकर शुभारंभ किया। सर्वप्रथम नारे लगाते हुए भगवान् तथागत बुद्ध व बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में मौजूद पूज्यनीय भंते जी ने पंचशील का पाठ कर सभी से धम्म के मार्ग पर चलने आवाह्न किया। कार्यक्रम में रामरूप सिंह रूपी, विमलेश कुमारी, योगेश कुमार, विनोद कुमार एड०, मुकेश गौतम, कपिल देव, अमरपाल सिंह, हरिशंकर, कुमेश कुमार, दीपक कुमार, विजेंद्र सिंह, राहुल गौतम, प्रमोद कुमार, कैलाश चटवाल, राजू अनजान, सुरेश गौतम, दिनेश बाबू, प्रताव सिंह, प्रमोद कुमार, जगराम सिंह, हरिशंकर भारती आदि मौजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# गोपीवाला में कपड़े के गोदाम में भीषण आग
# छह लाख का नुकसान, आगजनी की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव गोपीवाला में रविवार देर रात एक कपड़े के गोदाम में भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। घटना में करीब छह लाख रुपये का कपड़ा जलकर राख हो गया, जबकि गोदाम की दीवार और टीन भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। आग लगने के कारणों को लेकर पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति द्वारा आगजनी की आशंका जताई है।



जानकारी के अनुसार गांव निवासी अनवर अहमद का कपड़ों का गोदाम गांव में ही स्थित है। उन्होंने बताया कि रविवार की तड़के करीब एक बजे वह गांव में एक दावत में गए हुए थे। इसी दौरान किसी व्यक्ति ने उन्हें सूचना दी कि उनके गोदाम में आग लग गई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गोदाम के अंदर से आग की लपटें उठ रही थीं, जबकि बाहर से ताला बंद था। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। मुरादाबाद के कटघर से पहुंचीं फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत के बाद करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। तब तक गोदाम में रखा लाखों रुपये का कपड़ा जलकर पूरी तरह नष्ट हो चुका था। आग की लपटें और धुआं देखकर गांव में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। लोगों ने अपने स्तर से भी आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग इतनी विकराल थी कि काबू पाना मुश्किल हो गया।

पीड़ित अनवर अहमद का आरोप है कि गोदाम में किसी अज्ञात व्यक्ति ने जानबूझकर आग लगाई है, क्योंकि गोदाम बाहर से बंद था। फिलहाल मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है और जांच की मांग की गई है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है, वहीं गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल बना हुआ है।

## फलदार वृक्षों का कटान जारी, जिम्मेदार विभाग बेखबर

**चन्दौसी।** क्षेत्र में फलदार वृक्षों के कटान का मामला लगातार सामने आ रहा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है। पर्यावरण के लिए जीवनदायी माने जाने वाले आम, जामुन जैसे पेड़ों का तेजी से सफाया किया जा रहा है। सरकार ने पेड़-पौधों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी है, लेकिन आरोप है कि कुछ कर्मचारी सांठगांठ कर इस कटान को बढ़ावा दे रहे हैं, जिससे उन्हें कानून का कोई भय नहीं रह गया है। बताया जाता है कि पहले जहां ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बड़े-बड़े बाग हुआ करते थे, वहीं अब भौतिक सुविधाओं की बढ़ती मांग के चलते ये बाग धी रे-धीरे समाप्त हो गए। चन्दौसी के रामबाग रोड पर स्थित चौधरी साहब का प्रसिद्ध बाग इसका उदाहरण है, जहां कभी लोग सुबह-शाम टहलने जाया करते थे। समय के साथ पेड़ों का कटान हुआ और अब वहां हरियाली नाम मात्र को बची है। इसी तरह कैथल क्षेत्र में भी आम और जामुन के विशाल बाग थे, जिन्हें अब प्लॉटिंग कर कॉलोनियों में बदल दिया गया है। ताजा मामला कैथल के नबावपुरा रोड स्थित गाटा संख्या 1516 के पास का है, जहां खेत



मालिक मथुरी प्रसाद व मुकेश के खेत पर खड़े आम और भद के बड़े पेड़ों को अवैध रूप से काट लिया गया। ग्रामीणों के अनुसार, करीब एक सप्ताह पूर्व रात के समय लकड़ी काटने वाले कुछ लोग ट्रैक्टर-ट्रॉली और मशीन लेकर पहुंचे और अंधेरे में ही पहले भद का पेड़ काटकर ले गए। इसके बाद शनिवार देर रात आम का बड़ा देशी पेड़, जिस पर फल लगे थे, उसे भी काटकर ट्रॉली में भरकर ले जाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पेड़ काटने की अनुमति होती, तो दिन में कटान किया जाता, लेकिन रात में चोरी-छिपे कटान होने से मामला संदिग्ध है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस और वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लगी। जबकि पहले भी कटान के बाद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे थे। इस संबंध में वन विभाग ने अनभिज्ञता जताई है। क्षेत्रीय लोगों ने इस तरह कटान पर रोक लगाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है, ताकि पर्यावरण की रक्षा हो सके।

## नगर में मुरादाबाद हाईवे पर प्राचीन व प्रसिद्ध मढ़ी मंदिर के निकट आयुर्वेदिक अस्पताल का निर्माण शुरू

### नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने कहा बोर्ड से परमिशन नहीं

**ठाकुरद्वारा।** नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित आयुर्वेदिक अस्पताल के निर्माण कार्य रविवार को पुनः ग्राम समाज फतेहल्लागंज की गाटा संख्या 612 पर प्रारंभ हो गया। नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी ने इस निर्माण कार्य के बारे में बताया कि नगर पालिका द्वारा इस संबंध में कोई भी लेटर अथवा प्रस्ताव बोर्ड में पास नहीं किया गया है। इससे पूर्व गाटा संख्या 595 ग पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का प्रयास किया गया था। किंतु इस गाटा संख्या पर श्री शिवमणि मंदिर एवं अन्य विवादों के चलते निर्माण कार्य नहीं कराया जा सका एवं डीएम के मौखिक आदेश के बाद इसको अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने के आदेश दिए गए। उल्लेखनीय है कि फतेहगंज की संख्या 595 की भूमि को श्री शिव मढ़ी मंदिर कमेटी ने मंदिर की भूमि बताया था। इस पर निर्माण किए जाने का कड़ा विरोध किया था, जिसके बाद यह मामला मुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री तक पहुँचा। प्रभारी मंत्री के हस्तक्षेप और जिलाधिकारी (डीएम) के आदेश पर पुराने स्थान पर निर्माण रोक दिया गया था। नई भूमि का आवंटन और पैमाइश आदेश जिलाधिकारी ने दिए थे। इसके बाद उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने हल्का लेखपाल हिमांशु कुमार को अस्पताल निर्माण के लिए अन्य भूमि उपलब्ध कराने के लिए कहा था, जिसके लिए गाटा संख्या 612 की पैमाइश गई थी। इसी के चलते



अस्पताल के लिए मुरादाबाद हाईवे पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर मढ़ी के निकट गाटा संख्या 612 में भूमि आवंटित की गई गई है। एसडीएम के आदेश पर हल्का लेखपाल हिमांशु ने करीब 450 वर्ग मीटर भूमि की पैमाइश की प्रक्रिया पुरी की थी। किंतु इस संबंध में नगर पालिका द्वारा बोर्ड में इसका प्रस्ताव पास कर विधिक कार्य पूरा नहीं किया गया है। इसी अधूरी प्रक्रिया के चलते इस निर्माण कार्य के पुनः शुरू होने के बाद एक बार फिर लटकने की संभावना बढ़ गई है। वर्तमान में यह आयुर्वेदिक अस्पताल नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक छोटे हिस्से में संचालित हो रहा है। श्री शिव मंदिर सेवा ट्रस्ट पदाधिकारी ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि यह यह प्रक्रिया भी शीघ्र दूर हो जाएगी एवं आयुर्वेदिक चिकित्सालय का निर्माण प्रारंभ हो जाएगा इससे जनता को इसका लाभ मिलेगा।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लधु सिंचाई खण्ड, मुरादाबाद**

पत्रांक – 47 / ल0 सि0 /पा0 आ0 पं0/ 2026 – 27 दिनांक– 16.04.2026

अल्पकालीन पंजीकरण सूचना सं0 02/2026–27

समस्त बोंरिगकर्ता ठेकेदारो/फर्मो को सूचित किया जाता है कि लघु सिंचाई खण्ड मुरादाबाद में विभाग द्वारा संचालित "मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना" के अन्तर्गत लघु एवं सीमान्त कृषकों को 110 एम0एम0 व्यास के उथले बोरिंग (अधिकतम गहराई 30 मी0 तक). छिद्रण हेतु ड्रिलिंग फर्मो से पंजीकरण आवेदन आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक फर्म निम्न प्रपत्र सहित आवेदन उपलब्ध करायें।

पंजीकरण आवेदन प्रपत्र नकद शुल्क रू0 300–00 व जी0एस0टी0 देकर दिनांक 22.04..2026 से दिनांक 28.04.2026 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से पंजीकरण आवेदन पत्र एवं आवश्यक शर्ते प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन प्रपत्र दिनांक 29.04.2026 को सांय 5.00 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। दिनांक 30.04.2026 को पूर्वाहन 11.00 बजे तक उपस्थित फर्मो अथवा उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में खोली जायेगी। उक्त तिथि में से किसी भी दिनांक को अवकाश धोषित होने पर कार्यवाही अगले दिन होगी। प्रपत्रो के परीक्षणोपरान्त सक्षम स्तर से पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण की जायेगी। पंजीकरण की वैधता दिनांक 30.06.2027 तक होगी। कार्य के सम्बन्ध में अन्य जानकारी कार्यालय से ली जा सकती है। निधारिंत तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र स्वीकर नही किये जायेंगे। आवेदन पत्र के साथ निम्न प्रपत्र उपलब्ध कराया जाना आवश्यक होगा।

क0 सं0–1 अधोहस्ताक्षरी के पदनाम से बन्धक राष्ट्रीयकृत बैंक /Scheduled commercial bank की एफ0डी0आर0 /एन0एस0सी0 पृथक–पृथक रू0 25,000–00 (पच्चीस हजार) एवं रू0 100–00 का स्टॉम्प पेपर एक रू0 के रसीदी टिकट के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करें।

क0 सं0–2 ड्रिंलिग एजेन्सी/फर्म का पंजीकरण भू–गर्भ जल विभाग के पोर्टल/बेबसाईट https://upgwdonline.in/ पर होना अनिवार्य है। भू–गर्भ जल पोर्टल पर पंजीकरण प्रमाण पत्र 6 ए की प्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगा।

क0 सं0–3 जी0एस0टी0 प्रमाण पत्र की छाया प्रति, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छाया प्रति, फर्म का बैध हेसियत एवं चरित्र प्रमाण पत्र की छाया प्रति एवं विगत तीन वर्षो का आई0टी0आर0।

UPID: 250118 Date: 17/04/2026
Website:www.up.gov.in

अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड,
मुरादाबाद।

## दहेज उत्पीड़न, मारपीट और तीन तलाक के आरोप महिलाओं सहित 12 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां विवाह के कुछ ही समय बाद ससुराल पक्ष द्वारा विवाहिता से 50 लाख रुपये की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया गया। इतना ही नहीं, पीड़िता ने ससुराल पक्ष पर घर में घुसकर मारपीट करने, अश्लील हरकतें करने और सार्वजनिक रूप से तीन तलाक देने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए हैं। नगर के मोहल्ला वार्ड 7पहाड़ों वाला निवासी गुलशन पुत्री नसीम अहमद ने पुलिस को भी तेरे में कहा कि उसकी शादी 3 मार्च 2024 को ग्राम पत्थर पत्थर खेड़ा गांवड़ीघ/शिवनगर निवासी शमशाद हुसैन के पुत्र नसीम अहमद से मुस्लिम रीति-रिवाज से हुई थी। विवाह के दौरान पीड़िता के पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन आरोप है कि ससुराल पक्ष इससे संतुष्ट नहीं था और शादी के कुछ समय बाद ही ताने देने शुरू कर दिए गए। पीड़िता का आरोप है कि विवाह के लगभग एक माह बाद से ही पति, सास जाफरी उर्फ मुन्नी, ससुर नन्हे, देवर नाजिल व नाजिम समेत अन्य परिजनों ने मिलकर 50 लाख रुपये की मांग रखी। जब उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, तो उसके साथ मारपीट की गई और उसे घर से निकाल दिया गया। साथ ही चेतावनी दी गई कि जब तक रकम नहीं लाई जाएगी, उसे घर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परिजनों ने ससुराल पक्ष से समझौते का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि वे अपनी मांग पर अड़े रहे। मामले ने उस समय और गंभीर रूप ले लिया, जब पीड़िता ने आरोप लगाया कि हाल ही में आरोपी पक्ष के कई लोग उसके मायके पहुंचकर जबरन घर में घुस आए और 50 लाख रुपये की मांग दोहराते हुए उसके साथ मारपीट व अभद्रता की। बीच-बचाव करने आए माता-पिता के साथ भी बदसलूकी की गई। जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए।

ललिता की तारीफ पर पुलिस ने महिलाओंसहित 12 लोगों के खिलाक मुकदमा दर्ज कर जान शुरू कर दी।

## भूसे भरे ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, तीन वर्षीय मासूम गंभीर घायल

**ठाकुरद्वारा।** करनपुर डिलारी मार्ग पर मायके से पति और बेटे के साथ बाइक ससुराल जा रही महिला की भूसे भरे ट्रक की टक्कर से महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन वर्षीय मासूम और उसका पति घायल हो गए। परिजनों ने मासूम को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जबकि पुलिस ने महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। थाना डिलारी के गांव करनपुर निवासी यशोदा उर्फ चुनमुन 30 वर्षीय अपने पति मनीष कुमार और तीन वर्षीय बेटे श्रेविक के साथ बाइक से रविवार को अपनी ससुराल थाना भगतपुर के गांव बढ़ापुर कूरी जा रही थी। करनपुर डिलारी मार्ग पर गांव रहटा माफी के पास तेज रफ्तार भूसे भरे ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार दंपति सहित मासूम सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें गंभीर रूप से घायल चुनमुन उर्फ यशोदा व उसके तीन वर्षीय पुत्र श्रेविक को उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान यशोदा उर्फ चुनमुन की मौत हो गई और मासूम की हालत भी नाजुक बनी है। महिला की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया है। महिला की मौत के बाद घायल पति सहित अन्य परिजनों का रोते बिखलते बुरा हाल है।

## एक नजर

### मोहम्मद अर्श ने 94.6 प्रतिशत अंक लाकर किया सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल का नाम रोशन




**कांठ( शाह टाइम्स )** सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल कांठ के सी.बी.एस.ई.के सत्र 2025 – 26 में कक्षा 10 की परीक्षा में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमे मोहम्मद अर्श ने 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सेंट पॉल्स इंटरनेशनल स्कूल का परचम लहराया। बॉबी यादव ने 94 प्रतिशत, इरम फातिमा ने 93.4 प्रतिशत, समर्थ बिश्नोई ने 92 प्रतिशत, अनुष्का सिंह व सौम्या यादव ने 91.8 प्रतिशत, अबुबकर ने 91 प्रतिशत, इफरा परवीन व मोहम्मद वसी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र, शिक्षकों और अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रबन्धक जितेन्द्र विश्नोई ने कहा कि शिक्षक व अभिभावक छात्र छात्राओं का मार्गदर्शन करें, उन्हें अत्यधिक तनाव में न रहने दें। अध्ययन के साथ साथ खेलकूद में भी ध्यान दे। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर सचिन विश्नोई ने कहा कि परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करना महत्व नहीं रखता, बल्कि यह महत्व रखता है कि हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करना है। विद्यालय की प्रधानाचार्य ममता विश्नोई ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन, अध्ययन एवं अभ्यास का होना अति आवश्यक है। छात्र विद्यालय में अनुशासित होकर अध्ययन करें और घर पर उस अध्ययन का अभ्यास करें। तब ही वह विद्यार्थी अपने जीवन में सफल हो पाएगा और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेगा। एक आदर्श विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। वह अपने शिक्षक, माता पिता सभी का आदर करे।

### भगवान परशुराम जयंती पर नगर में निकाली शोभा यात्रा



**कांठ( शाह टाइम्स )** भगवान परशुराम जयंती पर नगर में शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा पंडित बाबूराम शर्मा क्षेत्रीय धर्मशाला से प्रारम्भ होकर रामलीला मंदिर, पुराना रोडवेज बस स्टैंड, विश्नोई मंदिर, वैश्य धर्मशाला, मुख्य बाजार, उपदेश नेता का चौराहा, मौहल्ला पट्टीवाला, रविदास मंदिर, रामलीला मंदिर होते हुए गंतव्य पर समाप्त हुई। इससे पहले प्रातः हवन यज्ञ आदि पूरे विधि विधान से किए गए दोपहर को एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें आए अतिथियों ने भगवान श्री परशुराम के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनके बताए हुए मार्ग पर चलने का आवाहन किया। गोष्टी उपरांत शोभा यात्रा निकाली गई जिसका नगर में जगह-जगह पर स्वागत हुआ बिश्नोई समाज के लोगों ने बिश्नोई मंदिर के सामने भगवान श्री परशुराम शोभा यात्रा और इसके आयोजक भावेश शर्मा का फूल मालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में दिवाकर शर्मा, विकास शर्मा, कुलदीप कौशिक, विकास शर्मा, यतेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, मुकेश शर्मा, संजय कौशिक, रतेश शर्मा, सत्यप्रकाश शर्मा, अनन्त शर्मा, सार्व शर्मा, आकाश शर्मा आदि उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम के आयोजन आचार्य भावेश शर्मा ने किया।

## नगर के अलग-अलग मंदिरो पर श्री परशुराम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**ठाकुरद्वारा।** नगर के खाकेश्वर मंदिर (बड़ा बाजार) और पीपल टोला स्थित हनुमान मंदिर में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ब्राह्मण समाज द्वारा आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे हवन से हुई। तत्पश्चात दोपहर



12 बजे श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के प्रसाद (भंडारा) को ग्रहण किया। वहीं पीपल टोला स्थित शिव पंचशील धाम मंदिर के प्रबंधक रुद्र दत्त शर्मा के नेतृत्व में भी ब्राह्मण समाज ने यह उत्सव मनाया। इस अवसर पर रुद्र दत्त शर्मा ने भगवान परशुराम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि शास्त्रों के अनुसार भगवान परशुराम अष्टचिरंजीवियों में से एक हैं, जो कलियुग के अंत तक जीवित रहेंगे। वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उनका जन्मोत्सव वैशाख शुक्ल तृतीया (अक्षय तृतीया) को मनाया जाता है। श्री शर्मा ने कहा कि महेंद्र पर्वत पर निवास करने वाले परशुराम जी धर्म की रक्षा और अधर्म के विनाश के प्रतीक हैं। कार्यक्रम में अवनीश कुमार शर्मा, दिनेश कुमार पुठिया, दीपू पांडे, श्रीकांत त्रिवेदी, आशीष मिश्रा, देवांश भारद्वाज, रोहित भारद्वाज, सोनू शर्मा, आयुष शर्मा, इलू शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, रितेश शर्मा, अतुल रूहेला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## गेहूं की कटाई करने जा रही आ रही महिला को कार चालक ने मारी टक्कर, मौके पर मौत

**ठाकुरद्वारा।** गेंहू की फसल की कटाई करने जा रहे दंपति को कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें महिला की मौक मौके पर मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव रतूपुरा निवासी चंद्र मोहन सिंह अपनी पत्नी 48 वर्षीय सुनीता देवी के साथ रविवार को गेंहू की कटाई करने खेत पर पैदल जा रहे थे। तभी गांव से निकलते ही नाहरवाले रास्ते के मोड़ पर पीछे से आ रही तेज गति से कार ने टक्कर मार दी। घटना की सूचना पर रानीनांगल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक महिला के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

## अंबेडकर जयंती शोभायात्रा का मुस्लिम समाज ने शरबत पिलाकर किया स्वागत

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के ग्राम कैथल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आकर्षक झांकियां, बैंड-बाजे और डीजे की धुनों के साथ अंबेडकर अनुयायी पूरे उत्साह से शामिल हुए। प्रतिभागी बाबा साहब डॉ. अंबेडकर और भगवान तथागत बुद्ध के जयघोष करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जिससे वातावरण उत्साह और श्रद्धा से भर गया। शरबत वितरण करने वालों में हामिद खान, सरफराज खान, बड्डन खान, नजर हुसैन सहित अन्य लोग शामिल रहे। इस पहल की लोगों ने सराहना की और इसे सामाजिक एकता का प्रतीक बताया।

# रिंकू ने दिलाई कोलकाता को पहली जीत

### KKR ने RR को 4 विकेट से हराया, रिंकू के नाबाद 53 रन वरुण- कार्तिक को 3-3 विकेट

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने IPL 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करते हुए राजस्थान रायल्स (आरआर) को 4 विकेट से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान 20 ओवर में 155/9 ही बना सकी। जवाब में कोल. काता ने 19.4 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। टीम की जीत में रिंकू सिंह ने नाबाद 53 रन की अहम पारी खेली। राजस्थान की यह लगातार दूसरी हार रही और टीम 8 पाइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि कोलकाता पहली जीत के साथ 9वें नंबर पर पहुंच गई है।




वैभव-यशस्वी के बीच 81 रन की साझेदारी टीम के लिए ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने सबसे ज्यादा 46 रन बनाए। उनके और यशस्वी जायसवाल के बीच पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी हुई। वैभव के अलावा यशस्वी जायसवाल ने 39, शिमरोन हेटमायर ने 15 और रियान पराग ने 12 रन बनाए। पांच बैटर्स सिंगल डीजिट में आउट हुए। सुनील नरेन ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर रन आउट हुए। कोलकाता के लिए वरुण चक्रवर्ती और कार्तिक त्यागी ने 3-3 विकेट झटके। अनुकूल राय ने नाबाद 29 रन बनाए 156 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कोल. काता के 85 रन पर 6 विकेट गिरा दिए थे। लेकिन रिंकू सिंह (नाबाद 53) और अनुकूल राय (नाबाद 29) ने मैच पलट दिया। कोलकाता के लिए रिंकू और अनुकूल राय के अलावा कैमरन ग्रीन ने 29 और रोवमन पावेल ने 27 रन बनाए। राजस्थान के लिए रवींद्र जडेजा ने 2 विकेट लिए। जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई, नांद्रे बर्गर और यश पुंजा को 1-1 विकेट मिला। यश राज पुंजा ने 13.3 ओवर में अपना पहला आईपीएल विकेट हासिल किया। रमनदीप सिंह कवर ड्राइव खेलने के लिए आगे बढ़े, लेकिन गेंद तेज और बाहर थी, जिससे उनका अंदरूनी किनारा लग गया। गेंद सीधे स्टंप्स पर जा लगी और रामनदीप 13 गेंदों में 10 रन बनाकर बोल्ड हो गए। यह यश पुंजा के लिए एक खास पल रहा, क्योंकि वे आज डेब्यू मैच में अपना पहला आईपीएल विकेट लिया। 10.1 ओवर में जडेजा ने रोवमन पावेल को आउट कर दूसरी सफलता हासिल की। पावेल आगे बढ़कर लॉन्ग-ऑन के ऊपर बड़ा शाट खेलना चाहते थे, लेकिन गेंद की पिच तक नहीं पहुंच पाए और टाइमिंग बिगड़ गई।

गेंद बल्ले के निचले हिस्से से लगकर हवा में गई, जहां डेनोवोन फरेरा ने आसान कैच लपक लिया। पावेल 20 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे। 6.6 ओवर में रवींद्र जडेजा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अंगकृष रघुवंशी को एसबीडब्ल्यू कर दिया। रघुवंशी रिवर्स स्वीप खेलने की कोशिश में पूरी तरह चूक गए और गेंद सीधे उनके पैड पर लगी, जो ऑफ स्टंप के सामने थी। जडेजा के इस ओवर में सिर्फ 1 रन आया और एक अहम विकेट मिला। रघुवंशी 19 गेंदों में 10 रन बनाकर आउट हुए। कोलकाता के पावरप्ले में 51 रन पर 3 विकेट गिरे। इस दौरान कैमरन ग्रीन, अजिंक्य रहाणे और टिम साइफर्ट आउट हुए। 4.4 ओवर में रवि बिश्नोई ने बड़ा विकेट दिलाया। कैमरन ग्रीन आगे बढ़कर खेलने गए, लेकिन बिश्नोई ने चतुराई से गुगली लेग साइड पर डाल दी, जो और ज्यादा टर्न हो गई। विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने शानदार फुर्ती दिखाते हुए बाईं ओर डाइव लगाकर गेंद पकड़ी और एक हाथ से सीधे स्टंप्स पर मार दिया। ग्रीन काफी बाहर रह गए थे और थर्ड अंपायर ने उन्हें आउट करार दिया। ग्रीन 13 गेंदों में 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। बतौर ओपनर सबसे ज्यादा डक के मामले में अजिंक्य रहाणे 12 बार शून्य पर आउट होकर टाप पर पहुंच गए हैं। उनके बाद पार्थिव पटेल (11), शिखर धवन (10), गौतम गंभीर (10) और डेविड वार्नर (9) का नाम आता है। कोलकाता को लगातार दूसरे ओवर में झटका लगा। 1.2 ओवर में नांद्रे बर्गर ने अजिंक्य रहाणे को आउट कर केकेआर को बड़ा झटका दिया। आफ स्टंप के बाहर शार्ट गेंद पर रहाणे कट शाट खेलने गए।

# अनिरुद्ध चंद्रशेखर ने जीता बुसान ओपन टेनिस युगल खिताब

**(दक्षिण कोरिया), वार्ता।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी अनिरुद्ध चंद्रशेखर और उनके जापानी जोड़ीदार ताकेरू युजुकी ने रविवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए बुसान ओपन 2026 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट का युगल खिताब जीत लिया। आज यहां खेले गए मुकाबले में दूसरी वरीयता प्राप्त अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने पहला सेट हारने के बाद जोरदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त नीदरलैंड के जीन-जुलियन रोजर और अमेरिका के थियोडोर वाइनगर को 4-6, 6-3, 10-7 से हराया। भारत-जापानी जोड़ी ने तीसरे गेम में अपनी सर्विस गंवाने के बाद पहला सेट गंवा दिया था,

लेकिन दूसरे सेट के आठवें गेम में एक अहम ब्रेक लेकर वापसी की और मैच को सुपर-टाईब्रेकर तक पहुंचाया, जिसे उन्होंने जीत लिया। अनिरुद्ध चंद्रशेखर और ताकेरू युजुकी ने बुसान में युगल ड्रॉ के शुरुआती दो राउंड बिना कोई सेट गंवाए आसानी से पार कर लिएद्ध उन्होंने दक्षिण कोरिया के स्थानीय वाइल्डकार्ड जोड़ीदार सुक एन-ग्यून-जून किम और ब्रिटेन की जोड़ी बेन जोन्स-जोशुआ पेरिस को हराया। सेमीफाइनल में, दूसरी वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने सुपर-टाईब्रेकर में भारतीय जोड़ी ऋत्विक बोलिपल्ली और अर्जुन काधे को हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। यह अनिरुद्ध चंद्रशेखर का इस सीजन का पहला खिताब था और ताकेरू युजुकी के साथ जोड़ी के रूप में उनकी पहली जीत थी।

## खेल विशेष

### नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स में सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर की मौत

**बर्लिन, वार्ता।** जर्मनी में एडीएसी 24 नर्बुरग्रिग क्वालिफायर्स के दौरान सात कारों की टक्कर में रेसिग ड्राइवर जुहा मिएट्टिनेन की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। इस स्पर्धा में फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियन मैक्स वेरस्टैपेन भी हिस्सा ले रहे थे। आयोजकों द्वारा शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार, 66 वर्षीय मिएट्टिनेन को गाड़ी से बाहर निकाला गया और मेडिकल सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें बचाने की तमाम कोशिशों के बावजूद उनकी मौत हो गई। यह गंभीर हादसा रेस के शुरुआती चरण में हुआ और इसमें सात ड्राइवर शामिल थे। रेस आयोजकों ने एक बयान में कहा, ष्आपातक. ालीन सेवाओं के तुरंत पहुंचने के बावजूद, आपातकालीन चिकित्सक दुर्घटना में शामिल ड्राइवर, जुहा मिएट्टिनेन को नहीं बचा सके, जिन्हें गाड़ी से बाहर निकाला गया था, मेडिकल सेंटर में उन्हें बचाने की तमाम कोशिशें नाकाम रहने के बाद ड्राइवर की मौत हो गई।

### शिवा व शॉटगन शूटर सबीरा हारिस भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे

**काहिरा, वार्ता।** काहिरा में जूनियर विश्व कप, जो 27 अप्रैल को समाप्त होगा, 21 साल से कम उम्र के निशानेबाजों के लिए इस साल का पहला जूनियर आईएसएसएफ विश्व कप है। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों के मुकाबले शामिल होंगे। इस साल का दूसरा जूनियर विश्व कप सितम्बर में इटली के पोरपेटो में होना तय है, लेकिन वह केवल शॉटगन इवेंट्स के लिए होगा। पिछले साल जर्मनी के सुहल और नई दिल्ली में हुए आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप के अलग-अलग चरणों में, भारतीय निशानेबाजों ने 37 पदक जीते थे, जिनमें 17 स्वर्ण पदक शामिल थे - यह किसी भी फेडरेशन द्वारा जीते गए सबसे ज्यादा पदक थे। हाल के वर्षों में भारतीय निशानेबाजों ने जूनियर शूटिंग प्रतियोगिताओं में कुल मिलाकर अपना दबदबा बनाए रखा है और इस साल भी वे इसी सिलसिले को जारी रखने की उम्मीद करेंगे। काहिरा टूर्नामेंट में, 71 भारतीय निशानेबाज 18 अलग-अलग स्पर्धाओं में पदकों के लिए मुकाबला करेंगे। इनमें से 36 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे।

### श्रीराम बालाजी व नील ओबरलीट्नर ने जीता युगल खिताब

**लिस्बन (पुर्तगाल), वार्ता।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी के एन-श्रीराम बालाजी और उनके ऑस्ट्रियाई जोड़ीदार नील ओबरलीट्नर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को ओइरास 3 एटीपी चैलेंजर टेनिस टूर्नामेंट 2026 का युगल खिताब जीत लिया। आज यहां तीसरी वरीयता प्राप्त इस भारत-ऑस्ट्रियाई टेनिस जोड़ी ने एक कड़े मुकाबले वाले फाइनल में कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस और उरुग्वे के एरियल बेहार को 6(9)-7(7), 6-4, 11-9 से हराकर खिताब अपने नाम किया।

# आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फटी, अगले मैच में खेलना मुश्किल


**हैदराबाद, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स के बैटिंग कोच माइकल हसी ने उप्पल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 10 रन की हार के बाद पुष्टि की कि आयुष म्हात्रे की हैमस्ट्रिंग फट गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह चोट ष्काफी गंभीर लग रही हैष और नम्बर 3 पर बल्लेबाजी करने वाला यह खिलाड़ी टीम के लिए ष्एक बड़ा नुकसान साबित होगा।




म्हात्रे, जिन्होंने सीएसके के असफल रन चेज में 13 गेंदों पर 20 रन बनाए थे, अच्छी लय में दिख रहे थे और उन्होंने टीम को वह शुरुआती गति प्रदान की जिसकी उन्हें अक्सर कमी खलती थी। हालांकि, कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के साथ बल्लेबाजी करते समय, उन्हें दूसरा रन पूरा करने में काफी दिक्कत हुई और उन्हें अपनी बाईं हैमस्ट्रिंग को पकड़ते हुए देखा गया। उन्हें मैदान पर ही तुरंत मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी। इसके बाद विकेटों के बीच दौड़ते समय वह साफ तौर पर असहज महसूस कर रहे थे और कुछ ही गेंदों बाद आउट हो गएद्ध नीतीश रेड्डी की गेंद पर हेनरिक क्लासेन ने उनका शानदार कैच लपका। पवेलियन लौटते समय, म्हात्रे को रामकृष्ण घोष और ंफिजयो तैफुन सिमसेक की मदद से मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। हसी ने कहा कि जाहिर है, यह हैमस्ट्रिंग का फटना है।

# गुजरात के खिलाफ कई सवालों का जवाब देने उतरेंगे मुम्बई इंडियंस

**अहमदाबाद, वार्ता।** नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक हाई-प्रेशर वाली आईपीएल रात के लिए तैयार है, जहां फॉर्म, साख और निराशा-सब एक ही फ्रेम में टकराएंगे। कहानी साफ है: क्या मुंबई इंडियंस के सुपरस्टार्स आखिरकार एक साथ जलवा दिखा पाएंगे, या गुजरात टाइटन्स अपना दबदबा बनाए रखेगी, जबकि जसप्रीत बुमराह का विकेटों का सूखा और लंबा खिचता जाएगा?




एक तरफ है गुजरात, एक ऐसी टीम जिसने शुरुआती लड़खड़ाहट के बाद चुपचाप अपनी रफ्तार फिर से हासिल कर ली है। उन्होंने सीजन की शुरुआत दो हार के साथ की थी, लेकिन अब लगातार तीन जीत के साथ जोरदार वापसी की है, और पॉइंट्स टेबल के ऊपरी हिस्से में जगह बना ली है। शुभमन गिल इस बदलाव का चेहरा रहे हैं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और सही टाइमिंग के साथ बल्लेबाजी की है, जिसमें हाल ही में खेली गई 86 रनों की मैच-विनिग पारी भी शामिल है। उनके साथ, साई सुदर्शन ने भले ही ज्यादा सुर्खियां न बटोरी हों, लेकिन वह टॉप ऑर्डर की संरचना में एक अहम कड़ी बने हुए हैं। फिर आते हैं जोस बटलर, जो ऐसा लग रहा है कि उन्होंने ठीक सही समय पर अपनी पुरानी लय फिर से पा ली है। उनके हाल के स्कोर - 60, 52 और 25 - बताते हैं कि वह एक बार फिर मैच-विनिग मोड में आ रहे हैं। इसमें मध्यक्रम में वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स और राहुल तेवतिया को भी जोड़ लें, तो जीटी अचानक सीजन की शुरुआत के मुकाबले ज्यादा मजबूत और गहरी टीम नजर आती है।

# अय्यर को तुरंत भारतीय टी-20 टीम में जगह मिलनी चाहिए: अश्विन

**नई दिल्ली, वार्ता।** चाहे आईपीएल 2025 हो या अब तक का आईपीएल 2026, श्रेयस अय्यर इस समय 'अपने सर्वश्रेष्ठ जोन' में हैं और यह उनकी फॉर्म और पंजाब किंग्स के नतीजों में स्पष्ट दिख रहा है। आर अश्विन ने सुझाव दिया है कि अय्यर को भारत की टी-20 टीम में होना चाहिए, चाहे यह स्पष्ट ना हो कि वह किसकी जगह लेंगे। अश्विन ने ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइम आउट कार्यक्रम में कहा कि मैं सिर्फ बनाए गए रनों या छक्कों-चौकों को नहीं देख रहा हूं, बल्कि मैदान पर उनकी मौजूदगी का प्रभाव देख रहा हूं।




जब श्रेयस अय्यर गार्ड मार्क करते हैं, तो लगता है कि वह एक ऐसे जोन में हैं, जो किसी क्रिकेटर के करियर में सिर्फ एक या दो ही साल के लिए आता है और तब ऐसा लगता है कि आप कोई गलती नहीं कर रहे। और यह इसलिए होता है क्योंकि आप जोन में होते हैं। सब कुछ सही चल रहा होता है, मसलन कि आप क्या खा रहे हैं, कब सो रहे हैं, कैसे अभ्यास कर रहे हैं। नेट्स में जो गेंद खेलते हैं, वही मैच में भी आपको मिलती है।ष अय्यर ने अपनी पिछली तीन पारियों में 50, नाबाद 69 और 66 बनाए हैं और इस समय आईपीएल 2026 में उनका स्ट्राइक रेट 187-96 है। अश्विन ने कहा कि क्रीज पर उनकी मौजूदगी ही गेंदबाजों के लिए कई तरह से डर पैदा कर रही है। खुद को बेहतर बनाने की उनकी भूख शानदार है। मैंने काफी समय तक क्रिकेट खेला है और कई खिलाड़ियों से मिला हूं। बहुत कम खिलाड़ियों में यह इच्छा होती है कि वे अपनी ताकत छोड़कर अपनी कमजोरियों पर काम करें। आपने कई करियर देखे होंगे, जहां खिलाड़ियों ने अपनी कमजोरियों पर बिल्कुल भी काम नहीं किया है। लेकिन अपने कमजोरियों पर काम करने का सफर ही अच्छे से महान बनने का होता है। मुझे लगता है कि श्रेयस ने अच्छे से महान बनने की यात्रा शुरू कर दी है। मैं यह नहीं कह रहा कि वह महान हैं, बल्कि यह एक यात्रा है। कहा जाता था कि वह शॉर्ट बॉल नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं टेस्ट मैच में पुल खेलकर आउट हो जाऊंगा, लेकिन चुनौती से पीछे नहीं हटूंगा। जसप्रीत बुमराह की गेंद को मिडविकेट के सामने पुल करके छक्का मारना, यह कई खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। इस समय अगर उन्हें बड़े मौके नहीं मिलते, तो यह उनका नुकसान नहीं है। यह हमारा नुकसान है कि हम उन्हें भारतीय टीम के लिए वही करते नहीं देख पा रहे, जो वह अपने राज्य या फ्रैंचाइजी के लिए कर रहे हैं।

# कोबोली ने ज्वेरेव को अपसेट किया

**म्यूनिख, वार्ता।** फ्लेवियो कोबोली ने शनिवार को म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन में घरेलू दर्शकों को शांत कर दिया, जहां उन्होंने मौजूदा चैंपियन अलेक्जेंडर ज्वेरेव को पछाड़कर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। 23 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने एटीपी रैंकिंग में नम्बर 3 खिलाड़ी ज्वेरेव के खिलाफ 6-3, 6-3 से जीत के लिए शानदार ऑल-राउंड प्रदर्शन किया। कोबोली ने 32 विनर्स लगाए और अपनी पहली सर्व पर सिर्फ आठ पॉइंट गंवाए, और इस तरह उन्होंने टॉप-5 प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपनी पहली जीत हासिल की।

कोबोली ने कहा कि यह मेरे अब तक के सबसे अच्छे मैचों में से एक था, और वह भी टूर पर मेरे सबसे अच्छे दोस्तों में से एक के खिलाफ। हेड 2 हेड सीरीज में कोबोली ज्वेरेव से 1-2 से पीछे हैं। वह सच में एक बहुत अच्छा इंसान है और उसकी टीम में सभी के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, इसलिए उसके खिलाफ खेलना थोड़ा मुश्किल था।

लेकिन आज मुझे लगता है कि मैंने अपने सबसे अच्छे मैचों में से एक खेला, और मैं अपने प्रदर्शन से सच में बहुत खुश हूं। अपनी 69 मिनट की जीत के साथ, कोबोली इस सीजन में क्ले और हार्ड कोर्ट दोनों पर एटीपी टूर के फाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं, और इस तरह वह कार्लोस अल्काराज और जानिक सिनर की सूची में शामिल हो गए हैं। इसके बाद अमेरिकी नम्बर 1 बेन शेल्टन ने भी वैसा ही कमाल दिखाया और स्लोवाकियाई क्वालिफायर एलेक्स मोल्कन को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार दूसरे साल म्यूनिख के फाइनल में जगह बनाई।

# बीजिंग में ह्यूमनॉइड रोबोट ने इंसानों का हाफ-मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

**बीजिंग, वार्ता।** शेन्जेन ऑनर स्मार्ट टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड के 'फ्लैश' नाम के ह्यूमनॉइड रोबोट ने रविवार को 2026 बीजिंग ई-टाउन हाफ-मैराथन में जीत हासिल की।

ऑटोनॉमस नेविगेशन (स्वचालित संचालन) श्रेणी में दौड़ते हुए उसने 50 मिनट और 26 सेकंड का समय लिया, जो इंसानों के 57:20 के वर्ल्ड रिकॉर्ड से बेहतर है। पुरुषों का हाफ-मैराथन वर्ल्ड रिकॉर्ड पिछले महीने पुर्तगाल में आयोजित लिस्बन हाफ-मैराथन में युगांडा के स्टार लंबी दूरी के धावक जैकब किप्लिमो ने बनाया था। 2025 में आयोजित पहले ई-टाउन हाफ-मैराथन में कि तियानगोंग अल्ट्रा' ने दो घंटे, 40 मिनट और 42 सेकंड में जीत हासिल की थी। उस दौड़ में हिस्सा लेने वाली 20 टीमों में से केवल छह टीमें ही 21-0975 किलोमीटर की दौड़ सफलतापूर्वक पूरी करके इतिहास रच पाई थीं।

रविवार को आयोजित इस प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण में, ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने उल्लेखनीय प्रगति की और दौड़ने में अधिक तेज तथा स्थिर होने जैसी तकनीकी सफलताओं का प्रदर्शन किया।

इस वर्ष भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई, जिसमें जर्मनी, फ्रांस और ब्राजील के प्रतिभागी भी शामिल थे। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार, रोबोट और इंसान धावकों ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक ही मार्ग का अनुसरण किया, लेकिन उनके लिए अलग-अलग लेन निर्धारित की गई थीं। रोबोट के लिए दौड़ पूरी करने की अधिकतम समय सीमा (कट-ऑफ टाइम) तीन घंटे और 40 मिनट निर्धारित की गई थी। इस वर्ष जोड़े गए नए प्रारूप में भागीदारी के दो तरीके शामिल हैं - रिमोट कंट्रोल और ऑटोनॉमस नेविगेशन। रिमोट कंट्रोल श्रेणी की टीमों के लिए, उनके दौड़ पूरी करने के समय को 1-2 के गुणांक से गुणा किया जाता है। बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से लगभग 40 प्रतिशत टीमों ने ऑटोनॉमस नेविगेशन पद्धति को अपनाया।चाइनीज इंस्टीट्यूट ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स के डिप्टी सेक्रेटरी-जनरल, लियांग लियांग ने बताया, गुणांक तय करने का मकसद ऑटोनॉमस नेविगेशन के रिसर्च और डेवलपमेंट को गाइड करना और बढ़ावा देना है। यह ह्यूमनॉइड रोबोट्स के लिए एक तकनीकी आधार का काम करेगा, ताकि भविष्य में हमारी रोजमर्रा की जदिगी के ज्यादा से ज्यादा कामों में इनका इस्तेमाल किया जा सके।

# प्रभु ने जीता में ट्रिपल जंप का खिताब

**यूजीन (अमेरिका), वार्ता।** भारतीय एथलीट सेल्वा प्रभु ने ओरेगन टीम इनविटेशनल 2026 एथलेटिक्स मीट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों का ट्रिपल जंप खिताब जीता। शनिवार को हुई इस स्पर्धा में 21वर्षीय भारतीय एथलीट ने हेवर्ड फील्ड में 16-61मी की अपनी सबसे अच्छी छलांग के साथ पहला स्थान हासिल किया। उस दिन उनकी बाकी दो सफल छलांगें 16-57मी और 16-37मी रहीं।

अपालोस एडवर्ड्स 16-53मी की छलांग के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि झावोर बेनेट 16-11मी की छलांग के साथ टॉप तीन में शामिल हुए। पुरुषों के ट्रिपल जंप में सेल्वा प्रभु का पर्सनल बेस्ट 17-05 मी है, जो उन्होंने इसी साल मार्च में फेएटविले में हुई एनसीएए इंडोर चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में बनाया था। यह इस इवेंट में भारत का इंडोर नेशनल रिकॉर्ड भी है। कुल मिलाकर, पुरुषों के ट्रिपल जंप का राष्ट्रीय रिकॉर्ड प्रवीण चित्रवेल के नाम है, जिन्होंने 17-37मी की छलांग लगाई है - यह कारनामा उन्होंने दो बार किया है। यह 2026 एथलेटिक्स सीजन में सेल्वा प्रभु का तीसरा खिताब था। उन्होंने अपने सीजन की शुरुआत जनवरी में मैनहैटन, कंसास में हुई थाने बेकर




एथलेटिक्स मीट में जीत के साथ की थी। वहां 16-49मी की उनकी छलांग ने उन्हें एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) के एशियन गेम्स 2026 के लिए तय एंट्री स्टैंडर्ड 16-28मी को पार करने में भी मदद की, एशियन गेम्स इसी साल के आखिर में जापान में होने वाले हैं। सेल्वा प्रभु ने इसी महीने की शुरुआत में पालो ऑल्टो में हुई स्टैनफोर्ड इनविटेशनल प्रतियोगिता भी 15-76 मी की छलांग के साथ जीती थी। इस साल अपनी बाकी चार प्रतियोगिताओं में से तीन में यह भारतीय जंपर दूसरे स्थान पर रहा।

# सलेमपुर गांव के बच्चे पर हमला करने वाला तेंदुआ पिंजरे में कैद

**कांठ ( शाह टाइम्स )** सलेमपुर गांव में राजीव के लड़के लव्यांश पर हमला करने वाला तेंदुआ वन विभाग के पिंजरे में कैद हो गया वन विभाग की गाड़ी उसे वहां से ले गई। बतादे कि करीब चार दिन पहले सलेमपुर गांव के राजीव का परिवार जंगल में गेहूं कटाई कर रहा था वहीं पास में उसका 5 साल का बेटा दिव्यांश भी था जिस पर गन्ने के खेत से निकलकर तेंदुए ने हमला कर दिया तेंदुआ उसे खींचकर ले जाने लगा लेकिन शोर सुनकर बच्चे के मां-बाप तेंदुए से भिड़ गए और अपनी जान की परवाह ना करते हुए बच्चे को उसके जवडो से निकाल लिया घायल को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया जहां पर उसकी हालत अभी नाजुक बनी हुई है। लेकिन इस घटना के अगले दिन ही वन विभाग ने मौके पर जाकर पिंजरा लगा दिया और शनिवार की रात को तेंदुआ पिंजरे में फंस गया सूचना मिलते ही बन विभाग गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचा और तेंदुए को पिंजरे सहित अपने साथ ले गए। मगर खादर क्षेत्र के लोगों ने जंगलों में पिंजरे लगाए जाने की मांग उठाई है।




# स्मार्ट प्रीपेड मीटर बदले जाने पर लगी रोक से लोगों में खुशी

## लेकिन अधिकारियों ने किया इस तरह के किसी आदेश के मिलने से इंकार

**कांठ( शाह टाइम्स )** प्रदेश में पुराने मीटरों को अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर से नहीं बदला जाएगा। शनिवार को इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। यह पाबंदी स्मार्ट मीटरों की गुणवत्ता पर गठित जांच समिति की रिपोर्ट आने तक बरकरार रहेगी।केंद्र सरकार की रिवैंप डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम (आरडीएसएस) के तहत उपभोक्ताओं के घरों में लगे मैनुअल मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदला जा रहा है। बदले गए मीटरों को बाद में बिना उपभोक्ताओं की सहमति के प्रीपेड मोड में बदल दिया जा रहा था। बीते काफी दिनों से स्मार्ट मीटर की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक शिकायत पहुंचने के बाद उन्होंने इसकी जांच करवाने के आदेश दिए थे। पावर कॉरपोरेशन ने जांच के लिए चार सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित कर दी है, जिसे दस दिनों में रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट आने तक आरडीएसएस के तहत पुराने मीटरों को स्मार्ट मीटर से बदलने की प्रक्रिया पर रोक लगा दी गई है। बताया जा रहा है कि जब तक समिति की रिपोर्ट नहीं आ जाती तब तक रोक के आदेश प्रभावी रहेंगे। रिपोर्ट आने पर आगे का फैसला होगा। इसकी जानकारी सोशल मीडिया से लोगों को मिली तो उपभोक्ताओं में खुशी छा गई लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों ने इस तरह के किसी भी आदेश के आने से अभी इंकार किया है।

# महमूदपुर तिगरी लौट रहे ग्रामीणों की कार पोल से टकराकर बनी आग का गोला, बाल-बाल बचे

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव महमूदपुर तिगरी निवासी मुस्तफा पुत्र अब्दुल अली रविवार को अपने साथियों के साथ निकटवर्ती गांव वाजिदपुर तिगरी में रिश्तेदारी में दावत खाकर मारूति वैन से घर लौट रहे थे। गांव से कुछ ही दूरी पर अचानक सड़क पर पशुओं के आ जाने से चालक का संतुलन बिगड़ गया और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से जा टकराई।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार में तुरंत आग लग गई और देखते ही देखते कार आग के गोले में बदल गई। हादसे के वक्त आस-पास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों ने धुआं उठता देखा तो तुरंत मौके की ओर दौड़े। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए कार में सवार सभी लोगों को बाहर निकाला। इसके बाद बाल्टियों से पानी डालकर जलती कार पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जल चुकी थी।गनीमत रही कि कार सवार सभी लोग समय रहते बाहर निकाल लिए गए, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हादसे में कार सवारों को मामूली चोटें आई हैं। सूचना पर उप निरीक्षक शराफत हुसैन पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। पुलिस ने जली हुई कार को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। हादसे के बाद कुछ देर के लिए मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

## बिलारी समाचार

# मां पीताम्बरा जन्मोत्सव की तैयारियां तेज, 24 अप्रैल को महायज्ञ व भजन संध्या का होगा आयोजन



**मुरादाबाद।** महानगर में 24 अप्रैल को आयोजित होने वाले माँ पीताम्बरा जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को चन्द्र नगर स्थित महिला संयोजिका सुमन सक्सेना के निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।बैठक में समिति संयोजक अवनीत सक्सेना ने बताया कि जन्मोत्सव का मुख्य आयोजन दिल्ली रोड स्थित महाक. ालेश्वर धाम में किया जाएगा।

इस अवसर पर माँ पीताम्बरा महायज्ञ का आयोजन श्री परिवार पीठाधीश्वर पं. कृष्णा स्वामी जी के सानिध्य में संपन्न होगा।समिति के महामंत्री राजीव अग्रवाल 'मल्लू' ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष जन्मोत्सव के अवसर पर विशेष आकर्षण के रूप में पहली बार श्री परिवार में माँ पीताम्बरा कथा का आयोजन किया जाएगा। यह कथा वाराणसी से पधारे आचार्य यश पांडे द्वारा श्रवण कराई जाएगी, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक लाभ मिलेगा।उन्होंने बताया कि महायज्ञ के यजमान पुनीत बंसल एवं श्वेता बंसल होंगे, जबकि पीताम्बरा कथा के यजमान चंद्रभान श्रीवास्तव और मंजू श्रीवास्तव रहेंगे। महिला संयोजि. का सुमन सक्सेना ने बताया कि आयोजन में भजन संध्या के साथ महाभोग भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।बैठक में अवनीत सक्सेना, राजीव अग्रवाल मल्लू, शोभित सक्सेना, निपुण सक्सेना, सुमन सक्सेना, अंजू सक्सेना, नीलम अग्रवाल, अनुराग तोमर, मेघना सक्सेना सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए।

# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अक्षय तृतीया पर विशेष पूजा, जैन समाज ने बांटा गन्ने का रस

**बिलारी।** श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर सुबह नियमित प्रक्षालन के उपरांत शांतिनाथ भगवान की शांति धारा की गई विशेष पूजा श्री आदिनाथ भगवान श्री महावीर भगवान श्री पारसनाथ भगवान अक्षय तृतीया एवं चौबीसी भगवान जिनवाणी माता की की गई अक्षय तृतीया पर व्यापार मंडल के कार्यालय पर गन्ने का रस का वितरण जैन समाज बिलारी द्वारा निशुल्क किया गया अक्षय तृतीया पर प्रकाश डालते हुए रीता जैन ने बताया की भगवान ऋषभदेव की 400 दिनों से अधिक की लंबी तपस्या के उपवास को खुलवाने के लिए मान्यताओं के अनुसार राजा श्रेयांश हस्तिनापुर ने उन्हें गन्ने का रस पिलाकर उपवास खुलवाया और बहुत बड़ा पुण्य कमाया इसे जैन समाज द्वारा बहुत ही उत्साहपूर्वक मनाया जाता है इस अवसर पर उपस्थित रहे राकेश जैन राकेश कुमार जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन शशांक जैन प्रतीक जैन अरिहंत जैन विपुल जैन रजत जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शगुन जैन चारू जैन आशा जैन कल्पना जैन शिल्पी जैन मीशिता जैन आर्यश जैन अन्वी जैन पूजा जैन शशि जैन मानसी जैन नेहा जैन खुशी जैन आदि मौजूद रहे।

# जीवन में प्रोफेशनल के संग-संग वर्क लाइफ में भी बैलेंस जरूरी: डॉ. तापस

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फिजियोथेरेपी विभाग के एल्युमिनाई एवम् ऑप्टम यूनाइडेट हेल्थ ग्रुप, नोएडा के सीनियर क्लिनिकल इन्वेस्टिगेटर डॉ. तापस साहा ने प्रोफेशनल लाइफ और वर्क-लाइफ बैलेंस के महत्व पर जोर देते हुए कहा, एक सफल करियर के साथ-साथ मानसिक संतुलन, समय प्रबंधन और व्यक्तिगत जीवन का संतुलन बनाए रखना भी अत्यंत आवश्यक है। डॉ. साहा ने मेडिकल कोडिंग के क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों पर प्रकाश डालते हुए बताया, किस प्रकार फिजियोथेरेपी पृष्ठभूमि के स्टुडेंट्स इस क्षेत्र में सफल करियर बना सकते हैं। उन्होंने स्टुडेंट्स को उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं, स्किल डवलपमेंट और करियर ग्रोथ से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। डॉ. साहा डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी एवम् एल्युमिनाई रिलेशन सेल की ओर से आयोजित एल्युमिनाई टाक में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व डॉ. तापस साहा, डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथेरेपी की एचओडी प्रो. शिवानी एम. कौल, एआरसी के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सिद्धार्थ माथुर आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में सवाल-जवाब का दौर भी चला। प्रो. शिवानी एम. कौल ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। एल्युमिनाई टाक में डॉ. नंद किशोर साह, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. प्रिया शर्मा, डॉ. सिमरन सक्सेना, डॉ. प्रतिभा सिंह आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। संचालन स्टुडेंट्स- विकास कुमार और सौम्या जैन ने किया।



# विक्रम और ऑटो की टक्कर में दो मजदूर घायल अज्ञात चालक पर एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** विक्रम और ऑटो की टक्कर में दो मजदूर घायल हो गए ऑटो चालक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। क्षेत्र के गांव मुख्तियारपुर नवादा निवासी राहुल पुत्र राम सिंह ऑटो से अगवानपुर स्थित पाइप कंपनी में मजदूरों को लाने और ले जाने का काम करता है 10 अप्रैल को वह अपने ऑटो से नवादा निवासी पंकज पुत्र मवासी और अंकज पुत्र चंद्रपाल सहित कई मजदूरों को लेकर आ रहा था जैसे ही वह खलीलपुर गांव से रसूलपुर पुलिया के बीच में बने मुर्गी फार्म के करीब पहुंचा सामने से आ रहे विक्रम माल वाहन ने उसके ऑटो को टक्कर मार दी जिससे उसका ऑटो क्षतिग्रस्त हो गया तथा उसमें बैठे पंकज व अंकज गम्भीर रूप से घायल हो गए जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया दोनों घायलों को गंभीर हालत होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया ऑटो चालक की तहरीर पर पुलिस ने विक्रम वाहन के चालक पर एफआईआर दर्ज की है।

# वेदांता बहु-विशेषता चिकित्सालय द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी आयोजित



**बिलारी।** शनिवार को वेदांता बहु-विशेषता चिकित्सालय की ओर से नगर स्थित ए-वन सिग्नेचर परिसर में स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने भाग लेकर विभिन्न गंभीर बीमारियों और उनके बचाव के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। संगोष्ठी में वेदांता चिकित्सालय की ओर से डॉ. भास्कर डी. कुरेचिया, डॉ. मेहरीन खान एवं डॉ. इमरान अहमद उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने गुर्दे से संबंधित बीमारियों, महिलाओं में होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं तथा समय रहते जांच और उपचार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बदलती जीवनशैली, अनियमित खानपान और स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही के कारण अनेक बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, इसलिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण अत्यंत आवश्यक है। डॉक्टरों ने महिलाओं को विशेष रूप से स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, नियमित जांच कराने और प्रारंभिक लक्षणों की अनदेखी न करने की सलाह दी। साथ ही गुर्दे की बीमारियों से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पीने, संतुलित आहार लेने तथा मधुमेह और रक्तचाप को नियंत्रित रखने पर जोर दिया। कार्यक्रम में बिलारी क्षेत्र के डॉ. विश्वास शर्मा, डॉ. जनक शर्मा, डॉ. मनोज चौधरी, डॉ. देवेंद्र शर्मा, डॉ. अरुण राघव, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. सन्नी कश्यप, डॉ. दीपिका कश्यप, डॉ. सोनिया आहूजा, डॉ. मनीष अग्रवाल, डॉ. अमरीश शर्मा, डॉ. सपना शर्मा, डॉ. विल्सन गुप्ता, डॉ. सरोज कुशवाह, डॉ. अक्षय मलिक, डॉ. ऋषभ चौधरी, डॉ. अभिषेक सिंह, मुख्य औषधि विशेषज्ञ आर.पी. वर्मा, धनंजय कठैत एवं अनिल उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संगोष्ठी के अंत में उपस्थित जनों ने ऐसे आयोजनों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाने पर बल दिया।

# आरेंद्र बड़गोती को मिला नेचुरल फार्मिंग आइकन अवार्ड

**बिलारी।** कृषि जागरण समूह द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान पूसा में प्राकृतिक खेती के लिए आयोजित हुए कार्यक्रम में नेचुरल फार्मिंग आइकन अवार्ड से बिलारी के सरकड़ा गांव के किसान आरेंद्र बड़गोती को सम्मानित किया गया। उन्होंने प्राकृतिक खेती को नया रूप देकर किसानों की आए दुगनी तिगुनी करने का नया फार्मूला दिया है। नई दिल्ली में आयोजित हुए कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती के लिए बनी भारत की एकमात्र यूनिवर्सिटी गुजरात नेचुरल फार्मिंग साइंस यूनिवर्सिटी के कृषि विशेषज्ञ डॉक्टर बी के सदमाते ने उन्हें नेचुरल फार्मिंग आइकन अवार्ड से सम्मानित किया। इस मौके पर कृषि जागरण समूह के संस्थापक एम सी डोमिनिक व कृषि जागरण समूह के प्रबंध निदेशक शाइनी डोमिनिक भी मौजूद रहे।



# व्यापार मंडल कार्यालय में अग्निशमन जागरूकता गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर में व्यापार मंडल कार्यालय में अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता गोष्ठी का आयोजन करके आग से बचाव के उपाय बताए गए। इसी के साथ महत्वपूर्ण जानकारी के पत्रक भी बांटे। अग्निशमन केंद्र तेवरखास बिलारी से आए लीडिंग फायरमैन देवेंद्र सिंह ने बताया 1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए अग्निकांड में अग्निशमन के 66 कर्मचारी शहीद हुए थे तभी से 14 अप्रैल को अग्नि शमन दिवस और 14 से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सप्ताह मनाते हुए जन सामान्य को जागरूक किया जाता है। उन्होंने सीयूजी नंबर सभी को नोट कराया कि इस पर किसी भी समय घटना की सूचना 7839866597 पर दे सकते हैं। फायरमैन मोंटी ने गोष्ठी में बताया बिस्तर में लेट कर बीड़ी सिगरेट का प्रयोग नहीं करें,बिना बुझे इसके टुकड़ों को लापरवाही से इधर-उधर नहीं फेंकें, दियासलाई अबोध बाल. कों की पहुंच से दूर रखें। गोष्ठी में बताया भोजन बनाने के पश्चात चूल्हे को रेगुलेटर से बंद कर दें, भोजन बनाते समय अपने शरीर के कपड़ों का प्रयोग चूल्हे पर चढ़े बर्तनों को उतारने में नहीं करें, अपने ढीले आंचल को बांधकर रखें मोमबत्ती, चिराग, अंगीठी का इस्तेमाल करना पड़े तो उसे सुरक्षित खुले स्थान पर रखें, त्योहारों पर सुरक्षित स्थान पर ही पटाखे को सावधानीपूर्वक छुड़ाएं, पास में एक बाल्टी पानी बचाव के लिए रखें, कटे फटे तारों को तत्काल बदलवा दें सही ढंग से फ्यूज लगाएं एक ही प्लग पर कई यंत्र नहीं लगाएं कार्यालय व घरों के विद्युत स्टोव आयरन प्रेस का प्रयोग करने के पश्चात प्लग निकालकर तभी हटें कु. कंग गैस सिलेंडर में तनिक भी लीकेज का आभास होते ही पास पड़ोस की अंगीठियों जलती हुई बीड़ी सिगरेटों को तुरंत बुझा दें।



गोष्ठी में व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन,दुष्यंत चौहान, अंशुल अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार चुग, आशीष भटनागर एडवोकेट, रमाकांत गुप्ता, डॉ राकेश रफीक, नीरज रोहिल्ला रहे। सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने गोष्ठी के दौरान समस्या उठाई कि बिलारी नगर में रैली चौक सर्राफा बाजार जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर तीन फायर हाइड्रेंट बंद पड़े हैं इनको चालू कराने की जरूरत है ताकि वक्त जरूरत पर काम आ सकें। थांवला गांव की प्रधान सायरा बेगम के प्रतिनिधि हाजी इकरार हुसैन ने गोष्ठी में मांग उठाई कि नगर पालिका की तरह ग्रामीण क्षेत्र में भी जल जीवन मिशन की टंकियों के आसपास फायर हाइड्रेंट बनाए जाने चाहिए ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल अग्निशमन दल को वहां से पानी मिल सके। सुधीर अग्रवाल ने जानकारी मांगी कि घरों और खेत खलिहान में आग बुझाने के बदले अग्नि शमन का कोई शुल्क होता है? तब उन्होंने बताया कि इसकी कोई फीस नहीं है केवल व्यवसायिक और औद्योगिक क्षेत्र में शुल्क का प्रावधान है।

# बुद्धि विहार में निःशुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर का किया गया आयोजन, 60 महिलाओं ने कराई जांच

**मुरादाबाद।** बुद्धि विहार के भाटिया चौराहा स्थित ट्रस्ट कार्यालय में चौरिटेबल ट्रस्ट "आओ हाथ बढ़ाएं" द्वारा नि:शुल्क महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं नि:शुल्क उपलब्ध कराना रहा।शिविर में डॉ. प्रीति गुप्ता और डॉ. सुदीप कौर ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं देते हुए महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया। इस दौरान महिलाओं को विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई और समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम में एलडी ग्रुप और सेठी मेडिकल स्टोर की ओर से सभी मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गई। वहीं एशियन पैथ लैब द्वारा डायबिटीज और ब्लड प्रेशर की जांच भी मुफ्त में की गई, जिससे महिलाओं को अपने स्वास्थ्य की सही जानकारी मिल सकी।शिविर में करीब 50 से 60 महिलाओं ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच कराई। जांच के बाद महिलाओं को नि:शुल्क दवाइयों के साथ सैनिटरी पैड भी वितरित किए गए, जिससे महिला स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके।कार्यक्रम में ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय के नेतृत्व में राघव रस्तोगी, प्रियंका भटनागर, राज. श रस्तोगी, गरिमा सिंह, सृष्टि अधिकारी, कमल गोला और रवि यदुवंशी सहित अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।ट्रस्ट की अध्यक्ष गीतांजली पांडेय ने बताया कि संस्था भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करती रहेगी, ताकि समाज के जरूरतमंद वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।



# आशीष फार्म हाउस में तहसील स्तरीय सत्संग का हुआ आयोजन, सैकड़ों श्रद्धालु हुए शामिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल जी महाराज जी की प्रेरणा से आज दिनांक 19 अप्रैल 2026 को आशीष फार्म हाउस में एल.सी.डी. के माध्यम से तहसील स्तरीय सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और संतमत के विचारों को सुना। सत्संग के दौरान संत रामपाल जी महाराज जी के प्रवचनों में बताया गया कि मनुष्य को अपने पवित्र धर्मग्रंथों, श्रीमद्भगवद्गीता एवं वेदों के अनुसार भक्ति करनी चाहिए। सच्ची भक्ति से मनुष्य को पूर्ण सुख, शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। साथ ही सतभक्ति से व्यक्ति के व्यसन, बुराइयां और मानसिक विकार दूर हो जाते हैं।

प्रवचन में कहा गया कि मानव जीवन का मुख्य उद्देश्य पूर्ण मोक्ष प्राप्त करना है, जिससे आत्मा निज धाम सतलोक पहुंचकर जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाती है। यह भी बताया गया कि संत रामपाल जी महाराज जी के अनुयायी नशाखोरी, भ्रष्टाचार, चोरी, ठगी और रिश्वतखोरी जैसी बुराइयों से दूर रहते हैं। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि पिछले वर्ष हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश एवं मध्य प्रदेश में आई भीषण बाढ़ के दौरान किसानों की सहायता हेतु जल निकासी कार्य कराया गया, जिससे हजारों किसानों को राहत मिली और बाद में गेहूं व अन्य फसलों का रिकॉर्ड उत्पादन हुआ। इस अवसर पर लगभग 300 श्रद्धालु मौजूद रहे। सत्संग समाप्ति के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए चाय एवं बिस्कुट की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय सेवादारों एवं श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।



# डॉ. सुनीलम का सरकार पर हमला

## नीतियों को बताया 'विफलता का डबल इंजन'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** किसान संयुक्त मोर्चा की कोर कमेटी के सदस्य एवं किसान संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनीलम ने बिलारी पहुंचकर केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर तीखा हमला बोला। जैन आढ़त, शाहबाद रोड स्थित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने दोनों सरकारों को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए इसे "विफलता का डबल इंजन" करार दिया।

प्रेस वार्ता में जन आंदोलन के राष्ट्रीय समन्वयक एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संयोजक प्रेम कुमार की मौजूदगी रही। कार्यक्रम को डॉ. सुनीलम के साथ विचारक डॉ. राकेश रफीक ने भी संबोधित किया। इस दौरान तिलकराज चांदना, डॉ. जितेंद्र दक्ष, रमेश कुमार, जहीर सलमानी, संजय जैन और हाजी सुब्हान अली सहित कई लोग उपस्थित रहे। डॉ. सुनीलम ने बिजली व्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा और कहा कि 24 घंटे बिजली देने के दावे जमीनी स्तर पर फेल साबित हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुरादाबाद समेत क्षेत्र में लगातार कटौती, भारी बिल और अनियमित आपूर्ति से जनता परेशान है। किसानों की समस्याओं पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को भुगतान में लगातार देरी हो रही है, जिससे वे आर्थिक संकट में फंस रहे हैं। बढ़ती लागत, असमय बारिश और सरकारी सहायता के अभाव ने हालात और बिगाड़ दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को भी किसानों के साथ अन्यायपूर्ण बताते हुए इसमें पारदर्शिता की कमी का आरोप लगाया। बेरोजगारी, शिक्षा, बुनियादी ढांचे और कानून व्यवस्था के मुद्दों पर भी उन्होंने सरकार को घेरते हुए कहा कि अधिकांश वादे केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। डॉ. सुनीलम ने सभी फसलों पर कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य, कर्जमाफी, बीमा योजना में सुधार और गन्ना भुगतान की समयबद्ध व्यवस्था लागू करने की मांग की। साथ ही उन्होंने किसानों, मजदूरों, महिलाओं और युवाओं से सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष तेज करने की अपील की।





शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 20 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# आरक्षण पर सियासत

लोकसभा में महिला आरक्षण बिल गिरने के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष में वाकयुद्ध छिड़ गया है। एक ओर सत्ता पक्ष इसे चीरहरण बता रहा है, तो विपक्ष इसे बीजेपी की नीयति की हार बता रहा है। यानि अब महिलाओं पर भी नेताओं ने सियासत चला दी है, लेकिन इसके लीभ या हानि अभी तक कोई नहीं बता पाया। संसद और विधानसभाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व का विषय एक विभाजनकारी और ध्रुवीकरण वाला मुद्दा है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि महिलाओं को राजनीतिक प्रतिनिधित्व में उनकी उचित हिस्सेदारी प्राप्त हों। यह अधिनियम महिला सशक्तिकरण की दिशा में सही कदम है। महिला आरक्षण विधेयक को शीघ्रता से लागू करने के लिए एक उचित प्रणाली भी विकसित करने की आवश्यकता है। नारी शक्ति वंदन विधेयक या महिला आरक्षण विधेयक हाल ही में संसद द्वारा पारित किया गया। इस अधिनियम का लक्ष्य संसद और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए कुल सीटों में से एक तिहाई सीटों आरक्षित करना है। महिला आरक्षण विधेयक की क्या आवश्यकता है? इस पर गौर करें तो महिला आरक्षण बिल यह सुनिश्चित करेगा कि संसद में आधी आबादी का पर्याप्त प्रतिनिधित्व हो। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी से यह सुनिश्चित होगा कि वे महिलाओं के मुद्दों के प्रति ग्रहणशील हों, सशक्त हों और रोल मॉडल बनें। लोकसभा में 82 महिला सांसद और राज्यसभा में 31 महिला सांसद हैं। विधेयक में अनुच्छेद 330 (ए) को सम्मिलित किया गया है, जो अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए लोकसभा में सीटों के आरक्षण पर अनुच्छेद 330 के प्रावधानों से प्रेरित है। महिला आरक्षण विधेयक द्वारा प्रस्तुत किए गए इस अनुच्छेद में प्रत्येक राज्य विधानसभा में महिलाओं के लिए सीटें आरक्षित करने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण विधेयक का उद्देश्य लोकसभा और राज्य विधानमंडलों में महिलाओं के लिए सभी सीटों में से एक-तिहाई सीटें आरक्षित करना है। यह अधिनियम आरक्षित सीटों में से महिलाओं के लिए सीटें भी आरक्षित करेगा। आरक्षित सीटों का आवंटन भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित प्राधिकरण द्वारा निर्धारित किया जाएगा। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में सम्मिलित कर उन्हें सशक्त बनाने का लक्ष्य रखता है। यह अधिनियम यह सुनिश्चित करेगा कि देश की राजनीति में महिलाओं का विधिवत प्रतिनिधित्व हो। वैश्विक लैंगिक सूचकांक 2023 की रिपोर्ट के अनुसार 146 देशों में से भारत 127वें स्थान पर है। राजनीतिक सशक्तिकरण श्रेणी के अंतर्गत महिलायें सांसदों का 15.1 प्रतिशत प्रतिनिधित्व करती हैं। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिला आरक्षण विधेयक बड़े चुनावी सुधारों जैसे राजनीति का अपराधीकरण और पार्टी के अंदर लोकतंत्र से ध्यान हटा सकता है। कुछ विरोधियों का तर्क है कि महिलाओं के लिए आरक्षण पुरुष उम्मीदवारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है जिन्हें दो-तिहाई सीटों पर चुनाव लड़ना होगा। यह तर्क दिया जाता है कि यह महिलाओं की असमान स्थिति को बनाए रखेगा क्योंकि उन्हें गुणवत्ता के आधार पर निर्वाचित नहीं होने के रूप में देखा जाएगा।

## हर 30 सेकेंड में कांग्रेस का नाम लिया



भाजपा हमेशा महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ रही है और यही वजह है कि इस बार उसने महिला आरक्षण की आड़ में परिस. ीमन लाने का षड्यंत्र किया, जिसके कारण संसद में पेश संविधान संशोधन विधेयक गिर गया और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी, भाजपा शुरू से ही महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती है, यह हमेशा महिला आरक्षण के विरुद्ध रही है और यही कारण था कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी 1990 में महिलाओं को आरक्षण देने के लिए संविधान संशोधन विधेयक लेकर आए थे, तो भाजपा ने इसका विरोध किया था, जिसके कारण वह विधेयक संसद में पारित नहीं हो सका था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डरे हुए हैं, इसलिए उन्होंने राष्ट्र के नाम शनिवार को 29 मिनट के संबोधन में 58 बार, यानी लगभग हर 30 सेकंड में कांग्रेस का नाम लिया।

-सुप्रिया श्रीनेत, प्रवक्ता, कांग्रेस

# इस साल लोगों को झुलसाएगी गर्मी





एम. इमरान

भारत में वर्ष 2026 का गर्मी का मौसम सामान्य से अधिक तीव्र होने की आशंका के साथ शुरू हो चुका है। मौसम वैज्ञानिकों और विभिन्न एजेंसियों के अनुसार इस बार गर्मी जल्दी आई है और आने वाले दिनों में इसका प्रभाव और अधिक बढ़ने वाला है, विशेष रूप से पश्चिमी भारत जैसे राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और पश्चिमी मध्य प्रदेश में इसका असर अधिक दिखाई देगा।

### बढ़ती गर्मी का वर्तमान परिदृश्य

साल 2026 की शुरुआत से ही भारत में मौसम के पैटर्न में बदलाव देखने को मिला है। फरवरी महीने में ही कई शहरों में तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया, जिससे यह संकेत मिल गया था कि इस बार गर्मी जल्दी और अधिक तीव्र रूप में आएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार मार्च से मई के बीच देश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक गर्मी और अधिक हीटवेव (लू) वाले दिन देखने को मिल सकते हैं। इस वर्ष तापमान कई क्षेत्रों में सामान्य से 4 से 8 डिग्री सेल्सियस तक अधिक दर्ज किया गया है, जो यह दर्शाता है कि गर्मी का प्रभाव पहले से ही तेज हो चुका है। यह स्थिति बताती है कि भारत में गर्मी का मौसम अब केवल मई-जून तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि मार्च और अप्रैल में ही भीषण गर्मी महसूस होने लगी है।

### पश्चिमी भारत में गर्मी की स्थिति

पश्चिमी भारत, जिसमें मुख्य रूप से राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र के कुछ हिस्से आते हैं, हर साल गर्मी के लिए जाना जाता है, लेकिन 2026 में इस क्षेत्र में स्थिति और अधिक गंभीर होती दिखाई दे रही है। हाल ही में गुजरात के कई शहरों में तापमान 40 डिग्री से ऊपर पहुंच गया है। अहमदाबाद और कच्छ क्षेत्र में भी तेज गर्मी देखी गई। राजस्थान और पश्चिमी मध्य प्रदेश में भी गर्म हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। कई क्षेत्रों में दिन के समय तेज धूप और रात में भी गर्मी बनी रहने की समस्या सामने आ रही है, जिससे लोगों को राहत नहीं मिल पा रही। मुंबई जैसे तटीय शहरों में भी स्थिति अलग प्रकार की है। वहां तापमान भले ही थोड़ा कम हो, लेकिन आर्द्रता के कारण फील लाइक तापमान अधिक हो जाता है, जिससे शरीर पर गर्मी का असर ज्यादा पड़ता है। इस तरह पश्चिमी भारत में गर्मी का प्रभाव दो रूपों में दिख रहा है-

- आंतरिक क्षेत्रों में अत्यधिक तापमान और लू
- तटीय क्षेत्रों में गर्म और उमस भरा मौसम

दोनों ही स्थितियां स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकती हैं।

### गर्मी बढ़ने के प्रमुख कारण

भारत में इस वर्ष बढ़ती गर्मी के पीछे कई वैज्ञानिक और पर्यावरणीय कारण हैं। इनमें प्रमुख निम्नलिखित हैं-

**एल नीनो का प्रभाव**-वैज्ञानिकों का मानना है कि 2026 में एल नीनो की स्थिति विकसित हो सकती है, जिससे भारत में तापमान बढ़ता है और मानसून कमजोर पड़ता है। एल नीनो के कारण समुद्र के तापमान में वृद्धि होती है, जिससे वायुमंडलीय दबाव और हवा के पैटर्न में बदलाव आता है, और इसका सीधा असर भारत के मौसम पर पड़ता है।

**कम वर्षा और सूखा**-रिपोर्टों के अनुसार इस साल मानसून सामान्य से कम रहने की संभावना है, जिससे गर्मी और अधिक बढ़ सकती है।

**कम वर्षा का मतलब है-**

- **मिट्टी में नमी की कमी**
- **जल स्रोतों का सूखना**
- **तापमान में तेजी से वृद्धि**

### जलवायु परिवर्तन

पिछले कुछ वर्षों में वैश्विक तापमान लगातार बढ़ रहा है। इसका प्रभाव भारत पर भी साफ दिखाई दे रहा है।

गर्मी के दिनों की संख्या बढ़ रही है व हीटवेव तीव्र हो रही हैं। वैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि भविष्य में यह स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### शहरीकरण और कंक्रीट का प्रभाव

बड़े शहरों में कंक्रीट और डामर की वजह से हीट आइलैंड प्रभाव बढ़ जाता है, जिससे शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से अधिक हो जाता है।

### पश्चिमी भारत में संभावित प्रभाव

आने वाले दिनों में बढ़ती गर्मी का असर कई क्षेत्रों पर पड़ सकता है-

**स्वास्थ्य पर प्रभाव**- हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन के मामले बढ़ सकते हैं

- बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक
- लंबे समय तक धूप में रहने वालों पर गंभीर असर

रिपोर्ट्स में अस्पतालों में गर्मी से संबंधित बीमा. रियों के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है।

**कृषि पर प्रभाव**-

- फसलों की पैदावार कम हो सकती है
- गेहूं जैसी फसलें प्रभावित हो सकती हैं
- सिंचाई की मांग बढ़ेगी

**जल संकट**-

- पानी की कमी बढ़ सकती है
- भूजल स्तर नीचे जा सकता है
- शहरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है

### बिजली की मांग में वृद्धि

- एयर कंडीशनर और कूलर के उपयोग से बिजली की मांग बढ़ेगी
- इससे बिजली कटौती की संभावना भी बढ़ सकती है

### लोगों के जीवन पर असर

गर्मी का असर सिर्फ स्वास्थ्य या कृषि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आम जीवन को भी प्रभावित करता है।

- दोपहर के समय बाजारों में भीड़ कम हो जाती है
- कामकाजी लोगों का समय बदला जा रहा है
- स्कूलों के समय में भी बदलाव किया जा रहा है

इसके अलावा निर्माण कार्य और बाहरी श्रमिकों को सबसे ज्यादा कठिनाई का सामना करना पड़ता है।

### बचाव के उपाय और सावधानियां

गर्मी से बचने के लिए कुछ महत्वपूर्ण उपाय अपनाए जा सकते हैं-

**व्यक्तिगत सावधानियां**-

दोपहर 11 बजे से 4 बजे तक धूप से बचें

- हल्के और ढीले कपड़े पहनें
- पर्याप्त पानी पिएं
- सिर को ढककर रखें

### स्वास्थ्य संबंधी उपाय

- ORS या नींबू पानी का सेवन करें
- ज्यादा थकान होने पर तुरंत आराम करें
- बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें

# ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का अद्भुत देश

**पूर्वी ग्रीनलैंड का सबसे बड़ा शहर तसिल्लाक ऊंचे पहाड़ों और गहरे फजॉर्ड से घिरा हुआ है। यह स्थान स्थानीय इनुइट संस्कृति को जानने और नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए जाना जाता है। सर्दियों में स्कीइंग और डॉग स्लेजिंग यहां की खास गतिविधियां हैं। वहीं यहां दुनिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है और लगभग पूरी तरह मानव-रहित है। यहां ध्रुवीय भालू, आर्कटिक लोमड़ी, वालरस और दुर्लभ पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। प्रकृति प्रेमियों और रिसर्चर्स के लिए यह जगह बेहद खास है।**


ग्रीनलैंड आर्कटिक क्षेत्र का एक अद्भुत और रहस्यमय देश है, जो अपनी बर्फीली दुनिया, विशाल ग्लेशियरों, तैरते हिमखंडों (Icebergs) और रंग-बिरंगे घरों के लिए जाना जाता है। यहां की कच्ची-पक्की प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और रोमांचक गतिविधियां इसे दुनिया के सबसे अनोखे पर्यटन स्थलों में शामिल करती हैं। अगर आप प्रकृति, एडवेंचर और शांति- तीनों का अनुभव करना चाहते हैं, तो ग्रीनलैंड एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है। आइए जानते हैं ग्रीनलैंड के 10 सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थलों के बारे में।

**इलुलिसैट आइसफ्योर्ड**

इलुलिस्सात आइसफजॉर्ड यूनेस्को यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, यहां आप विशाल हिमखंडों को तैरते हुए देख सकते हैं। यहां समुद्र में तैरते विशालकाय हिमखंडों को देखना एक आध्यात्मिक अनुभव जैसा है। ग्लेशियर से बर्फ के टूटने की आवाज और नीले पानी में उनकी शांति अद्भुत सुकून देती है।

**नुक (छनना)-दुनिया की सबसे छोटी राजधानी**

पहाड़ों और समुद्र से घिरी ग्रीनलैंड की राजधानी नुक, आधुनिकता और परंपरा का संगम है। यहां का ग्रीनलैंड नेशनल म्यूजियम और तट पर बनी मदर ऑफ द सी की मूर्ति देखने लायक है। इसी के साथ रंगीन घर मुख्य आकर्षण हैं। यहां की ताजी हवा आत्मा को तरोताजा कर देती है।



**डिस्को खाड़ी**

यह क्षेत्र व्हेल वाचिंग के लिए प्रसिद्ध है। नाव में बैठकर हम्पबैक और मिंक व्हेल को उछलते हुए देखना प्रकृति के साथ गहरा जुड़ाव महसूस कराता है। डिस्को द्वीप ज्वालामुखीय परिदृश्य, लाल बेसाल्ट पर्वत और हरे-भरे नजारों के लिए प्रसिद्ध।

**केंगरलुसुआक**

यदि आप विशाल ग्रीनलैंड आइस शीट पर चलना चाहते हैं, तो यहां जरूर जाएं। यह जगह नॉर्दर्न लाइट्स देखने के लिए दुनिया के सबसे साफ आसमान वाली जगहों में से एक है।

**इक्वि ग्लेशियर**

इक्विप सेर्मिया ग्लेशियर इसे कैल्विंग ग्लेशियर भी कहते हैं। यहां आप सुरक्षित दूरी से ग्लेशियर के विशाल टुकड़ों को समुद्र में गिरते हुए देख सकते हैं। प्रकृति की इस अपार शक्ति को करीब से देखना रोमांच भर देता है। इसे ष्बर्फ की दीवारष कहा जाता है, जहां ग्लेशियर को टूटते हुए देखना एक अद्भुत अनुभव है।

**उनार्तोक हॉट स्प्रिंग्स-प्राकृतिक गर्म झरने**

बर्फ के बीचों-बीच प्राकृतिक गर्म पानी के कुंड में नहाना आपकी सारी थकान मिटा देगा। चारों ओर तैरते बर्फ के टुकड़ों को देखते हुए गर्म झरने का आनंद लेना एक परम सुखद अनुभव है। इसे उनाटोक भी कहते हैं। बर्फ के बीच प्राकृतिक गर्म पानी के झरने में नहाने का अनूठा अनुभव।

**स्कोर्सबी संड या स्कोर्सबिसंड**

यह दुनिया का सबसे बड़ा फ्योर्ड सिस्टम है। यहां की शांति, गहरी घाटियां और जंगली जानवर जैसे ध्रुवीय भालू और कस्तूरी बैल इसे किसी परीकथा जैसा बनाते हैं। दुनिया का सबसे लंबा फजॉर्ड, जो शानदार प्राकृतिक नजारे पेश करता है।

**सिसिम्युट- बर्फ में ढंके रंग-बिरंगे घर बर्फ**

यह ग्रीनलैंड का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। यहां आप डोग स्लेजिंग का लुत्फ उठा सकते हैं। यहां के रंग-बिरंगे घर बर्फ की सफेद चादर पर किसी पेंटिंग जैसे लगते हैं।

-साभार डब्ल्यू.डी.

# केंद्रीय सतर्कता आयोग : दंतहीन शेर या आशा की किरण



विनीत नारायण

सभी जानते हैं कि भारत में भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हैं। सरकारी मशीनरी में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए 1964 में स्थापित केंद्रीय सतर्कता आयोग सीवीसी आज भी भ्रष्टाचार विरोधी लड़ाई का प्रमुख हथियार माना जाता है, लेकिन हाल के वर्षों में सीवीसी के पास लंबित मामलों की संख्या ने चिंता का विषय बना दिया है। सीवीसी की 2024 की वार्षिक रिपोर्ट (जो 31 अगस्त 2025 को जारी की गई और 31 दिसंबर 2024 तक के आंकड़ों पर आधारित है) के अनुसार, सीबीआई द्वारा जांचे गए 7,072 भ्रष्टाचार के मामले अदालतों में लंबित हैं, जिनमें से 379 मामले 20 वर्ष से अधिक पुराने हैं। 2,660 मामले 10 वर्ष से ज्यादा लंबित हैं। यह आंकड़ा न केवल न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति को दर्शाता है, बल्कि सीवीसी की निगरानी वाली पूरी व्यवस्था की कमजोरियों को भी उजागर करता है। विभागीय जांच, अनुशासनिक कार्यवाही और अभियोजन स्वीकृति में देरी के कारण आम नागरिक का भ्रष्टाचार विरोधी संस्थानों में विश्वास डगमगाता जा रहा है।

गौरतलब है कि सीवीसी स्वयं जांच एजेंसी नहीं है। यह शिकायतों की समीक्षा करता है, विभागीय मुख्य सतर्कता अधिकारियों ढ्ढसीवीओ्ढ्ढ को निर्देश देता है और सीबीआई को जांच सौंपता है। लेकिन वास्तविक कार्यवाही अन्य एजेंसियों पर निर्भर है। पहला कारण है मानव संसाधनों की कमी। सीवीसी के पास सीमित स्टाफ है, जबकि केंद्रीय मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के




उपक्रमों और बैंकों में हजारों मामले आते हैं। सीवीओ अक्सर अंशकालिक होते हैं और उनके पास अन्य जिम्मेदारियां भी होती हैं। दूसरा, प्रक्रियागत देरी। प्रारंभिक जांच से लेकर प्रमुख दंड की अनुशंसा तक कई चरण हैं। सीवीसी ने 2020 में समय-सीमा निर्धारित की थी, लेकिन मंत्रालय अक्सर अभियोजन स्वीकृति में देरी करते हैं। 2024 रिपोर्ट में ही 46 संगठनों से 200 मामले अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित बताए गए।

तीसरा, अदालती लंबितता। भारत में कुल 5।5 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। भ्रष्टाचार के मामले जटिल होते हैं। साक्ष्य इकठा करना, गवाहों की उपलब्धता और राजनीतिक दबाव, आदि इन सबके कारण ट्रायल सालों तक खिंच जाते हैं।चौथा कारण संस्थागत। सीवीसी की सिफारिशें सलाहकारी होती हैं, बाध्यकारी नहीं। 2024 में 23 महत्वपूर्ण मामलों में विभागों ने सीवीसी की सलाह को कमजोर कर दिया या नजरअंदाज कर दिया। यह स्थिति 'विनीत नारायण' मामले (1998) में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बावजूद बनी हुई है, जिसके परिणामस्वरूप मौजूदा सीवीसी एक्ट, 2003 बना। कोर्ट ने सीवीसी को स्वायत्तता देने के लिए कहा था, लेकिन कानून में इसे पर्याप्त दांत नहीं दिए गए। नतीजा सीवीसी को 'दंतहीन शेर' कहा जाने लगा। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' फैसले ने सीवीसी को 'वैधानिक निकाय' का दर्जा दिलाया। चयन समिति में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और विपक्ष के नेता शामिल हैं, ताकि राजनीतिक हस्तक्षेप रोका जा सके। लेकिनपी जे थॉमस मामले (2011) में कोर्ट ने 'संस्थागत अखंडता' पर जोर दिया। फिर भी आज सीवीसी को दंतहीन क्यों माना जाता है? क्योंकि कानून में सीवीसी को स्वतंत्र जांच का अधिकार नहीं दिया गया। यह सीबीआई पर निर्भर है, जो स्वयं राजनीतिक दबाव में आ सकती है। सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं, इसलिए विभाग अनुशासनिक कार्यवाही में अपनी मर्जी चला सकते हैं। सीवीसी की सीमा 'ग्रुप ए' अधिकारियों और पीएसयू तक सीमित है। मंत्रियों और सांसदों पर इसका अधिकार नहीं। संसाधनों की कमी, स्टाफ की अपर्याप्तता और राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी ने इसे कमजोर बना दिया। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि सुप्रीम कोर्ट के इरादे को कानून ने पूरा नहीं किया, नया गठन स्वायत्तता का दिखावा भर है। सवाल उठता है कि समस्या जटिल है, लेकिन क्या समाधान संभव है? जहां चाह वहां राह, सीवीसी ने पहले ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया है। इसमें सभी विभागीय जांचों को सीवीसी पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए और AI आधारित ट्रैकिंग सिस्टम लगाया जाए, ताकि हर चरण की समय-सीमा की निगरानी हो। सीवीसी की 2020 की गाइडलाइंस को कानूनी रूप दें, अभियोजन स्वीकृति 3 महीने में अनिवार्य हो। देरी पर विभागीय अधिकारियों पर दंड का प्रावधान हो। भ्रष्टाचार के मामलों के लिए विशेष अदालतें बढ़ाई जाएं और सीबीआई-सीवीसी मामलों को प्राथमिकता दी जाए। सीवीसी को अधिक टेक्निकल एग्जामिनर्स और जांच अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। सीवीसी सिफारिशों को आंशिक रूप से बाध्यकारी बनाया जाए, जैसे प्रमुख दंड की अनुशंसा को केवल उच्च स्तरीय समिति ही बदल सके। उल्लेखनीय है कि जब भी किसी विभाग से कुछ उम्मीद की जाती है तो वो हमेशा मानव संसाधनों की कमी का बहन बनाते हैं परंतु शायद सीवीसी जैसे बड़े संगठनों को इस बात की जानकारी नहीं है कि देश भर में सेवानिवृत अधिकारियों की एक अनूठी ताकत है जो अक्सर अनदेखी रह जाती है। गौरतलब है कि इन रिटायर्ड आईएएस, आईपीएस, आईआरएस या इंजीनियरिंग व बैंकिंग सेवाओं के अधिकारियों के पास 30-40 वर्ष की सेवा का अमूल्य अनुभव है। वे विभागीय प्रक्रियाओं की बारीकियां जानते हैं। कौन सा नियम किस तरह का 'लूपहोल' पैदा करता है, फाइल कैसे घुमाई जाती है, टेंडर में घोटाला कैसे होता है।वे दस्तावेजों को देखकर तुरंत अनियमितताएं पकड़ लेते हैं, जो युवा अधिकारियों को मुश्किल लगती हैं। सेवानिवृत्त अधिकारी सीवीओ के रूप में या सलाहकार के रूप में काम कर सकते हैं। वे प्रशासनिक कार्यप्रणाली को खूब समझते हैं, इसलिए अनुशासनिक कार्यवाही में उचित सलाह दे सकते हैं। जो कि न्यायसंगत लेकिन सख्त साबित हो सकती है। सीवीसी को एक 'रिटायर्ड ब्यूरोक्रेट्स एडवाइजरी पैनल' बनाना चाहिए, जहां अनुभवी अधिकारी पार्ट टाइम आधार पर जटिल मामलों की समीक्षा करें। इससे न केवल लंबितता कम होगी, बल्कि युवा स्टाफ को मेंटरशिप भी मिलेगी। उनकी निष्पक्षता और अनुभव सीवीसी को विश्वसनीय बनाएगा। सीवीसी में लंबितता सिर्फ आंकड़ों की समस्या नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता की समस्या है। सुप्रीम कोर्ट के 'विनीत नारायण' के फैसले ने जो सपना देखा था, उसे पूरा करने के लिए सीवीसी एक्ट में संशोधन जरूरी है। सेवानिवृत्त नौकरशाहों को सक्रिय रूप से जोड़कर, डिजिटल ट्रैकिंग और बाध्यकारी सिफारिशों से सीवीसी को मजबूत बनाया जा सकता है। तभी भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी और 'दंतहीन शेर' सच्चा शिकारी बनेगा। सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज को मिलकर इस दिशा में कदम उठाने होंगे। अन्यथा, भ्रष्टाचार मुक्त भारत का सपना अधूरा रह जाएगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



जम्मू-कश्मीर। डोडा जिले के भदेरवाह के पास तीन महीने से अधिक समय तक हिमपात के कारण बंद रहने के बाद फिर से खोले गए भदेरवाह-चंबा अंतर्राज्यीय मार्ग के पास से यात्रा करते सुरक्षाकर्मी।

## तुर्की यूक्रेन से गैस पाइपलाइनों पर हमला नहीं करने की गारंटी ले: रूस

**मास्को।** रूस ने तुर्की से बार-बार यह अपील की है कि वह यूक्रेन से इस बात की गारंटी ले कि 'तुर्कस्ट्रीम' और 'ब्लू स्ट्रीम' गैस पाइपलाइन बुनियादी ढांचे पर कोई हमला नहीं किया जाएगा। रूसी उप विदेश मंत्री अलेक्जेंडर ग्रुश्को ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि काला सागर के नीचे तुर्की को गैस आपूर्ति करने वाली पाइपलाइनों पर यूक्रेन द्वारा लगातार किए जा रहे हमलों को देखते हुए, हमने अपने तुर्की भागीदारों से बार-बार आग्रह किया है। हमने उनसे कहा है कि वे यूक्रेनी पक्ष को स्पष्ट और कड़े संकेत भेजें और मांग करें कि वे इस तरह के आक्रामक कृत्यों को तुरंत रोकें तथा भविष्य में भी ऐसा न होने की गारंटी दें।

# नेतन्याहू के गुस्से से घबराए डोनाल्ड ट्रम्प!

## इजरायल को बताया अब महान सहयोगी, पहले लेबनान में हमलों को लेकर कही थी एयरस्ट्राइक रोकने की बात

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी ईरान संकट और इजरायल-लेबनान तनाव के बीच अमेरिका और इजरायल के रिश्तों में भी हलचल देखने को मिली है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ताजा बयानों ने कूटनीतिक स्तर पर नई बहस छेड़ दी है। यह बयान ऐसे समय में आया है जब संयुक्त राज्य अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है।

क्षेत्रीय अस्थिरता के इस दौर में, विशेष रूप से युद्धविराम प्रोटोकाल और होर्मुज जलडमरूमध्य में समुद्री संचालन की सुरक्षा को लेकर बातचीत जटिल बनी हुई है। डोनाल्ड ट्रम्प ने पहले टूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा था कि इजरायल को लेबनान में एयरस्ट्राइक रोकनी होगी। उन्होंने लिखा था कि 'अब बहुत हो गया', जिससे यह संकेत गया कि अमेरिका ने इजरायल को सैन्य कार्रवाई रोकने का निर्देश दिया है। इस बयान के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया। विवाद बढ़ने के बाद ट्रम्प ने अपने रुख में नरमी दिखाई और इजरायल की तारीफ करते हुए उसे अमेरिका का महान सहयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इजरायल साहसी, मजबूत, वफादार और समझदार देश है, जो कठिन परिस्थितियों में भी मजबूती से खड़ा रहता है। ट्रम्प के इस बयान को उनके पहले दिए गए सख्त संदेश के उलट माना जा रहा है, जिससे राजनीतिक हलचल और बढ़ गई है। अमेरिकी अधिकारियों ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि समझौता केवल आक्रामक सैन्य अभियानों पर रोक लगाता है, लेकिन आत्मरक्षा का अधिकार सुरक्षित रहता है। इस बयान से यह स्पष्ट करने की कोशिश की गई कि इजरायल अपनी सुरक्षा से जुड़े कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है। हिजबुल्लाह नेता नईम कासिम ने इजरायल के साथ चल रहे 10-दिवसीय युद्धविराम को बनाए रखने के लिए कुछ शर्तें सामने रखी हैं। अल जजीरा को दिए इंटरव्यू में कासिम ने कहा कि शांति तभी संभव है जब सभी प्रकार की सैन्य कार्रवाई (हवाई, जमीनी और समुद्री) पूरी तरह बंद हो। उन्होंने यह भी मांग की कि अगले चरण में इजरायल को लेबनान की जमीन से पूरी तरह हटना होगा।



■ इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और उनके सलाहकारों में चिंता बढ़ गई और व्हाइट हाउस से स्पष्टीकरण मांगा गया

### सीजफायर के बीच लेबनान में इजरायली हमले जारी

**बेरूत।** लेबनान में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायली सेना ने एक बार फिर दक्षिणी हिस्से में हवाई और तोपखाने हमले किए हैं। इजरायली सेना ने इन कार्रवाईयों को खतरे के खिलाफ उठाया गया कदम बताया है, जो कथित तौर पर नई येलो लाइन के दक्षिण में स्थित थे। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, बेरूत से जुड़े संवाददाता ने बताया कि रविवार को इजरायल ने कई गांवों में लगातार गोलाबारी और मशीनगन से फायरिंग की। इसके साथ ही दो अलग-अलग हवाई हमले भी किए गए। पहला हमला हिजबुल्ला के उन लड़ाकों पर किया गया, जो इजरायल के अनुसार येलो लाइन के करीब पहुंच रहे थे, लेकिन उसे पार नहीं किया था। रिपोर्ट में कहा गया कि यह गतिविधि रेखा के उत्तर में हुई थी, न कि उसके भीतर। दूसरा हमला एक व्यक्ति पर किया गया, जो एक सुरंग के प्रवेश द्वार की ओर बढ़ रहा था, जो येलो लाइन के दक्षिण में स्थित बताया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### इटली में गोली मारकर दो भारतीयों की हत्या

**रोम।** इटली में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां दो भारतीय नागरिकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह घटना उत्तरी इटली के बर्गामो प्रांत के कोवो इलाके में हुई। जानकारी के अनुसार, यह हमला शुक्रवार रात हुआ। दोनों लोग एक वेयरहाउस से बाहर निकल रहे थे, जिसे धार्मिक गतिविधियों और वैसाखी समारोह के दौरान सभा स्थल के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा था। यह जगह गुरुद्वारा माता साहिब कौर जी के पास स्थित है। बता दें कि मृतकों की पहचान 48 वर्षीय रागिंदर सिंह, जो कोवो में रहते थे और अग्नाडेलो के निवासी 48 वर्षीय गुरमीत सिंह के रूप में हुई है।

### बंगलादेश में ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी

**ढाका।** पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर बंगलादेश सरकार ने ईंधन की कीमतों में भारी बढ़ोतरी कर दी है। बंगलादेशी समाचार पत्र 'द डेली स्टार' की रिपोर्ट के अनुसार, शनिवार रात से इन नई दरों को लागू होने के बाद पेट्रोल की कीमत 116 टका से बढ़कर 135 टका (करीब 1.10 डॉलर) प्रति लीटर हो गई है। इसी तरह डीजल 100 टका से बढ़कर 115 टका और केरोसिन 112 टका से बढ़कर 130 टका प्रति लीटर हो गया है।

### मेक्सिको के बार में सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत: रिपोर्ट

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के मोरेलोस राज्य में एक बार में हुए सशस्त्र हमले में आठ लोगों की मौत हो गई। 'एन' प्रसारक ने यह जानकारी दी। चैनल के अनुसार, गोलीबारी की सूचना मिलने के बाद पुलिस को बार के अंदर आठ लोग बेहोश मिले। यह घटना शनिवार तड़के अयाला नगर पालिका के एनेनेकुइल्को कस्बे में हुई। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, स्थानीय निवासियों ने कई गोलियों की आवाज सुनी, जिसके बाद सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंचे। मोरेलोस राज्य अभियोजक कार्यालय जांच का नेतृत्व कर रहा है।

# ईरानी सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध को तैयार

## हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है, अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है: संसद अध्यक्ष



■ ईरानी विदेश मंत्रालय ने अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन की यूरोपीय संघ की अपील को किया खारिज

**मॉस्को।** ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने कहा कि मध्य पूर्व में संघर्ष के समाधान के लिए वाशिंगटन और तेहरान के बीच जारी बातचीत के बावजूद, ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रेस टीवी ने गालिबफ के हवाले से कहा कि हमें दुश्मन पर भरोसा नहीं है। अभी भी, जब हम यहां बैठे हैं, युद्ध छिड़ सकता है। सशस्त्र बल जमीन पर पूरी तरह से युद्ध के लिए तैयार हैं। प्रसारक के अनुसार, संसद अध्यक्ष ने इस बात से इन्कार किया कि जारी बातचीत से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति लापरवाही हो सकती है। गालिबफ ने कहा कि हमारा मानना है कि बातचीत के कारण सशस्त्र बल तैयार नहीं हैं। इसके विपरीत, सड़कों पर आम लोगों की तरह, हमारे सशस्त्र बल भी तैयार हैं। इससे पहले, पाकिस्तानी प्रसारक जियो टीवी ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता का दूसरा दौर इस्लामाबाद में अगले सप्ताह के अंत में होने की संभावना है। 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए, जिनमें 3,000 से अधिक लोग मारे गए। 8 अप्रैल को वाशिंगटन और तेहरान ने दो सप्ताह के लिए युद्धविराम की घोषणा की। इस्लामाबाद में हुई बाद की बातचीत बेनतीजा रही। हालांकि शत्रुता फिर से शुरू करने की कोई घोषणा नहीं की गई, लेकिन अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी है। मध्यस्थ बातचीत का एक नया दौर आयोजित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी बीच ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के आवागमन की स्थिति को देखते हुए अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुपालन के लिए यूरोपीय संघ की अपील को खारिज करते हुए इसे 'चरम पाखंड' बताया। बगाई यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कल्लास के 17 अप्रैल के पोस्ट पर टिप्पणी कर रहे थे, जिसमें उन्होंने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के लिए बिना शुल्क और टोल मुक्त आवागमन सुनिश्चित करने का आह्वान किया था। कल्लास ने अपने पोस्ट में कहा था कि 'अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुसार' होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन बिना शुल्क और टोल मुक्त होना चाहिए। बगाई ने कल्लास की पोस्ट के जवाब में 'एक्स' पर कहा कि अरे, वो 'अंतर्राष्ट्रीय कानून'?! वही कानून जिसका हवाला देकर यूरोपीय संघ दूसरों को उपदेश देता है, जबकि चुपचाप अमेरिका-इजरायल के आक्रामक युद्ध को हरी झंडी देता है और ईरानियों पर हो रहे अत्याचारों को अनदेखा करता है?! उपदेश देना बंद करो, यूरोप की अपने उपदेशों पर अमल न करने की आदत ने उसके 'अंतर्राष्ट्रीय कानून' के वादों को पाखंड की पराकाष्ठा में बदल दिया है। राजनयिक ने इस बात पर जोर दिया कि अंतर्राष्ट्रीय कानून का कोई भी प्रावधान ईरान को, एक तटीय राज्य होने के नाते कि होर्मुज जलडमरूमध्य का इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य आक्रमण के लिए होने से रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने से नहीं रोकता है। ईरानी आईआरजीसी नौसेना ने घोषणा की कि उसने शनिवार शाम से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिया है, और यह तब तक लागू रहेगा जब तक अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी पूरी तरह से हटा नहीं ली जाती। अमेरिकी नौसेना ने 13 अप्रैल को होर्मुज जलडमरूमध्य के दोनों ओर स्थित ईरानी बंदरगाहों से आने-जाने वाले सभी समुद्री यातायात की नाकाबंदी शुरू कर दी। यह जलडमरूमध्य विश्व के लगभग 20 प्रतिशत तेल, पेट्रोलियम उत्पाद और एलएनजी आपूर्ति का स्रोत है।

### ईरान से युद्ध एपस्टीन विवाद से ध्यान भटकाने की चाल

■ अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का ट्रम्प पर हमला बोलीं: अमेरिकी जनता नहीं चाहती ईरान से जंग

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष अब जिद और ताकत की खतरनाक लड़ाई में बदल चुका है, जहां हालात हर दिन और विस्फोटक होते जा रहे हैं। एक महीने से ज्यादा समय तक चले अमेरिका और इजरायल का ईरान के साथ टकराव ने पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया। अब इसी उथल-पुथल के बीच अमेरिका की राजनीति भी इस आग में झुलसती नजर आ रही है। इसका बड़ा कारण है कि जारी तनाव के बीच अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर सीधा हमला बोलते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। हैरिस ने अपने बयान में कहा कि ट्रम्प को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के साथ सैन्य टकराव में खींच लिया है। बढ़ते तनाव के समय अमेरिकी उपराष्ट्रपति के इस बयान ने न सिर्फ अमेरिकी सत्ता में हलचल मचा दी है, बल्कि वैश्विक कूटनीति में भी नई बहस और तनाव को जन्म दे दिया है, जिससे हालात और ज्यादा विस्फोटक बनते जा रहे हैं। अपने बयान में कमला हैरिस ने इस पूरे घटनाक्रम को एक ऐसा कदम बताया जो अमेरिका की जनता की इच्छा के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि यह युद्ध ऐसा है जिसे अमेरिकी जनता नहीं चाहती, लेकिन फिर भी सरकार इसे आगे बढ़ा रही है। हैरिस ने आरोप लगाया कि यह युद्ध असल मुद्दों से ध्यान भटकाने की कोशिश है, खासकर एपस्टीन फाइल्स जैसे विवादों से। उनके मुताबिक, सरकार आपरेशन एपिक फ्यूरी जैसे अभियानों का इस्तेमाल लोगों का ध्यान हटाने के लिए कर रही है। मिशिगन में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए हैरिस ने ट्रम्प प्रशासन को अब तक का सबसे भ्रष्ट, बेरहम और अयोग्य प्रशासन बताया।

# कैपिटल हित में भारत लगाएगा प्रदर्शनी

■ पहलगाम हमले की पहली बरसी पर उजागर होगा पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का काला सच

■ इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है

**वाशिंगटन।** भारत एक बार फिर वैश्विक मंच पर आतंकवाद के मुद्दे को मजबूती से उठाने जा रहा है। अमेरिका की संसद भवन कैपिटल हिल में भारतीय दूतावास मंगलवार को 'द ह्यूमन कास्ट ऑफ टेररिज्म' शीर्षक से एक विशेष प्रदर्शनी का आयोजन करेगा। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद की सच्चाई को दुनिया के सामने लाना है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा करेंगे। यह आयोजन ऐसे समय में हो रहा है जब पाकिस्तान खुद को अमेरिका-ईरान संघर्ष में शांति दूत के रूप में पेश करने की कोशिश कर रहा है। यह प्रदर्शनी विशेष रूप से पहलगाम आतंकवादी हमले की पहली बरसी के अवसर पर आयोजित की जा रही है, जो आपरेशन सिंदूर के रूप में समाप्त हुआ था। यह पहली बार नहीं है जब भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा उठाया है। पिछले साल जुलाई में, जब पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अध्यक्ष था, भारत ने संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भी इसी तरह की एक प्रदर्शनी आयोजित की थी। इसका उद्देश्य वैश्विक समुदाय का ध्यान इस गंभीर मुद्दे पर केंद्रित करना था। यह डिजिटल प्रदर्शनी दुनिया भर में हुए भयावह आतंकवादी हमलों की एक विस्तृत श्रृंखला को प्रदर्शित करेगी। इसमें 1993 के मुंबई बम धमाके, 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले और हाल ही में हुए पहलगाम आतंकवादी हमला जैसे दिल दहला देने वाले कृत्य शामिल होंगे। प्रदर्शनी में प्रत्येक हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी संगठनों के नामों का भी उल्लेख किया जाएगा, जिनमें लश्कर-ए-तैयबा जैसे कई पाकिस्तान-आधारित व्यक्ति और संगठन शामिल हैं। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले की पहली बरसी है। इस हमले में पाकिस्तान आधारित आतंकी संगठनों ने बैसरन घाटी में पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलीबारी की थी, जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की मौत हो गई थी। यह हमला भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद की एक और भयावह मिसाल बनकर सामने आया था।



# दीपिका पादुकोण प्रेग्नेंसी में भी नहीं लेंगी ब्रेक

## दूसरी बार मां बनने की खबर के बाद भी जारी रखेंगी शूटिंग

**मुंबई।** अक्षय तृतीया के खास मौके पर, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने घोषणा की है कि वे एक बार फिर माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दीपिका ने रविवार को सोशल मीडिया पर अपनी बेटी 'दुआ' के साथ एक बहुत ही प्यारा पोस्ट शेयर किया और फैंस को अपनी दूसरी प्रेग्नेंसी की खुशखबरी दी। यह खबर सुनते ही फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और इंटरनेट पर जैसे हलचल मच गई है। प्रोडक्शन से जुड़े सूत्रों के हवाले से एक इंडस्ट्री सोर्स ने बताया कि अपनी प्रेग्नेंसी के बीच भी दीपिका पादुकोण फिल्म 'राका' के लिए इंटेंस एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं और वह अपनी पूरी प्रेग्नेंसी के दौरान इस फिल्म की शूटिंग जारी रखेंगी। दीपिका ने एक बहुत ही प्यारी तस्वीर शेयर की है जिसमें उनकी बेटी दुआ पादुकोण सिंह ने एक प्रेग्नेंसी टेस्ट पकड़ा हुआ है, जो यह खुशखबरी दे रहा है। तस्वीर में रणवीर और दीपिका दोनों के हाथ अपनी बेटी को बड़े प्यार से थामे हुए देखे जा सकते हैं, जो अब एक बड़ी बहन बनने वाली है। इस घोषणा को बहुत ही सिपल रखते हुए दीपिका ने कैप्शन में सिर्फ बुरी नजर से बचाने वाले इमोजी लगाए हैं। यह पोस्ट दीपिका और रणवीर दोनों ने मिलकर शेयर किया है।

# प. एशिया में तनाव का सीधा असर समुद्री रास्तों पर

## ईरानी नौसेना की होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग ने हालात को और भड़काया

**यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है**

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव अब खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है और इसका सीधा असर समुद्री रास्तों पर दिखने लगा है। ईरान की नौसेना द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में भारतीय झंडा लगे जहाजों पर फायरिंग की घटना ने हालात को और भड़का दिया है। यह वही रास्ता है, जहां से दुनिया का बड़ा हिस्सा तेल सप्लाई होता है, ऐसे में यह घटना बेहद गंभीर मानी जा रही है।

इसी बीच इस मामले में सामने आए एक आडियो क्लिप ने इस पूरे मामले को और गर्म कर दिया है। पूरी बात को ऐसे समझिए कि संकट के बीच जब होर्मुज का रास्ता खुला तब वहां के कई सारे जहाज गुजरने लगे, लेकिन फिर अचानक से ईरान ने यू-टर्न लेते हुए होर्मुज बंद करने का फैसला किया। इतना ही नहीं रास्ते में मौजूद सभी जहाजों को बलपूर्वक रोकने भी लगे। इसी क्रम में भारत के दो जहाज को भी रोका और फिर ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड्स (आईआरजीसी) की तरफ से जहाज पर गोलीबारी करने की भी बात कही गई, जिसके बाद से भारत में इस बात को लेकर खूब चर्चा चल रही है। अब इस मामले में नया मोड़ तब सामने आया, जब भारतीय सुपरटैंकर 'सनमार हेराल्ड' इराक से करीब 20 लाख बैरल तेल लेकर गुजर रहा था। तभी अचानक ईरानी गनबोट्स ने उस पर गोलीबारी शुरू कर दी। अब इस दौरान एक आडियो खूब सुर्खियों में है। मीडिया रिपोर्टस में दावा किया जा रहा है कि ये आडियो जहाज के कप्तान का है। आडियो में गोलीबारी से नाराज कप्तान को ईरानी नेवी को फटकार लगाते हुए सुना जा सकता है। सामने आए आडियो क्लिप में जहाज के कप्तान गुस्से में ईरानी नेवी के अधिकारी से कहते हैं कि पहले हमें जब रास्ता देने की अनुमति दी गई थी, फिर अचानक से ये हमला क्यों किया गया? कप्तान ने आडियो में इस बात पर भी जोर दिया कि वहां गुजरने के जब जहाजों को हरी झंडी दिखाया गया था, उस सूची में हमारा जहाज दूसरे नंबर पर था।


देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें

• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से

Since 2010

अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020

M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.

अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है 471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)

www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)


# उत्तर कोरिया ने दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

## हाई अलर्ट पर जापान, अमेरिका व दक्षिण कोरिया के साथ बातचीत जारी



■ यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है

**सियोल।** एशिया में एक बार फिर तनाव की लहर तेज हो गई है। रविवार को दक्षिण कोरिया ने दावा किया कि उत्तर कोरिया ने अपनी पूर्वी समुद्री सीमा की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी हैं। यह कदम ऐसे समय पर उठाया गया है, जब क्षेत्र पहले से ही सुरक्षा चुनौतियों और शक्ति संतुलन के दबाव से जूझ रहा है।

लगातार हो रहे मिसाइल परीक्षण न केवल पड़ोसी देशों के लिए चिंता का कारण बन रहे हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अस्थिरता की आशंका को बढ़ा रहे हैं। दक्षिण कोरियाई सेना के जाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ के अनुसार ये मिसाइलें रविवार सुबह उत्तर कोरिया के पूर्वी तटीय इलाके सिनपो से छोड़ी गईं। यह इलाका पहले भी मिसाइल परीक्षणों के लिए जाना जाता रहा है। दक्षिण कोरिया ने कहा है कि वह इस स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और अपनी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत कर दिया है। इतना ही नहीं रविवार सुबह जापान में उस समय हड़कंप मच गया, जब उत्तर कोरिया की ओर से कई बैलिस्टिक मिसाइल दागे जाने की खबर सामने आई। स्थिति को गंभीर मानते हुए जापान सरकार तुरंत हाई अलर्ट पर आ गई और देशभर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उत्तर कोरिया की ओर से कई मिसाइलें छोड़ी गईं। हालांकि शुरुआती जानकारी के अनुसार ये मिसाइलें जापान के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) के बाहर ही समुद्र में गिर गईं, जिससे किसी बड़े नुकसान की खबर नहीं है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि इस घटना के बाद जापान, संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया मिलकर स्थिति का विश्लेषण कर रहे हैं। सभी देश मिलकर यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि इन मिसाइलों का मकसद क्या था और आगे क्या खतरा हो सकता है। घटना के तुरंत बाद जापान सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय के संकट प्रबंधन केंद्र में एक आपात बैठक बुलाई। इस बैठक में सभी संबंधित मंत्रालयों और एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि वे तेजी से जानकारी जुटाएं और हर स्थिति के लिए तैयार रहें।


यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108